e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 19
गुरुवार
19.01.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
प्यार सभी से करे, लेकिन विश्वास कुछ लोगो पर ही करना चाहिए और कभी भी किसी को नुकसान न पहुंचाए।

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पिटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्यूनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### मुंबई हवाई अड्डे पर 4.54 करोड़ रुपये का सोना पेस्ट बरामद, दो गिरफ्तार

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई हवाई अड्डे पर 4.54 करोड़ रुपये मूल्य का 8.230 किलोग्राम सोने का पेस्ट बरामद किया है। इस मामले में डीआरआई ने दो यात्रियों को गिरफ्तार कर उनसे गहन पूछताछ कर रही है। डीआरआई सूत्रों ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम को गोपनीय जानकारी मिली थी कि दुबई से मुंबई आने वाले यात्रियों का एक सिंडिकेट पेस्ट के रूप में सोने की तस्करी कर रहा है। जानकारी के अनुसार मुंबई हवाई अड्डे पर डीआरआई अधिकारियों की टीम निगरानी कर रही थी। मंगलवार देर रात जैसे ही दो संदिग्ध यात्री हवाई अड्डे पर दिखे तो उन्हें रोका गया। दोनों की गहन तलाशी के बाद पेस्ट के रूप में 8.230 किलो सोना बरामद हुआ। अधिकारी ने कहा कि सोने की कीमत 4.54 करोड़ रुपये आंकी गई है। अधिकारी ने बताया कि बरामद किए गए ज्यादातर सोने को यात्रियों के अपने अंडरगारमेंट्स में छुपाया था, जिससे इसका पता लगाना बेहद मुश्किल हो गया था। दोनों यात्रियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की जांच की जा रही है।

### बीएसएफ के पूर्व डीजी पंकज कुमार सिंह डिप्टी एनएसए नियुक्त

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के रिटायर्ड महानिदेशक (डीजी) पंकज कुमार सिंह को उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) नियुक्त किया है। पंकज कुमार सिंह 31 दिसंबर, 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे। पंकज सिंह राजस्थान कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं। सिंह को दो साल की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर पुनर्नियुक्ति पर नियुक्त किया गया है। पंकज कुमार सिंह ने 31 अगस्त, 2021 को बीएसएफ की कमान संभाली थी। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पंकज कुमार सिंह के पास आईआईएम, अहमदाबाद से एमबीए के अलावा एलएलबी और एमफिल की डिग्री है। उन्होंने 2021 में पहली बार बीएसएफ का स्थापना दिवस टेकनपुर (मध्य प्रदेश) से बाहर राजस्थान के जैसलमेर में मनाने का विचार देश के सामने रखा। इस विचार ने सरकार को प्रभावित किया। सरकार ने अब सभी अर्धसैनिक बलों और यहां तक कि सेना को भी दिल्ली से बाहर अपना स्थापना दिवस मनाने का निर्देश दिया।

### गुरदासपुर में बीएसएफ ने पाक के ड्रोन को मार गिराया

**गुरदासपुर (पंजाब):** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 17/18 जनवरी की मध्य रात गुरदासपुर जिले के उंचा टकला गांव में पाकिस्तान के ड्रोन को मार गिराया। ड्रोन से गिराए गए पैकेट से चार चीन निर्मित पिस्तौल, आठ मैगजीन और 47 कारतूस बरामद हुए हैं। यह जानकारी बीएसएफ (सेक्टर गुरदासपुर) के डीआईजी प्रभाकर जोशी ने बुधवार सुबह दी। डीआईजी जोशी ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के आने की आवाज सुनाई देने पर जवानों ने लगभग 17 राउंड फायरिंग की। इसी बीच संदिग्ध ड्रोन से कुछ गिरने की आवाज आई। तलाशी लेने पर एक पैकेट बरामद हुआ। उसमें चार चाइना मेड पिस्तौल, आठ मैगजीन और 47 राउंड बरामद हुए। क्षेत्र में जांच की जा रही है। इस ड्रोन को मार गिराया गया।

### देवघर में अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो की मौत

**देवघर :** नगर थाना क्षेत्र के सारवां मधुपुर मार्ग भंडारों माली टोला के समीप ट्रैक्टर के कुचलने से बैजनाथपुर निवासी सोहन कुमार सिंह मौत हो गई। जानकारी मिलते ही बीडीओ व थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसेके पैतृक गांव भेजवाया। स्थानीय विधायक सह कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने भी घटना पर शोक संवेदना प्रकट की। उनके निर्देश में सारवां प्रखंड विकास पदाधिकारी जुहूर आलम ने तत्परता और संवेदना दिखाते हुए मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर उसकी पत्नी का विधवा पेंशन ऑन लाइन स्वीकृत भी कर दिया।

**सीएम ने कोडरमा तथा गिरिडीह जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

# नए साल में जोश के साथ कार्य करें अधिकारी : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** वर्ष 2023 क्रियान्वयन का वर्ष है। सरकार की कई योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो। योजनाएं धरातल पर उतरे और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को इसका लाभ मिले, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कड़ी में हर जिले में चल रही योजनाओं की लगातार निगरानी होगी।वरीय अधिकारियों के साथ मैं स्वयं जिलों में जाकर इसकी समीक्षा करूंगा। अगर कोई समस्या आ रही है तो उसकी गहराई तक जाएंगे और उसका समाधान करेंगे। ताकि, व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा सके। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गिरिडीह जिले के नगर भवन में गिरिडीह और कोडरमा जिले में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। बैठक में विधायक, डीजीपी, मुख्य सचिव के अलावे दोनों जिलों के सभी अधिकारी और राज्य स्तर के कई सचिव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नए वर्ष में नए जोश के साथ काम करें। अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर आप अपने कार्यों को सही तरीके से नहीं करेंगे तो समाज में अराजकता और अपराध समेत अन्य घटनाएं बढ़ जाएंगी।मुख्यमंत्री ने समीक्षा के क्रम में अधिकारियों से कहा कि आपने यहां विभिन्न योजनाओं की प्रगति का प्रेजेंटेशन काफी आकर्षक तरीके से दिया है लेकिन ग्राउंड रियलिटी कुछ और कहती है। हमें यथार्थ में जड़ को मजबूत करना है, ताकि सरकार की जो भी योजनाएं चल रही हैं, उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से और धरातल पर हो सके।

### गिरिडीह जिले के तिसरी अंचल के अंचल अधिकारी को निलंबित करने का सीएम ने दिया निर्देश

#### शहरीकरण हम सभी के लिए बड़ी चुनौती

मुख्यमंत्री ने कहा की ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर पलायन लगातार बढ़ रहा है। कोरोना काल में हमें पता चला कि यहां से बड़ी संख्या में काम के लिए लोगों का पलायन होता है। मेरा मानना है कि जिस तरह से शहरीकरण हो रहा है, वह हम सभी के लिए बड़ी चुनौती है। शहरों में सुविधाएं तो है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा समस्याएं भी हैं। गांव में आज भी लोग अपने घरों में बिना ताला लगाए कहीं जा सकते हैं पर शहरों में ऐसी स्थिति नहीं है । इसी वजह से सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने पर विशेष जोर दे रही है।

#### कोडरमा जिले के चंदवारा प्रखंड के बीडीओ तथा सतगावां के अंचल अधिकारी को शो कॉज

#### ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा रहे हैं कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में जिस तरह की सुविधाएं लोगों को मिल रही है, वैसी सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध हो, इसका प्रयास सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में बिजली, पानी, सड़क और इंटरनेट जैसी कनेक्टिविटी मजबूत किया जा रहा है ताकि इसका लाभ ग्रामीणों को अपने ही गांव -घर में मिल सके।

#### लोगों को अपने ही घर में काम दे सकें, इस पर सरकार का विशेष जोर



#### बैठक में पदाधिकारियों को मिले ये निर्देश

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य को 31 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश। सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों की पूरी लिस्ट गांववार तैयार करें, ताकि सभी ग्रामीण इसे आसानी से देख सकें।सरकारी योजनाओं का लाभ जो लोग गलत अथवा फर्जी तरीके से ले रहे हैं उनकी छानबीन कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

#### इन योजनाओं की हुई समीक्षा

इस बैठक में मुख्यमंत्री ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मनरेगा अन्तर्गत मानव दिवस सृजन, राजस्व न्यायालय, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं एवं जिलों के विधि-व्यवस्था की समीक्षा की।

**त्रिपुरा, नागालैंड, मेघालय विधानसभा चुनावः 16 और 27 फरवरी को मतदान, 2 मार्च को परिणाम**

# रामगढ़ विस क्षेत्र के लिए 27 को होगा उप चुनाव




एजेंसी

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने बुधवार को त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित कर दी। तीनों राज्यों की 60-60 विधानसभा सीटों के लिए एक-एक चरण में मतदान होगा। त्रिपुरा में 16 फरवरी और मणिपुर व मेघालय में 27 फरवरी को मतदान होंगे, जबकि 2 मार्च को चुनाव के नतीजे सुनाए जाएंगे।

इसके अलावा लक्षद्वीप की एक संसदीय सीट और 6 राज्यों अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र की विधानसभा सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा और 2 मार्च को नतीजे आएंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल के साथ नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी के रंग भवन ऑडिटोरियम में पत्रकार वार्ता के दौरान नागालैंड, मेघालय और त्रिपुरा विधानसभाओं के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की।

नागालैंड, मेघालय और त्रिपुरा विधानसभा का कार्यकाल क्रमश 12, 15 और 22 मार्च को समाप्त हो रहा है। तीनों में विधानसभा की 60 सीटें हैं। नागालैंड में 59, मणिपुर में 55 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। वहीं त्रिपुरा में 10 सीटें अनुसूचित जाति और 20 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हमारी टीमें 3 राज्यों में संयुक्त रूप से 62.8 लाख से अधिक मतदाताओं की सेवा करने के लिए तैयार होंगी।

इनमें 31.47 लाख महिला मतदाता, 97,000 80 से अधिक आयु के आईपीओ मतदाता और 31,700 विकलांग मतदाता शामिल हैं। 1.76 लाख से अधिक पहली बार मतदाता 3 राज्यों के चुनाव में भाग लेंगे।

# पलामू : मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने हथियार बनाकर बेचने और खरीदने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस कप्तान चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी की जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के कसवाखाड़ गांव का सूर्यदेव मिस्त्री हथियार बनाने और बेचने का काम करता है. सूचना को गंभीरता से लेते एक टीम गठित की गई. गठित टीम ने छापेमारी कर सूर्यदेव मिस्त्री समेत हथियार खरीदने आए उमेश सिंह और बिपिन बिहारी सिंह को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी के दौरान पुलिस ने घर से तैयार हथियार और हथियार बनाने का औजार बरामद किया है. घर से एक दोनाली बंदूक, एक एकनाली बंदूक, एक भरठूआ बंदूक, बंदूक का बट एक पीस, ट्रीगर गार्ड एक पीस, एक बाइक समेत हथियार बनाने वाले कई औजार मिले. जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया. वहीं गिरफ्तार तीनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया. बता दें कि सूर्यदेव मिस्त्री पूर्व में भी हथियार बनाने के आरोप में जेल जा चुका है. हथियार तैयार करने वाले फैक्ट्री के लोग एक हथियार तस्कर गिरोह से जुड़े हुए थे. गिरोह द्वारा आर्डर मिलने के बाद हथियार को तैयार कर बेचा जाता था. फैक्ट्री में देसी कट्टा, देसी रायफल, देसी दो नाली बंदूक समेत कई हथियारों को तैयार किया जाता था. तैयार हथियारों को पलामू समेत कई इलाकों में बेचा जाता था. इसी सूचना के आलोक मे पुलिस ने मौके से सूर्यदेव मिस्त्री, बिपिन बिहारी सिंह और उमेश सिंह को गिरफ्तार किया है. मौके से पुलिस ने तीन रायफल, तीन अर्धनिर्मित हथियार, हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को जब्त किया है. गिरफ्तार सूर्यदेव मिस्त्री कसवाखाड़ जबकि बिपिन बिहारी सिंह व उमेश सिंह किसैनी की रहने वाले हैं. सूर्यदेव सिंह 1994 में भी हथियार बनाने के आरोप में जेल गया था.जेल से निकलने के बाद वह फिर से हथियार बनाने की फैक्ट्री चलाना शुरू कर दिया था. पूछताछ में उसने पुलिस को बताया है कि पिछले कुछ वर्षो से वह हथियार तैयार कर रहा था. हथियार के लिए उससे एक गिरोह संपर्क करता था, जिसे वह हथियार बनाकर बेचता था. हथियार खरीदने वाले गिरोह नक्सली और अपराधियों को हथियार सप्लाई करता था.हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को स्थानीय बाजार से ही खरीदा जाता था.

# पिछले 8 वर्षों में देश ने खेलों के लिए अनुकूल माहौल बनाया : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**शिमला :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों के प्रति दोयम दर्जे की सोच को देश के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि इसके कारण असंख्य युवा और बेहिसाब प्रतिभाएं मैदान से दूर रहीं। पिछले 8-9 सालों में देश ने पुरानी मानसिकता को पीछे छोड़ कर खेलों के लिए बेहतर वातावरण बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्ती जिले में आयोजित किए जा रहे सांसद खेल महाकुंभ 2022-23 के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में बस्ती से लोकसभा सांसद हरीश द्विवेदी की पहल पर 2021 से किया जा रहा है।



इस मौके पर प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब खेलों को पाठ्येतर गतिविधि (एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज) माना जाता था। यानी इसे पढ़ाई से अलग केवल समय व्यतीत करने का जरिया समझा जाता था। इसलिए, पीढ़ी दर पीढ़ी समाज में एक मानसिकता विकसित हुई कि खेल इतना महत्वपूर्ण नहीं है। इस मानसिकता से देश को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस सोच की वजह से असंख्य युवा और बेहिसाब प्रतिभाएं मैदान से दूर रहीं। पिछले 8-9 सालों में देश ने इस पुरानी मानसिकता को पीछे छोड़कर खेलों के लिए बेहतर वातावरण बनाने का काम किया है। यही कारण है कि युवा अब खेल को करियर के रूप में चुनने लगे हैं। हमारे खिलाड़ियों के पास पर्याप्त संसाधन हों, ट्रेनिंग हों, टेक्निकल नॉलेज हों, इंटरनेशनल एक्सपोजर हो और उनके चयन में पारदर्शिता हो। इन सभी बातों की तरफ जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बस्ती महर्षि वशिष्ठ की पावन भूमि है। यह श्रम, साधना, तप और त्याग की भूमि है। एक खिलाड़ी के लिए उसका खेल भी साधना और तपस्या है, जिसमें वह खुद को तपाता रहता है। यह खेल महाकुंभ सभी प्रतिबद्ध खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करने का शानदार अवसर प्रदान करेगा।

उन्होंने खेलों के महाकुंभ के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्थानीय खिलाड़ियों को उड़ान भरने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लगभग 200 सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन किए। उन्होंने कहा, ÷मैं काशी से सांसद हूं। वहां भी इस तरह के खेल आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया है। कई जगहों पर इस तरह के खेल महाकुंभ का आयोजन कर सांसद खेल आयोजन कर नई पीढ़ी के भविष्य निर्माण का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सांसद खेल महाकुंभ' में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को 'भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्रों' में आगे के प्रशिक्षण के लिए चुना जा रहा है।

# त्रिपुरा में कांग्रेस नेता डॉ. अजय पर जानलेवा हमला, गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर:** त्रिपुरा में बाइक रैली के दौरान त्रिपुरा प्रदेश प्रभारी डॉ. अजय कुमार पर जानलेवा हमला हुआ है। इस घटना में अजय कुमार को चोट आई है.अभी तक इस बात की जानकारी नहीं लगी है कि हमला किसने किया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. घायल अवस्था में डॉ. अजय कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका एमआरआई हुआ है। घटना के बारे में डॉ. अजय ने बताया कि वे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र में



बाइक रैली पर थे. इसी दौरान मजलिसपुर के पास उनके उपर पत्थर, लाठी डंडा से राज्य के मंत्री सुशांतो चौधरी के मौजूदगी में बीजेपी समर्थको ने हमला कर दिया। इस दौरान उनके सिर और पीठ में रोड से मारा गया। उन्होंने बताया कि उस वक्त सीआरपीएफ के आईजी भी मौजूद थे। उन्होंने इलेक्शन कमिशन से पूछते हुए कहा कि इस तरह से पुलिस की मौजूदगी में एक पार्टी के प्रदेश प्रभारी और कार्यकर्ताओं पर हमला हो रहा है तो आम जनता का क्या होगा। इस पर इलेक्शन कमिशन को ध्यान देना होगा। डॉ अजय कुमार ने अपने ऊपर हमला का सीधा आरोप बीजेपी पर लगाया है। फिलहाल इस घटना के बाद त्रिपुरा में माहौल गर्म है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस ने इसे गंभीरता से लिया। बता दें कि चुनाव आयोग ने त्रिपुरा में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. चुनाव की घोषणा होते ही डॉ अजय पर हमला कर दिया गया.

# यूक्रेन में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 18 की मौत

एजेंसी

**कीव :** यूक्रेन की राजधानी कीव में एक बड़ा हेलीकॉप्टर हादसा हुआ. बुधवार को कीव के बाहर ब्रोवेरी टाउन में यह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ. इस हादसे में यूक्रेन के इंटीरियर मिनिस्टर (गृहमंत्री) डेनिस मोनास्टिर्स्की और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित 18 लोगों की मौत हो गई.

कीव रीजन के गवर्नर ने जानकारी दी कि बुधवार को हेलीकॉप्टर एक आवासीय इमारत के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. अधिकारियों ने कहा कि मृतकों में दो बच्चे शामिल हैं. अधिकारियों ने कहा कि इस दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है. हालांकि, इस दुर्घटना पर रूस की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है.

राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख इहोर क्लेमेंको ने जानकारी दी कि इस हादसे में गृह मंत्री डेनिस मोनास्टिरस्की समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौत हो गई है.

यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो टिमोशेंको ने टेलीग्राम पर लिखा, हम हताहतों और परिस्थितियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं. बताया गया है कि मारे गए लोग कीव के पूर्वी उपनगर ब्रोवेरी में दुर्घटनाग्रस्त हुए आपातकालीन सेवा हेलीकॉप्टर में सवार थे. इससे पहले, अधिकारियों और मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि हेलीकॉप्टर एक किंडरगार्टन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. बता दें कि पिछले एक साल से रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग खत्म होती नहीं दिख रही है. इधर ब्रिटेन ने यूक्रेन को 14 चैलेंजर 2 टैंक देने का ऐलान किया है.

यूक्रेन काफी समय से इसकी मांग कर रहा था. इन टैंक्स के यूक्रेन पहुंचने के बाद ब्रिटेन इतने भारी भरकम टैंक यूक्रेन को देने वाला पहला देश बन जाएगा.

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# क्राइम मीटिंग में एसपी ने अपराध गोष्टी व अपराधियों पर नकेल कसने का दिया निर्देश



**योगेंद्र मिश्रा@प्रभात मंत्र**

**गढ़वा :** पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी की गई। इसमें एसपी के द्वारा कई बिंदुओं पर समीक्षा की गई एवं निर्देश दिए गए। विगत माह घटित सभी महत्वपूर्ण आपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए कांडों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।कहा कि मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले ओवर स्पीडिंग आदि के विरुद्ध सभी थाना प्रभारी गहन अभियान चलायेंगे, ताकि सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सके। साथ ही विद्यालय, कॉलेज आदि में सड़क सुरक्षा से संबंधित अभियान भी चलायेंगे । जागरूकता एसपी ने कहा कि अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल क्षेत्र के अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए झारखंड मिनरल्स रूल्स 2017 के अन्तर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। अवैध खनन में संलिप्त वाहनों को राजसात हेतु प्रस्ताव अविलंब समर्पित करेंगे। संगठित अपराध के आरोप में जेल में बंद अपराधकर्मियों के विरुद्ध सीसीए लगाने हेतु प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। थाना दिवस के अवसर पर अंचल के पदाधिकारी के साथ मिलकर भूमि विवाद से संबंधित अधिक से अधिक मामलों के निपटारे पर बल दिया गया। सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिक. री पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाएंगे एवं विशेष रूप से 05 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का शत प्रतिशत निष्पादन वर्ष के अंत तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। माननीय न्यायालय से निर्गत वारंट - कुर्की, सूचनाधिकार से संबंधित मामले, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन एवं पीजी पोर्टल से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया ।वर्ष 2022 में सीसीटीएनएस में बेहतर प्रविष्टि करने एवं उक्त कार्य का बेहतर अनुश्रवण करने के लिए कौशल कुमार, फैकल्टी मैनेजर सुदर्शन राम, रंका थाना के आरक्षी शुभंकर सिंह, मेराल के राजू कुमार रवि, केतार के सुरेश कुमार, गढ़वा के सुरेश केरकेट्टा एवं सुरेंद्र विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।अपराध गोष्ठी के पश्चात पुलिस सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके समाधान का आश्वासन दिया गया।

## उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 40 लाख का अवैध शराब किया बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम ने लठया थाना के सहयोग से छतरपुर थाना क्षेत्र के लठया गांव निवासी बाबूलाल यादव के घर से 550 पेटी अवैध विदेशी शराब को बरामद किया है। जिसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपए बताई जा रही है, बरामद शराब ब्लू स्टार कंपनी का बताया जा रहा है,जब्त किया गया शराब गोवा में बनाया जाता है। शराब तस्करों के द्वारा इस शराब को बेचने के लिए अरुणाचल प्रदेश भेजा जा रहा था। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लठया निवासी बाबू लाल यादव के द्वारा भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बेचने के लिए अरुणाचल प्रदेश भेजा जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम और लठया पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर 550 पेटी अवैध शराब को जप्त किया गया है। इस घटना के बाद से सभी शराब तस्कर फरार हो गए। सभी फरार शराब तस्करों पर उत्पाद विभाग के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

## सोनी हार्डवेयर के सामने अज्ञात अपराधियो ने चलाई गोली, बाल-बाल बचे व्यवसायी राजन, घटना बीती रात की

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला शुक्रबाजार रोड स्थित सोनी हार्डवेयर दुकान के सामने अज्ञात अपराधियों के गोली चालन की घटना को अंजाम दिया गया। इस गोली चालन की घटना में युवा व्यवसायी राजन सोनी बाल-बाल बच गए। राजन सोनी के द्वारा अज्ञात लोगों पर रेहला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं रेहला पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम लगभग आठ बजे राजन सोनी समान समेट कर अपना दुकान बंद कर रहे थे। इसी बीच दो अपराधी एक हीं मोटरसाइकिल से पहुंचे। मोटरसाइकिल सवार पीछे बैठे अपराधी ने राजन सोनी को निशाना बना लगातार दो गोलियां चलाई। लेकिन व्यवसाई को गोली नहीं लगा। इधर गोली चालन की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े आए। लोगो की जमा होते भीड़ देख अपराधी फरार हो गए। विदित हो कि कुछ वर्ष पहले भी एक बार अपराधियो ने सोनी हार्डवेयर पर गोली चलाई थी। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। दुकान के सामने लगे वीडियो फुटेज भी खंगाला जा रहा है। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## रजिस्ट्री कार्यालय में एसीबी का पड़ा छापा

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय रजिस्ट्री कार्यालय में बुधवार को राँची से आई एसीबी की टीम ने छापा मारा। सरकार के आदेश के आलोक में रूटीन प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्री कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभाग के पदाधिकारी, प्रधान लिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत विभाग के सभी कर्मियों से की पूछताछ की गई। पिछले पांच वर्षों में हुए कार्यो का समीक्षा भी किया गया। एसीबी के अधिकारी ने बताया कि सरकार का निर्देश है कि सरकारी कार्यालयों में औचक निरीक्षण किया जाए। इसके तहत पलामू रजिस्ट्री कार्यालय का जांच किया गया। जांच में क्या पाये इस सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बिंदु पर बड़े अधिकारी जवाब देने के लिए सक्षम है। उन्होंने किसी भी तरह के खुलासा करने से इंकार किया।

## बीआरसी में चौथे दिन भी किया गया योगाभ्यास



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संकुल संसाधन केन्द्र अधौरा में चल रहे योग प्रशिक्षण के चौथे दिन योग प्रशिक्षक शशि कुमार ने शिक्षकों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक शशि कुमार ने कहा कि योग स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है। योग से कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने योग प्रशिक्षण के चौथे दिन शिक्षकों को कमर दर्द होने पर भुजंगासन, गैस होने पर पवनमुक्तासन, मोटापा दूर करने के लिये उत्तानपादासन नवकाशन आदि आसनों का अभ्यास कराया. प्रशिक्षण में प्रभारी अविनाश कुमार, रजिया सिद्दीकी, शिक्षक अमर कुमार जायसवाल, मनोज कुमार चौधरी,पाम्पा साहा, प्रियंका पांडेय, लीलावती कुमारी, आशुतोष शरण सिंह, अखिलेश शुक्ल, अरुण कुमार, अजय राम, अभय कुमार रवानी, बीपीओ तहमीना प्रवीण सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# मध्य विद्यालय मोतीहरा के छात्र छात्राओं के बीच हुआ पोशाक का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडा, गढ़वा :** गढ़वा जिले के डंडा प्रखंड अंतर्गत छपरदागा पंचायत के मध्य विद्यालय मोतीहरा में कक्षा वन और टू के छात्र छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी एवं छपरदागा पंचायत के मुखिया श्रीमती समुद्री देवी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विद्यालय के बाल सांसदों के साथ जिला परिषद सदस्य श्री चौधरी ने संवाद किया और छात्र छात्राओं को पढाई में रुचि लाने हेतु कई टिप्स भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र अपने कठीन परिश्रम से आगे बढ़ें एवं एवं विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र के नाम रौशन करें। साथ ही श्री चौधरी ने सभी शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावक गणों से अपील किए हैं कि बच्चे के उज्जवल भविष्य और शिक्षा व्यवस्था में सुदृढ़ीकरण के लिए शिक्षको एवं अभिभावकगणों का संयुक्त प्रयास बेहद जरुरी है। इसमें अभिभावक बढ़चढ़ कर हिस्सा ले और समय समय पर विधालय में शिक्षकों के साथ संवाद करे। विद्यालय परिवार की ओर से पानी की समस्या से अवगत कराया गया। वहीं छात्र छात्राओं ने खेलकूद सामग्री का मांग की। जिला पार्षद श्री चौधरी ने भी छात्रों व शिक्षकों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द पानी की समस्या दूर की जाएगी और बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण अपने निजी मद से करेंगे। इस मौक़े पर भूतपूर्व मुखिया यदु चौधरी, वार्ड सदस्य सत्येंद्र चौधरी, वार्ड सदस्य निर्मल साव विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, अनुज राम, बिनोद चौधरी, उपाध्यक्ष रेखा देवी, संयोजिका सोशीला देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# नाबालिग बच्चें नहीं चलाए वाहन, वरना पुलिस की ओर से होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

**➲ विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस ने बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत स्थानीय जनता उच्च विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमो के बारे में बताया गया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमो की पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना कानूनन जुर्म है। कम उम्र के बच्चे अगर वाहन चलाते पकडे गए तो उनपर पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोटरसाईकल हेलमेट लगाकर ही चलाए। गाड़ी के सारे कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस साथ लेकर चले। किसी भी हाल में शराब पीकर वाहन न चलाएं। शशि रंजन ने बच्चों से कहा कि वे अपने अभिभावकों से ट्रैफिक नियमो के पालन करने का आग्रह करे। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि जागरूकता अभियान क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी चलाया जाएगा। वाहन चेकिंग अभियान भी जारी रहेगा। ट्रैफिक नियमो के उलंघन करने वालो को किसी भी हाल में बख्सा नहीं जायेगा। मौके पर प्राचार्य भोला राय, अरुण सिंह सहित कई स्कूल कर्मी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## प्रखंड पिपरा में बीस सूत्री बैठक हुआ संपन्न



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय बीस सूत्री बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान भी शामिल हुए। बैठक में प्रखंड स्तर पर चल रहे कार्यो की समीक्षा की गई। श्री पासवान ने कहा कि पिछले जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में किए गए कार्यो का भुगतान जो रुका हुआ है उस भुगतान को जल्द से जल्द किया जाए ऐसा निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया है। प्रखंड क्षेत्र में आने वाले समय में कौन-कौन से महत्वपूर्ण कार्य अति आवश्यक है। उन बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस बैठक में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, कृषि पदाधिकारी सरजुन राम बीपीओ प्रभात कुमार पंचायत सचिव, हरिवंश पासवान जनेश्वर भुइयां, धीरज गुप्ता, भगवती सिंह सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## नवनिर्मित शिव-पार्वती मंदिर का पांच दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ आज से शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना परिसर में शिव-पार्वती जी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा अवसर पर पांच दिवसीय यज्ञ का भी आयोजन किया गया है। गुरुवार को कलश शोभा यात्रा के साथ यज्ञ की शुरुआत होगी। जबकि 23 जनवरी को महा भंडारा के साथ यज्ञ का समापन होगा। मंदिर निर्माण कमेटी के पदाधिकारी अनंत कुमार सिंह व पंडित राजन पांडेय ने बताया कि 19 जनवरी को कलश स्थापना, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व जलाधिवास होगा, 20 जनवरी को मंडप में आह्वाहन, पूजन जाप व अनाधिवास के साथ सायंकाल आरती भी होगा। 21 जनवरी को देवताओं का पूजन, रुद्रष्टध्यायी का पाठ,फलाधिवास व आरती होगा। 22 जनवरी को देवताओं का पूजन, अरनी मंथन, नगर परिक्रमा होगा। जबकि 23 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा व महा भंडारा होगा। इसके अलावा पांचो दिन शाम को प्रवचन का भी आयोजन किया गया है। यज्ञ की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

## केतार बाजार में फीता काटकर प्रज्ञा केंद्र का किया गया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** मुख्य बाजार केतार के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप बुधवार को प्रज्ञा केंद्र का शुभारंभ प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह एवं उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार के द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर शुरुआत किया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि आज के परिवेश में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजना को करने के लिए अग्रणी भूमिका प्रज्ञा केंद्र का है। वही प्रज्ञा केंद्र संचालक कामेश्वर कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रज्ञा केंद्र में जाति, आय, निवास, चरित्र प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऑनलाइन रसीद, पीएम किसान, फसल राहत, सहित सभी बैंकों का निकासी किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को कही भटकना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर केतार मुखिया प्रमोद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, बीडीसी प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह, दिलीप जयसवाल, समाजसेवी अशोक ठाकुर, महेंद्र प्रसाद, दीपू कुमार गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुधीर पाल, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मुसहर परिवार के बीच बीपीओ व पंचायत सचिव ने किया जॉब कार्ड का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिले के उपायुक्त रमेश घोलप के पहल पर मुसहर परिवार के 7 लोगो का जॉब कार्ड बनाया गया. प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने बताया कि नरही पंचायत के सलसलादी गांव के मूसहर टोला में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार एवं पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह पहुंच कर मुसहर परिवार के 7 लोगों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया साथ ही मुसहर परिवार के 15 लोगों को कंबल उपलब्ध कराया.जिन लोगो का जॉब कार्ड बनाया गया उनमें पिंकी कुमारी, श्यामजी मुसहर, लालजी मुसहर, राजू मुसहर, सिकेंदर कुमार, लक्ष्मण मुसहर तथा लाखों देवी का नाम शामिल है। मूसहर परिवार के दो बच्चों को नव प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा में नामांकन कराया गया है। विजय कुमार का वर्ग 3 में तथा कविता कुमारी का वर्ग 1 में नामांकन कराया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने बताया कि मुसहर परिवारों के 7 लोगों का जॉब कार्ड बना दिया गया है अब इन लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मूसहर परिवार के लोगों को प्रधानमंत्री आवास के लिए अग्रेतर कार्य किया जा रहा है ताकि इन सभी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके।

## चापाकल है खराब, मध्यान भोजन बनाने में करना पड़ रहा है परेशानी का सामना



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिसरी पंचायत के केवाल टोला स्थिति नव प्राथमिक विद्यालय केवाल में कई माह से चापाकल खराब पड़ा है। जिससे बच्चो को पानी पीने तथा मध्यान भोजन बनाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नव प्राथमिक विद्यालय की सयोंजिका ने बताया कि हम लोग मध्यान भोजन बनाने के लिए पानी चापाकल से लेने जाते हैं। चापानल से आधी बाल्टी भी पानी नहीं निकल पाता है। जिसके कारण हमलोग को खाना बनाने में बहुत परेशानी होता है और बच्चे लोग को समय पर भोजन भी उपलब्ध नहीं हो पाता है। उसने बताया कि आसपास में दूसरा चापानल भी नही है। जिसके कारण हमलोग दूर से पानी लाने को विवश है। जब कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद मेहता ने बताया कि इसके लिए हम कई बार विभाग को आवेदन दिए हैं। फिर भी विभाग के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं किया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस पर भव्य तरीके से किया जाएगा कार्यक्रम : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** केतार प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को प्रमुख चंद्रावती देवी के अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर बैठक किया गया। जिसमें प्रखण्ड व अंचल के सभी कर्मियों के अलावे सरकारी गैरसरकारी विद्यालयों सहित विभिन्न पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि इस बार गणतंत्र दिवस भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम के अलावे मुख्य रूप से लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम व विशेष रूप से विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा संयुक्त रुप से झांकी निकाली जाएगी। वही इस अवसर पर बच्चे अपने-अपने योग्यता अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम व भाषण सहित अन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी निकलवाने का भी निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से प्रखण्ड के सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में समय निर्धारित किया गया जिसमे प्रखण्ड कार्यालय में 9:00 बजे, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9:35, अम्बेडकर चौक केतार 9:50, मध्य विद्यालय 10:00 झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक 10:10,आर के सिंह पब्लिक स्कूल 10:20, लोहिया समता उच्च विद्यालय 10:40, प्रखण्ड संसाधन केंद्र 10:50 अम्बेडकर चौक कोल रोड 11:10 बजे, उप स्वास्थ्य केंद्र 11:25 व थाना परिसर में 11:45 बजे समय निर्धारित किया गया। जबकि सभी पंचायत कार्यालय केतार 9:15 बजे, मुकुंदपुर व पाचाडूमर 10:00 बजे, परसोडीह व परती कुशवानी 11:15, लोहगाड़ा व बलिगढ़ पंचायत कार्यलय में 11:20 बजे झंडोतोलन किया जायेगा। इस मौके पर प्रधान सहायक सिद्धेश्वर नाथ सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र कमलापुरी, मुखिया प्रमोद कुमार, श्यामसुन्दर बैठा, मनोरंजन कुमार, बीपीओ मनोज यादव, अखिलेश कमलापुरी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सद्भावना क्रिकेट टुर्नामेंट के उद्घाटन मैच में बलरा की टीम बना विजेता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** थाना क्षेत्र के पथरा पुलिस पिकेट परिसर में बुधवार को स्वामी विवेकानंद सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरसोत पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह तथा पथरा ओपी प्रभारी नितीश कुमार ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय कर कहा कि दो पक्षो के खेल में एक ही जितता या हारता है खेल का यही नियम है। आपसी खेल के दौरान द्वेष की भावना नहीं रखना चाहिए। वहीं उद्घाटन के बाद सरसोत पंचायत के बलरा की टीम तथा ढकचा पंचायत के भोजुआ टीम के बीच मैच खेला गया। इस दौरान भोजुआ की टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग का निर्णय लिया।जबकि बलरा की टीम ने 16 ओवर में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 185 रन का लक्ष्य भोजुआ को दिया। वहीं जवाबी पारी में भोजुआ की टीम 16 ओवर में 9 विकेट खो कर 127 रन ही बना सकी। इस दौरान इवेन्ट मैनेजर विजय कुमार सिंह तथा फुटुक कुमार सिंह के कमेंट्री ने दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि 2018 में 18 जनवरी को ही पथरा पुलिस पिकेट का उद्घाटन हुआ था।इसी के उपलक्ष में हर वर्ष 18 जनवरी से ही क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मुखिया संघ के अध्यक्ष संदीप यादव, दलपतपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, सरसोत के उप मुखिया विक्कु कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह, पूर्व उपप्रमुख लखन साव, महेन्द्र प्रसाद सिंह, गोराई सिंह, बलरा टीम के कैप्टन रंजन सिंह तथा भोजुआ टीम के कैप्टन अजित पटेल सहित सैंकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में चार घायल



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतबरवा थाना क्षेत्र के ताबर गांव में यात्री शेड के समीप बुधवार को शाम 5 बजे के करीब दो बाइकों में आमने-सामने की भीषण टक्कर के बाद चार लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए हैं, जिसमें तीन की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा ले जाया गया है। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद दूसरे जगह पर रेफर करने की तैयारी की जा रही है ।रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के 39 पर घटना उस समय घटी, जब एक ट्रैक्टर से साइड लेने के दौरान दोनों बाइकों में आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों बाईक के परखच्चे उड़ गए। सतबरवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा भेजा तथा बाइक को कब्जे में ले लिया है।बताया जाता है कि मानासोती गांव के सत्येंद्र यादव एक अन्य व्यक्ति के साथ सुपर स्पेलेंडर बाइक (जेएच ओ 3एफ 3974) से बाइक मेदिनीनगर की ओर आ रहा था, जबकि सतबरवा की और से विपरीत दिशा से मनिका थाना क्षेत्र के मानिकडीह गांव के जयराम समेत दो लोग मोटरसाइकिल टीवीएस स्टार सिटी (जेएच 19डी 3676 ) पर सवार होकर जा रहे थे। यात्री शेड के समीप दोनों मोटरसाइकिलों में आमने सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाईक के परखच्चे उड़ गए।

## संक्षिप्त खबरें

### सैलरी सुरक्षा रोड शो का आयोजन

**रांची।** इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, रॉंची के समन्वय से हरमू शाखा द्वारा 18 जनवरी 2023 को हरमू शाखा के आस-पास क्षेत्र में रोड शो का आयोजन किया गया। इस रोड शो में इंडियन बैंक के दो नए उत्पाद से सभी को अवगत कराया गया। पहला उत्पाद इंड शक्ति मीयादी जमा @7.50*प्रतिशत एवं दूसरी उत्पाद सैलरी वर्ग के लिए इंड सैलरी सुरक्षा जो ग्राहक को 30 लाख तक हेल्थ एवं लाइफ इन्श्युरेंश कवर करता है। इस दौरान व्यवसायी वर्ग के लिए चालू खाता के बारे में प्रचार किया गया। इसके अलावा इंडियन बैंक के डिजिटल उत्पाद इंड ओएसिस, इंटरनेट बैंकिंग क्यू आर कोड इत्यादि का भी प्रचार किया गया। इस रोड शो में अंचल प्रबंधक श्री एफ आर बोखारी, मुख्य प्रबन्धक श्री अजीत कुमार एवं शाखा प्रबंधक हेम्ब्रम अंकिता रसन की उपस्थिती में राँची अंचल एवं राँची के शाखाओं के मुख्य प्रबंधकगण एवं स्टाफ सदस्यों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। भविष्य में भी इंडियन बैंक द्वारा इस प्रकार के कई रोड शो आयोजित किए जाएंगे।

### आचार्य राजन महाराज का किया गया अभिनन्दन

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों एव स्वामी जी के शिष्यों ने आज बुधवार 18 जनवरी 2023 को श्री राम कथा आयोजन समिति के तत्वाधान मे हरमू मैदान मे हो रही श्री राम कथा आयोजन मे शिवान से पधारे हुए श्री राम कथा वाचक आचार्य श्री राजन जी महाराज को अंग वस्त्र देकर जैसे शाल ,दुपटा, पगडी एव राधा-कृष्ण जडित माला भेंट कर सम्मान एव अभिनन्दन किया।

# नल-जल योजना का जायजा लेने 19 को आएगी केंद्रीय टीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय टीम प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट केंद्रीय ग्रामीण जलापूर्ति हर-घर, नल-जल योजना का जायजा लेने 19 जनवरी को रांची आयेगी। रांची पहुंचने वाली टीम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की सचिव विनी महाजन भी शामिल रहेंगी।

टीम 19 जनवरी को फर्स्ट हॉफ में फिल्ड विजिट करेगी। दूसरे हॉफ में केंद्रीय सचिव मुख्यमंत्री के साथ बैठक करेंगी, जिसमें विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर मौजूद रहेंगे।

इस दौरान केंद्रीय सचिव जल जीवन मिशन तथा स्वास्थ्य भारत मिशन की झारखंड में प्रगति पर समीक्षा की जायेगी। इसके लिए अफसरों के कार्यों का बंटवारा भी कर दिया गया है। समीक्षा बैठक में डाटा उपलब्ध कराने की जवाबदेही



अभियंता प्रमुख संजय कुमार झा, तकनीकी सलाहकार सुधाकांत झा, सहायक स्टेट कॉर्डिनेटर डाली कुमार को दी गयी है। यह टीम जेजेएम-एमआईएस का डाटा तैयार करेंगे। वहीं, एमआईएस, एसबीएम डाटा के लिए संयुक्त निदेशक इंद्रदेव मंडल, आजार हुसैन, उर्वशी को जिम्मा दिया गया है।

क्षेत्रीय भ्रमण की मॉनेटरिंग, संचालन और संवाद की जवाबदेही दी गयी है। मुरूचु गांव में कार्यपालक अभियंता शशिशेखर, प्राथमिक विद्यालय मुरुचु और आंगनबाड़ी केंद्र बीडीओ और सीडीओ की तैनाती की गयी है। एमजी नरेगा पार्क में डीडीसी और बीडीओ कांके रहेंगे। पिठोरिया में अधीक्षण अभियंता निरंजन कुमार, कस्तूरबा में संयुक्त सचिव इंद्रदेव मंडल और श्रेया, कांके विश्वा में कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह और लेबोरेटरी में सुगंधा की तैनाती की गयी है।

# भारत-न्यूजीलैंड मैच देखने के लिए ऑनलाईन टिकटों की बिक्री हुआ शुरू

**जेएससीए प्रबंधन के मुताबिक ऑनलाईन टिकट बुक कराने वाले लोग 24-26 जनवरी को स्टेडियम के वेस्ट गेट पर स्थित डेडिकेटेड बॉक्स ऑफिस के समीप टिकट काउंटर से टिकट ले सकेंगे। इसके लिए सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक टिकट वितरण का समय तय किया गया है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए स्टेडियम में आगामी 27 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जायेगा। इसके लिए ऑनलाईन टिकटों की बिक्री बुधवार (18 जनवरी) की रात 8 बजे से शुरू हो गया। ऑनलाईन बुकिंग के बाद




फिजिकल टिकट 24 जनवरी से 26 जनवरी के बीच लिए जा सकेंगे।

जेएससीए प्रबंधन के मुताबिक ऑनलाईन टिकट बुक कराने वाले लोग 24-26 जनवरी को स्टेडियम के वेस्ट गेट पर स्थित डेडिकेटेड बॉक्स ऑफिस के समीप टिकट काउंटर से टिकट ले सकेंगे। इसके लिए सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक टिकट वितरण का समय तय किया गया है। प्रावधान के अनुसार एक व्यक्ति को अधिकतम 2 टिकट मिलेंगे। इस दौरान आधार कार्ड भी साथ रखना होगा।

ऑनलाइन टिकट के लिए प्रावधान टी-20 मैच के लिए ऑनलाइन टिकट की बुकिंग बुधवार से होनी है.

पेटीएम एप्प के अलावा वेबसाइट www.insider.in से टिकट बुक किये जा सकते हैं। कुछ टिकट ही ऐसे होंगे जिसकी होम डिलीवरी रांची में रहने वाले लोगों को किए जा सकेंगे

# सोना-चाँदी व्यवसाइयों की आम सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोना -चाँदी व्यवसाय समिति में तत्कालीन उथल पुथल को देखते हुए व्यवसाय समिति की एक महली बैठक होटल रैनड्यू लालपुर में व्यवसाय समिति के पुर्व अध्यक्ष विजय बर्मन की अध्यक्षता में की गई ।ज्ञात हो की बीते शुक्रवार को सोना-चाँदी व्यवसाय समिति के तत्कालीन अध्यक्ष रवि कुमार पिंकु के कार्यकाल समाप्त होने पर समिति को भंग कर दिया गया एवम् जब तक चुनाव ना हो जाय कुछ शर्तो के आधार पर पिंकु कार्यवाहक अध्यक्ष के दायित्व में होंगे परंतु वित्तीय संबंधित कोई ठोस निर्णय नहीं लेंगे ।बैठक में सभी सदस्यों ने एक सुर में जल्द से जल्द चुनाव करवाने की माँग की ।बैठक में व्यवसाय समिति के सदस्य क्रमशः संतोष सोनी तथा मुकेश वर्मा ने आगामी 5 फ़रवरी को कांके डैम में राँची ज़िला के संपूर्ण स्वर्ण व्यवसाइयों की एक आम सभा के आयोजन का प्रस्ताव रखा जिसे सभी में सर्व सम्मति से पारित किया। बैठक में संरक्षक रवींद्र लाल ,व्यवसाय समिति पूर्व अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ,वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल साहु , पूर्व पहाड़ी अध्यक्ष संतोष सोनी , उमेश प्रसाद ,गोपाल सोनी,उदय बर्मन ,महेश सोनी, अमित सोनी ,विक्रम मल्होत्रा ,बिनोद सोनी ,प्रताप राव इत्यादि कई व्यवसायी उपस्थित थे ।व्यवसायी दिलीप स्वर्णकार ने बैठक का धन्यवाद ज्ञापन किया ।

# ओवर टेक के कारण भारत में सबसे ज्यादा एक्सीडेंट होती है : प्रवीण

**प्रभाता मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नीरजा सहाय डीएवी स्कूल कांके रांची में जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश के निर्देश पर आईटी असिस्टेंट अभय कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को हेलमेट , सीट बेल्ट, गोल्डन आवर के विषय में जानकारी दी तथा बच्चों को बताया की शहर के अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा एक्सीडेंट होती है। साथ ही रोड इंजीनियर गौरव कुमार ने बच्चों को कहा कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करनी चाहिए इससे ध्यान भटकता है जिसके कारण आपकी एक्सीडेंट भी हो सकती है। आईटी असिस्टेंट




अभय कुमार ने विद्यार्थियों को ओवरटेक नहीं करने की सलाह दी क्योंकि ओवरटेक के कारण भारत में सबसे ज्यादा एक्सीडेंट होती है।

# संजय तिवारी पर अरगोड़ा थाने में मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्टेट बैंक आफ इंडिया की हटिया शाखा स्थित झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के खाते से एक अरब, एक लाख 41 हजार 16 रुपये के फर्जी हस्तांतरण मामले में मास्टरमाइंड संजय तिवारी के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर विनोद कुमार के बयान पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने रांची पुलिस को पत्र लिखकर पांच एसयूवी के लिए फर्जी तरीके से उपयोग करने के आरोप में संजय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। ईडी की जांच में खुलासा हुआ था कि घोटाले का मास्टरमाइंड संजय तिवारी अपने वाहनों के लिए फर्जी पंजीकरण संख्या का इस्तेमाल कर रहा था, इसके अलावा उसने राष्टीय राजमार्ग का जाली पहचान पत्र भी बनाया था। ईडी ने छापेमारी के दौरान इन वाहनों और आईडी कार्ड को जब्त किया था। ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा है कि संजय तिवारी ने एसयूवी के लिए इस तरह के फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर और एनएचएआई की आईडी का इस्तेमाल करता था। धनबाद के हीरापुर निवासी संजय तिवारी भानु कंस्ट्रक्शन के मालिक हैं।

# सीपीआई के आजीवन सदस्य रहे डा. खगेंद्र ठाकुर याद किए गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में हिंदी साहित्य के प्रख्यात आलोचक , साहित्यकार एवम सीपीआई के आजीवन सदस्य रहे डा खगेंद्र ठाकुर की तीसरी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कार्यालय सचिव सह जिला मंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कॉमरेड खगेंद्र ठाकुर का पूरा जीवन खुली किताब की तरह है, पूरा जीवन संघर्ष को समर्पित रहा,।कॉमरेड खगेंद्र ठाकुर ने अपने




जीवन काल में कई पत्र पत्रिकाओं में अपने लेखनी और लेखों के माध्यम से जनजागृति और शोषित पीड़ित वंचितों की आवाज थे।झारखंड खासकर रांची में कई नए लेखकों, पत्रकारों को मार्गदर्शन कर आगे बढ़ने को प्रेरित करते थे, डा खगेंद्र ठाकुर के निधन से साहित्य जगत में खालीपन हुआ महसूस साथ ही कम्युनिस्ट विचारधारा को मजबूती से बौद्धिक जगत में रखने वाले योद्धा की कमी लगातार खलती है ,कॉमरेड ठाकुर सीपीआई के वैचारिक अस्थांभो में से एक थे।राजद के वरीय नेता राजेश यादव ने कहा को खगेंद्र ने बिहार और झारखंड की पहचान पूरे देश में स्थापित किया।श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथी परवेज कुरैशी ने कहा की खगेंद्र जी ने पत्रकारों खासकर युवा पीढ़ी के पत्रकारों को लेखनी में सहयोग और समाज के प्रति दायित्व के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया।श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से फरजाना फारूकी, संजीत झा राजेश यादव ,सुशांतो मुखर्जी अजय सिंह सहित कई गन्यमाण लोग शामिल हुए।

# राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए चावल दिवस का होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिले में जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को ससमय खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने को लेकर चावल दिवस का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी अनुभाजन क्षेत्र और सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को इस संबंध में पत्र जारी किया है। उपायुक्त ने प्रत्येक महीने की 15,



16, 25 और 26 तारीख को चावल दिवस का आयोजन करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त की ओर से लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को खाद्यान्न और अन्य सामग्री का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जागरूकता के अभाव में कई ऐसे लाभुक हैं जो कि समय बीत जाने के बाद खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री जन वितरण प्रणाली दुकान से प्राप्त नहीं कर पाते हैं, ऐसे लाभुकों को जन वितरण प्रणाली दुकानों से ससमय खाद्यान्न प्राप्त हो। इसे लेकर उपायुक्त की ओर से संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के लाभुकों को चावल दिवस के संबंध में जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया गया है।

# एडीजी 19 को होमगार्ड के सभी जिला इकाइयों के कार्यों की करेंगी समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** एडीजी होमगार्ड सुमन गुप्ता 19 जनवरी को सभी जिला इकाइयों के कार्यों की समीक्षा करेंगी। यह समीक्षा कुल नौ एजेंडा को लेकर की जायेगी। इनमें होमगार्ड के नव नामांकन प्रक्रिया, भुगतान के आधार पर होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति और मानदेय भुगतान, मासिक कार्य विवरण और निजी दैनिकी, मुख्यालय स्तर पर अनुपालन, वित्तीय वर्ष 2022 -23 में आवंटित प्राप्त बजट, प्रतिनियुक्ति अवधि और उनके कार्य और दायित्व, अनुकंपा पर नियुक्ति एवं पेंशन, लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही के मामले सहित अन्य शामिल है। एडीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा की ओर से जारी किए आदेश में कहा गया है कि गृह रक्षा वाहिनी के सभी जिला इकाइयों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। सभी जिला कमांडेंट एजेंडा बिंदुओं पर संपूर्ण जानकारी तैयार कर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही सभी जिला कमांडेंट एवं जिला इकाइयों के कंपनी कमांडर इस बैठक में संबंधित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सीसीटीएनएस द्वारा वीसी के माध्यम से समय से भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

### महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट 7 से

**रांची :** महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन सात से 14 फरवरी तक किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय मुंडा ने बताया कि महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रेंडो पतरातू स्टेडियम में इसका आयोजन होगा। समिति के मुख्य संरक्षक सह कांके प्रखंड के प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। इसमें झारखंड के साथ ही बंगाल और ओड़िशा की टीमें भी शामिल हैं। इनमें से मुख्य तौर पर एफसी हुगली कोलकाता, बंगाल टाइगर कोलकाता, सुंदरगढ़ एफसी ओड़िशा, चक्रधरपुर एफसी, बंडामुंडा एफसी ओड़िशा की टीमें शामिल हैं।

# भाकपा माओवादी ने किया 22 जनवरी को झारखंड बंद का ऐलान, पुलिस अलर्ट

**प्रभाता मंत्र संवाददाता**

**रांची:** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने 22 जनवरी को 24 घंटे के लिए झारखंड बंद की घोषणा की है। बंद की घोषणा 15 लाख रुपये के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के खिलाफ लिया गया है।

झारखंड रीजनल कमेटी के प्रवक्ता आजाद ने बुधवार सुबह प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 13 जनवरी को पुलिस ने डुमरी के लुसियो गांव से कृष्णा हांसदा (सौरभ) तथा रेनुका मुर्मू को देवघर के चपरिया गांव से गिरफ्तार किया है। इन दोनों को पार्टी



की गोपनीयता जानने के लिए पूछताछ के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बंद से अस्पताल, एम्बुलेंस, दूध, पानी, अखबार, मेडिकल सेवा को मुक्त रखा जाएगा।

नक्सलियों की ओर से बंद की घोषणा के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है और पूरे इलाके पर नजर रखे हुए है। पुलिस नक्सली संगठन से जुड़ी सभी जानकारी को इकट्ठा कर रही है। पुलिस की नजर कुख्यात नक्सली सेंट्रल कमेटी मेंबर अजय महतो पर है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तारी के बाद इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा को जेल भेज दिया गया है। मंगलवार को उसे मीडिया के समक्ष लाया गया था, जिसके बाद उसे जेल भेजा गया। इससे पहले कृष्णा की निशानदेही पर पारसनाथ की तराई में छापेमारी कर पुलिस ने नक्सली कैंप को ध्वस्त किया था और मौके से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक बरामद किये थे।

# बालिका दिवस पर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत एक हफ्ते (18-24 जनवरी) तक मनाये जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत शपथ ग्रहण और हस्ताक्षर अभियान से की गयी। उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश कुमार यादव ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत के साथ उपस्थित लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शपथ दिलायी। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची श्रीमती श्वेता भारती, विभिन्न बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने लोगों को कन्या भ्रूण हत्या का विरोध करने, बेटी के जन्म पर खुशियां मनाने, बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए वातावरण निर्माण करने, बेटियों के खिलाफ भेद भावपूर्ण व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश पूरे समाज में प्रचारित करने की शपथ दिलायी।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर (18-24 जनवरी) विविध गतिविधियां होंगी।




भारत सरकार से प्रस्तावित गतिविधि आयोजित किये जाने के संबंध में उपविकास आयुक्त श्री दिनेश यादव ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार, 18-24 जनवरी 2023 तक प्रस्तावित गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उक्त अवधि में प्रखंड, ग्राम पंचायत और मुख्यालय स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधि और बालिकाओं के घटते लिंगानुपात को रोकने, बालिकाओं के कौशल विकास एवं उनके स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा।

# बैंकों में 30-31 जनवरी को हड़ताल रहेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संगठन की बैठक साथी प्रकाश उरॉव की अध्यक्षता में रांची में हुई । इस बैठक में सभी संगठनो के प्रतिनिधि हिस्सा लिए तथा हड़ताल को सफल करने के लिए आगे की आंदोलनात्मक कार्यक्रम तय किए । हमारा यह हड़ताल निम्न मुद्दो को लेकर होने जा रहा है । सप्ताह में पाँच दिवसीय बैंकिंग की शुरुवात । पूर्व में सेवानिवृत लोगों के लिए पेंशन का अद्यतन ,बकाया मुद्दों का समाधान बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने के लिए सभी पदों में पर्याप्त भर्ती । नई पेंशन योजना को रद्द कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के लिए । वेतन संशोधन के मांग पत्र पर वार्ता की तत्काल शुरू करने के लिए । बैठक में सर्वसम्मति से इन मांगों को लेकर स्वक्क के आंदोलनात्मक कार्यक्रम के तहत बैंककर्मियों का प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया :- बैंक ऑफ इंडिया,




आंचलिक कार्यालय के समीप (प्रधान टावर) संध्या 5.15 बजे, 25.01.2023 बैंक ऑफ बड़ौदा, रांची मुख्य शाखा (मेन रोड, रांची) संध्या 5.15 बजे 27.01.2023 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रांची मुख्य शाखा, कचहरी चौक, रांची संध्या 5.15 बजे।

# अवैध बालू लदा 5 ट्रैक्टर खलारी पुलिस ने किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध बालू का कारोबार जम कर हावी है. क्षेत्र के सफ़ही नदी,दामोदर नदी तट से बेखौफ बालू का उठाव जारी रहता है. लेकिन इस अवैध बालू का कारोबार से अफसरों व जनप्रतिनिधियों के जेब गर्म करने का जरिया सा बन गया है. इसमें अफसरशाही, वर्दीधारी,जनता के मशीहा कहे जाने वाले जनप्रतिनिधियों के सभी का हिस्सा बना हुआ रहता है. इस हिस्से के भागीदार में कोई ट्रैक्टर का इंट्री नही होता है.उसे पकड़ने के लिए पूरी तैयारी कर जी जान लगा देते है. इन सभी अवैध कारोबार के खेल में सरकार का मनोपॉली का जीता जागता सबूत है. क्योंकि सरकार खलारी थाना क्षेत्रों के नदियों का बालू की नीलामी नही होगी तब तक अवैध बालू कारोबार में कई लोग मालामाल होते रहेंगें. हालांकि पुलिस व अंचल के अफसरों के द्वारा लगातार बीच बीच कार्रवी होते रहता है. इसी दौरान मंगलवार को बमने,राय मुख्य पथ से खलारी पुलिस के द्वारा पांच ट्रैक्टर को जप्त कर खलारी थाना लाया गया.

# बड़ा चांगडु स्थित नीलगिरी पर्वत पर नीलगिरी मेला संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली -बनता- पतराहातू रोड पर स्थित नीलगिरी पर्वत पर बुधवार को विशाल मेले का आयोजन किया गया। यह मेला धूमधाम एवं शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। मेले में पाता नाच एवं बूगी बूगी डांस चल रही थी। वही नीलगिरी पर्वत पर अनेक श्रद्धालु लंबी उचाई चढ़ते हुए ऊपर भगवान गणेश ,भगवान शिव ,भगवान हनुमान के दर्शन किए। आए लोग पहाड़ के चारों तरफ घूम घूम कर आनंद उठाएं। मेले की ऊंची शिखर पर से नीचे की तराई काफी मनोरम दृश्य होता है इसी पर्वत से राड़ू नदी, कांची नदी भी साफ साफ दिखाई देता है, जिसे देखकर लोग मनमोहित हो उठते हैं, ऊपर से नीचे लगी मेले को भी देखकर लोग काफी आनंद उठाते हैं। इस मेले में बनता, हजाम, छोटा चांगडु, बाडा चांगड़ू ,पतराहातू, बसंतपुर, बंसिया तक के ग्रामीण इस मेले में आकर मेले का आनंद उठाते हैं ।मेले के मंच पर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो सिल्ली पश्चिमी जिला परिषद बीना चौधरी ,प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, पूर्व जिला परिषद सुशील महतो, रेखा देवी ,जयपाल सिंह गणमान्य लोग मेले की में आकर मेले के ग्रामीणों को उत्साहित किया और मेले में आए लोगों के लिए शांति का पैगाम दिया ।इस मेले काआयोजक अध्यक्ष वासुदेव महतो, सचिव लालदेव बढ़ाईक, कोषाध्यक्ष वाली महतो, विजय चंद्र महतो, उपेन भगत, श्रीपद महतो, श्रीकांत महतो, रितु पूर्ण सिंह मुंडा, एवं संचालन कर रहे हलधर महतो, कृष्ण प्रमाणिक की भूमिका सराहनीय रही।

# खेल समूहों के बीच खेल सामग्री का वितरण



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में बुधवार को ओ. डी. ए. संस्था रांची के द्वारा दो नवयुवक खेल समूहों के बीच वॉलीबॉल और नेट प्रदान किया गया। पूर्व में भी संस्था के द्वारा दो समूहों को बॉल और नेट दिया गया था। जिससे उत्साहित होकर अन्य युवकों ने भी वॉलीबॉल का दो कोर्ट तैयार कर लिया और बॉल की मांग की। संस्था की ओर से प्रतिनिधि चरवा उरांव के द्वारा एक समूह के संदीप मिंज और दूसरे समूह के प्रकाश गोप को नेट और बॉल दिया गया। इस प्रकार जामटोली गांव में चार वॉलीबॉल के चार कोर्ट और 8 टीमें तैयार हो गई है। खेल सामग्री मिलने से युवकों में खेल के प्रति रूची और उत्साह बढ़ रहा है। वितरण के मौके पर ग्राम प्रधान रामप्रसाद लोहरा, समाजसेवी बुधवा उरांव, मत्स्य जीवी सहयोग समिति जामटोली के अध्यक्ष, टोप्पो उरांव, खिलाड़ी लुईस फ्रांसिस एक्का, कामेश्वर गोप, गोबरा उरांव उपस्थित थे।

# भंवरो ने आधे दर्जनो लोगो को डंक मारा

**बेडो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बारीडीह गांव के पीपल पेड़ पर बने भंवर के छत्ते पर बुधवार को एक चील पंक्षी द्वारा पंजा मारने पर भंवरों का झुंड भड़क गया. भड़के भंवरों ने आसपास के ग्रामीणों को दौड़ा दौड़ा कर डंक मारा. जिससे बारीडीह गांव निवासी छह ग्रामीण क्रमशः बांदे भगत,गंगी उरांव,देवनाथ गोप,विपिन राय,बुदू उरांव व शईनका उरांव भंवरों के डंक से घायल हो गए. वहीं बांदे उरांव का एक बाछा व एक बाछी समेत कई मुर्गा व मुर्गी भंवरों भी डंक माराने से मर गया. इसके बाद गांव में हड़कंप व सन्नाटा पसर गया. वहीं जनजीवन के अचानक अस्त व्यस्त हो गई. वहीं खतरा को देखकर भड़के हुए भंवरों के झुंड के पास जाने व घर से बाहर निकलने की हिम्मत किसी ग्रामीणों ने नहीं जुटाया. इधर ग्रामीणों ने बताया कि चील पक्षी द्वारा पीपल के पेड़ पर बने भंवर के छत्ते पर पंजा मारने बाद यह घटना हुई. वहीं भड़के भंवरों के अपने छत्ते पर चले जाने के बाद ग्रामीणों ने थोड़ी राहत का सांस लिया.

# अफीम की खेती को किया गया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आज 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की एफ कम्पनी हुंट और मारंगहादा थाना के सशस्त्र बलों ने संयुक्त अभियान चलाकर मारनगहादा थाना क्षेत्र के शिरकापीड़ी इलाके में लगभग 10 एकड़ अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया इस अभियान में 26 वीं वाहिनी एस एस बी के दिनेश कुमार, उप कमांडेंट, एवं 26वीं वाहिनी एस एस बी एफ कम्पनी हुंट के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय, सहायक उप निरीक्षक खेम सिंह, केदारा राम, तृदेव देवनाथ, प्रदीप भराली तथा अन्य सशस्त्र बल और मारंगहादा थाना प्रभारी अजय कुमार भगत, सशस्त्र बल एवं सेट बल शामिल थे। इस अभियान के दौरान ग्रामीणों को अफीम के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई तथा मारंगहादा थाना के द्वारा कंबल का वितरण भी किया गया।

# विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर/चान्हो :** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की लगातार अपने मांडर विधानसभा क्षेत्र का विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास कर रही है। जिससे मांडर विधानसभा की जनता खुश है और खुशी का इजहार कर रहे है। आज फिर मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर व चान्हो प्रखंड मे विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास। शिलान्यास किये गए योजनाओं में मांडर, ब्राम्बे चौक से कब्रिस्तान तक पी.सी.सी. पथ का शिलान्यास। मांडर, ब्राम्बे मे 100 बेड अस्पताल निर्माण का शिलान्यास। चान्हो, लुण्डरी पंचायत के ग्राम लुण्डरी मे धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास। इस दौरान विधायक ने ग्राम लुण्डरी स्थित सरना स्थल पर पानी ढालककर क्षेत्र की जनता की खुशहाल जीवन की कामना किया। साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठक करके उनकी समस्याओ से अवगत हुए। कुछ समस्याओ का निदान विधायक ने सरकारी पदाधिकारियों को कहा कर पुरा किया।

# टाना भगत विकास प्राधिकार की प्रखंड स्तरीय समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड कार्यालय सभागार बुधवार को टाना भगत विकास प्राधिकार की प्रखंड स्तरीय समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में टाना भगत समुदाय को सरकार द्वारा दी जाने वाली सरकारी सुविधा की विभागवार समीक्षा की गई। जिसमें बाल विकास परियोजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, कृषि विभाग, पेंशन, बिजली सहित अन्य विभाग शामिल है। बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा समीक्षा के क्रम में बताया की वित्तीय वर्ष में टाना भगत समुदाय के 78 लोगों को सावित्रीबाई फुले योजना, 6 कन्यादान योजना, 295 को पोषाहार योजना का लाभ दिया गया। मनरेगा विभाग द्वारा 21 किसानों को सिंचाई कूप दिया गया। 143 लोगों को पेंशन का लाभ दिया गया। समीक्षा के क्रम में अंचल निरीक्षक द्वारा बताया गया कि ताना भगत परिवार के 59 लोगों की दाखिल खारिज किया गया है और 108 राजा तुम का रेंट रिसिप्ट दिया गया है। बैठक में उपस्थित बैंक शाखा प्रबंधकों को ताना भगत भगत समुदाय के लोगों को केसीसी सहित अन्य ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पूर्व विधायक गंगा टाना भगत के प्रस्ताव पर राज्य स्तरीय टाना विकास प्राधिकार को ताना भगत मुक्ति दिवस 2022 में हुए खर्च की राशी सरकार से मांग करने का प्रस्ताव पास किया गया साथ ही 30 जनवरी 2023 को होने वाले कार्यक्रम के लिए भी जिला स्तरीय टाना भगत प्राधिकार समिति से राशि की मांग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व विधायक द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह-अध्यक्ष प्रखंड स्तरीय टाना भगत प्राधिकार समिति से सामुदायिक भवन के लिए जमीन चिन्हित कर समुदायिक भवन बनवाने का प्रस्ताव दिया गया। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित्रा कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नायाब जेबा, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अवनी कुमार झा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी वासुदेव बड़ाईक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिर्की व ताना भगत के प्रतिनिधि सहित कई लोग उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) कार्यालय –जिला सहकारिता पदाधिकारी, चतरा।

E mail – dcocopchatra@yahoo.in

**आवश्यक सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत झारखण्ड राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियम 1935 के अन्तर्गत निबंधित विभिन्न विशेष प्रकार की सहकारी समितियाँ यथा–फल सब्जी उत्पादक, वनोत्पाद,, लाह, मत्स्य, बुनकर, डेयरी, पोल्ट्री, उपभोक्ता सामग्री, महिला विकास आदिको वित्तीय वर्श 2022–23 मे कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अन्तर्गत कार्यशील पूँजी के रूप में प्रति समिति न्यूनतम 2.00 लाख रू० एवं अधिकतम 5.00 लाख रू० उपलब्ध कराया जाना है जिसका चयन जिला स्तर पर गठित कमिटि के द्वारा किया जाएगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या –10 दिनांक 07.11.2022 के कंडिका–06 के अनुरूप विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के चयन हेतु शर्ते निम्नांकित हैं–

1. समिति का निर्वाचन अद्यतन हो।
2. समिति द्वारा वित्तीय वर्श 2021–22 तक का अंकेक्षण करा लिया गया हो।
3. समिति द्वारा वित्तीय वर्श 2021–22 तक का बकाया अंकेक्षण शुल्क की राशि जमा कर दी गई हो।
4. समिति द्वारा पूर्व में बीज / उर्वरक / कृषि / मत्स्य / बुनकर / फल–सब्जी / डेयरी / पोल्ट्री / उपभोक्ता सामग्री / महिला विकास आदि का कार्य / विकास संचालित किया जाता रहा हो।
5. समिति में पर्याप्त आधार भूत संरचना यथा–कार्यालय / गोदाम / फर्नीचर की स्थिति अच्छी / संतोशजनक हो।
6. समिति में वाहन के आवागमन की सुविधा हो।
7. समिति पिछले 3 वित्तीय वर्शों यथा– 2018–19, 2019–20, 2020–21, तक बैंक डिफॉल्टर नहीं रहा हो।
8. समिति का वार्शिक कारोबार कम से कम 3.00 (तीन) लाख रूपये होनी चाहिये।
9. समिति का व्यवसाय पिछले दो वर्शों से लगातार घाटे का नहीं हो।
10. समिति में पर्याप्त मानव संसाधन की व्यपस्था हो।
11. समिति में नियमित रूप से प्रबंधकारिणी समिति एवं वार्शिक आम सभा की बैठक आयोजित होती रही हो।
12. चयनित विशेश प्रकार की सहकारी समितियों के पास उनके कार्य की प्रकृति के अनुरूप लाईसेंस हो।
13. समितियों के चयन में अंकेक्षित वर्गीकरण (Audit Classification) A एवं B Category प्राप्त समितियों को प्राथमिकता दी जायेगी। A एवं B Category समितियों की अनुपलब्धता की स्थिति में C Category प्राप्त समितियों का चयन आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश के कंडिका–10 के अनुसार चतरा जिला अन्तर्गत सभी इच्छुक एवं आवश्यकताधारी तथा चयन मापदण्डो को पुरा करने वाले विशेश प्रकार की सहकारी समितियों की निम्नविहित प्रपत्र में प्रस्ताव के साथ जमा किये जानेवाले अभिलेख के साथ संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी / सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव दिनांक 24.01.2023 तक कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, चतरा में जमा करना अनिवार्य होगा।

**विहित प्रपत्र**

| प्रखण्ड का नाम | समिति का नाम / पता एवं निबंधन संख्या | गत निर्वाचन की तिथि | आधार भूत संरचना | | | | वित्तीय प्रतिवेदन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कर्मी की संख्या | कार्यालय (हाँ / नहीं) | गोदाम (क्षमता) | फर्निचर फिक्सचर | गत अंकेक्षण का वर्ष | अंकेक्षण शुल्क भुगतान की स्थिति | लाभ / हानि (2020–21 के पूर्व तीन वर्षों में) 2018–19:– 2019–20:– 2020–21:– | वार्षिक कारोबार (रूपये में) |

प्रपत्र के साथ जमा किये जानेवाले अभिलेख :–1. अंकेक्षण प्रतिवेदन(2020–21 के पूर्व तीन वर्षों में), 2. निर्वाचन प्रमाण पत्र, 3.व्यवसाय कार्य योजना, 4.कारोबार संबंधित लाइसेन्स, 5. शपथ पत्र–(क) समिति की प्रबंधकारिणी एवं वार्शिक आमसभा की बैठक नियमित रूप से होती रही है। (ख) समिति वर्ष 2018–19, 2019–20, 2020–21 में बैंक डिफॉल्टर नहीं रहा है।

विशेष जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी / सहकारिता प्रसार पदाधिकारी / अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। कार्यालय का पता–जिला सहकारिता पदाधिकारी, चतरा, संयुक्त कृषि भवन तपेज, चतरा–825401

जिला सहकारिता पदाधिकारी, चतरा।

PR 287828 Co-opretive(22-23)D


# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल सांडी में ओलंपियाड का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल सांडी में एक्स्ट्रा मार्क्स की ओर से बुधवार को ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इस में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों ने भाग लिया। कक्षा एक से कक्षा तीन तक के बच्चों के बीच ड्राइंग और कक्षा चार से कक्षा आठ तक के बच्चों के बीच मैथ्स और साइंस कंपटीशन हुआ।कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्य नेहा गुप्ता ने बताया कि ओलंपियाड के आयोजन से बच्चों में कंपटीशन की भावना जगाने में मदद मिलती है,इस से शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार होता है।क्योंकि, इस तरह की परीक्षाएं बच्चों की सोंच और सीखने के स्तर को बेहतर बनाती है जो,उन्हें अवधारणा को बेहतर ढंग से समझने में मदद करती है।इस का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को सामने लाना और उन्हें अपनी सीखने की क्षमता में सुधार करने के लिए प्रेरित करना है।

# विद्युत समस्या को लेकर महाप्रबंधक को सौंपा आवेदन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेश तिर्की ने आज महाप्रबंधक झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड पी के श्रीवास्तव से मिलकर एक आवेदन सौंपा खूंटी जिला के बिजली संबंधित कई सारी समस्या हो रही है उससे अवगत कराया जहां 80 गांव का ट्रांसफॉर्मर अभी भी लगाया जाना लंबित है खूंटी जिला में आधा से ज्यादा गांव आज भी अंधेरे में हैं कारण वर्कशॉप ना होने के कारण ट्रांसफार्मर बनने के लिए रांची भेजा जाता है रांची जिले का खुद का ट्रांसफर में पेंडिंग पड़े हुए है उसी तरह खूंटी जिले का पेंडिंग पड़ा रहता है। पी के श्रीवास्तव ने कहा कि 2 से 3 महीने में वहां ट्रांसफार्मर वर्कशॉप बनने वाला वर्क आर्डर के जल्द निकल जाएगा और बिजली संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए बहुत जल्द खूंटी जिले में ऊर्जा मेला लगने वाला है ।


## मोटरयान निरीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।

### माह जनवरी 2022 से माह अक्टूबर 2022 तक में अप्राप्त फिटनेस पत्र आवेदन

निम्न वाहन मालिकों को शहर के प्रचालित अखबार के माध्यम से सूचित कया जाता है कि सुची में दर्ज वाहन संख्या संबंधि आवेदन अबतक आपके द्वारा अप्राप्त है। अतः वाहनस्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि निम्नांकित वाहन संख्या को दिनांक 25.01.2023 एवं 03.02.2023 को फिटनेस प्रमाण पत्र के लिए अपने वाहन को अलबर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा मे पुर्वाह्न 11 बजे से 2 बजे तक वाहन प्रस्तुत करेंगे अन्यथा आपकी आवेदन रददृ कर दी जाएगी।

| Sl.No. | APPLICATION NO. | APPLICATION DATE | VEHICLE NO. | VEHICLE CLASS | ADDRESS | CONTACT NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH22012797942977 | 27-01-2022 | JH20D-9691 | TRACTOR | Pradip Bilung, S/o- Lt Johan Bilung, At-Dewbahar,Manbodh Toli, kerya, PS - T.Tanger, Dist -Simdega-835226 | 7838035545 |
| 2 | JH22012797942981 | 27-01-2022 | JH20D-4302 | TRAILER | Pradip Bilung, S/o- Lt Johan Bilung, AtDewbahar,Manbodh Toli, kerya, PS - T.Tanger, Dist -Simdega-835226 | 7838035545 |
| 3 | JH22022281354294 | 22-02-2022 | JH20D-0762 | THREE WHEELER | Satish Prasad, S/o- Nandlal Prasad, At Sewai Bazartoli, Sewai, Simdega-835223 | 7033236878 |
| 4 | JH22031173904880 | 11-03-2022 | JH20C-3741 | TRACTOR | Rina Devi, W/o- Sudhir Prasad, At+Po-Taisera, Simdega-835223 | 9973400036 |
| 5 | JH22041818878758 | 18-04-2022 | JH20D-8451 | AUTO | Praveen Kehsri, S/o- Ganesh Prasad, At-Thakur Toli, Po+Ps - Simdega-835223 | 7033177009 |
| 6 | JH22041828929514 | 18-04-2022 | HR46C-5190 | GOODS CARRIER | Shivalaya Construction, S/o- NA, At-359, Sector-14, Rohtak, Haryana | 7320920207 |
| 7 | JH22042289512113 | 22-04-2022 | JH20D-6211 | TRAILER | Kedarnath Saw, S/o - Lt. Chandru Saw, Deobahar, Po+Ps - T.Tanger,Dist - Simdega-835226 | 9304272730 |
| 8 | JH22072208857309 | 22-07-2022 | JH20D-8691 | EXCAVATOR | M/S Superiour Construction Pvt.Ltd., S/O- NA, Tukupani, P0+Ps - Simdega-835223 | 9144476004 |
| 9 | JH22080292143301 | 02-08-2022 | JH20D-9298 | EXCAVATOR | Umacharan Prasad Keshri, S/o - Moti Sao, At- Prince Chowk, Po+Ps- Simdega | 9905571809 |
| 10 | JH22080212224808 | 02-08-2022 | JH20A-1695 | GOODS CARRIER | Afjaluddin, S/o- Md.Yasin, At - T.Tanger, Dist- Simdega-835223 | 7542805455 |
| 11 | JH22080492515757 | 04-08-2022 | JH20D-8069 | TRACTOR | Leonard Kandulna, S/o- Johan Kandulna, Khulsoya, Po- Barasloya, Ps- Simdega, Dist-Simdega-835223 | 9934111886 |
| 12 | JH22081823945909 | 18-08-2022 | JH20D-2247 | TRAILER | Amrit Lal Beck, S/o- Jai Masih Beck, At-966A, Anand Puri Colony, Near Sadar Block, Hazaribagh-852852 | 8521761370 |
| 13 | JH22081879346753 | 18-08-2022 | JH20D-7218 | TRACTOR | Amrit Lal Beck, S/o- Jai Masih Beck, At-966A, Anand Puri Colony, Near Sadar Block, Hazaribagh-852852 | 8521761370 |
| 14 | JH22082745152219 | 27-08-2022 | JH20D-6508 | AUTO | Pradeep Johnson Kullu, S/o- Samuyal Kullu, Koyortoli Bhedihi, Biru, Dist - Simdega-835223 | 9955702252 |
| 15 | JH22090356057989 | 03-09-2022 | JH20E-9564 | TRACTOR | Anil Kasi, S/o- Kamal Kasi, At-Lachragarh, Ps-Kolebira,Dist- Simdega-835211 | 8102731766 |
| 16 | JH22090846701541 | 08-09-2022 | JH20E-8013 | TRACTOR | Sunil Bilung, S/o-Lt. Kandra Bilung, At-Danr Gudra, Mhadan Toli, Ps - Tamra, Dist- Simdega-835228 | 6200476747 |
| 17 | JH22090886701690 | 08-09-2022 | JH20E-8012 | TRAILER | Lalita Devi, S/o- Dhirendra Kumar, At - Biru, Dist- Simdega-835228 | 9199862440 |
| 18 | JH22090816702425 | 08-09-2022 | JH20E-9525 | TRACTOR | Birsa Pradhan, S/o- Sukhram Pradhan, At- Bakhri Toli, Gotra, Dist - Simdega-835223 | 9631202667 |
| 19 | JH22092398470572 | 23-09-2022 | JH20B-7002 | BUS | Anuradha Sinha, W/o- Suraj Kant, Raj APTS, Block-B-2G, Booti Road, Near Premsons Motors, Bariatu, Ranchi-834009 | 9308070844 |
| 20 | JH22092448522504 | 24-09-2022 | JH20A-6528 | GOODS CARRIER | Ramesh Singh, S/o- Sahed Singh, At-Amba Nagar, Po -Hehal, Dist- Ranchi-834001 | 9031525895 |
| 21 | JH22092718782182 | 27-09-2022 | JH20E-6144 | AUTO | Kalindra Singh, S/o- Punu Singh, Jomadohar Bhandar Toli, Dist - Simdega-835223 | 6207023756 |
| 22 | JH22092959132182 | 29-09-2022 | JH20C-5918 | GOODS CARRIER | Dhadhu Ohdar, S/o - Lt. Amin Ohdar, At - Bazartoli, Po_ Hatinghore, Ps- Bano, Dist- Simdega-835201 | 9431520617 |
| 23 | JH22093089416875 | 30-09-2022 | JH20B-1418 | AUTO | Anil Soreng, S/o- Libin Soreng, At-Kabiradih, Po-Koromiya, Ps-T.Tanger, Dist- Simdega | 8427231592 |

मोटरयान निरीक्षक, सिमडेगा।

PR 287863 (District) 22-23 (D)


# डीएवी खलारी की ओर से असहायों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डीएवी खलारी स्कूल के तरफ से विद्यालय के प्राचार्य बीपी रॉय निर्देश पर विद्यालय में विद्यार्थियों एवं स्टाफ के सहयोग से इकट्ठे किए गए, नए पुराने वस्त्रों में से शॉल, स्वेटर, पैंट, कमीज और कंबल का करकट्टा एवं आस पास के क्षेत्र के ईट भट्ठों पर रहने वाले गरीब असहायों लोगों के बीच गर्म व उन्नी वस्त्र वितरण किया गया. इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि खून जमा देने वाली सर्दी में हम सभी मनुष्यों का यह दायित्व बनता है कि गरीबों और असहायों की मदद करें. मानवता के इस पुनीत कार्य में विद्यालय के सभी बच्चों का सराहनीय योगदान रहा. वस्त्र वितरण में वरिष्ठ शिक्षक और सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह, प्रीति महतो,अमित कुमार मिश्रा, अभिषेक दुबे,अभिजीत सिन्हा की विशेष भूमिका रही .

# आजसू नेता सीधाटोली के ग्रामीणों से मिले

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड अंतर्गत आरा पंचायत के सिधा टोली में रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष आजसू पार्टी के प्रकाश लकड़ा ने ग्रामीणों के साथ विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, एवं सरकारी योजनाओं कि विस्तृत जानकारी ली। इसी क्रम में सरकार के द्वारा घोषणा पत्र मे कि गई घोषणा का एक भी काम क्षेत्र में नहीं हो रहा है । सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है ।इस मौके पर प्रकाश लकड़ा,भोला बडाईक, संजीव कुमार,रोहन कुमार, संतोष कुमार यादव, नवीन झा,काशी महतो, फूलकुमारी देवी, जितेंद्र सिंह इत्यादि के साथ सैंकडो ग्रामीण उपस्थित थे।


## शपथ पत्र

मैं खुबिया दास पिता :- स्वर्गीय बृस्पति दास ग्राम - खरखरी , पोस्ट :- जवाहरनगर, थाना :- बिरनी, जिला :- गिरिडीह का निवासी हूं और मेरी उम्र लगभग 63 वर्ष है, मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मैं खुबिया दास पिता स्वर्गीय बृस्पति दास एवं खुबिया दास पिता स्वर्गीय बोधी दास दोनों एक हीं व्यक्ति हैं जो मैं हीं हुं, मैं अपने गांव एवं पंचायत में दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हुं, यह शपथ मैं अपने दोनों नामों की पुष्टि करने के संबंध मे कर रहा हूं।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

**अति ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – 12/EE/RDSD/KODERMA/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा जिला के चन्दवारा प्रखण्ड के उत्क्रमित विद्यालय जौंगी का चाहरदीवारी निर्माण। | 2344737.00 | 47000.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |
| 2. | झुमरी तिलैया के राज्यकृत उ०म० विद्यालय मद्रुआटॉड में 07 कमरा का मरम्मति कार्य। | 1829000.00 | 37000.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |
| 3. | गाँधी उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया के चाहरदीवारी एवं बारामदा में ग्रील कार्य। | 1138800.00 | 23000.00 | 2500.00 | 06 (छः) माह। |
| 4. | कोडरमा के केन्द्रीय विद्यालय,झुमरी तिलैया में मरम्मति शौचालय एवं विद्युतीकरण कार्य। | 2257800.00 | 45500.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |
| 5. | Repairing of Domchanch block Building, in koderma Dist, | 1281100.00 | 26000.00 | 2500.00 | छः माह (06) |
| 6. | डोमचाँच प्रखण्ड के UHS , बेहराडीह विद्यालय का मॉडलीकरण। | 2447200.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 7. | कोडरमा प्रखण्ड के राजकीय +2 उच्च विद्यालय डुमरडीहा में चाहरदीवारी, विद्युतीकरण, शौचालय एवं डींप बोरिंग कार्य। | 2496300.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 8. | जयनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय कटिया का चाहरदीवारी निर्माण। | 1464317.00 | 30000.00 | 2500.00 | छः माह (06) |
| 9. | सतगावाँ प्रखण्ड के बालिका उच्च विद्यालय सिहास का चाहत्ररदीवारी निर्माण। | 2496500.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 10. | कोडरमा प्रखण्ड के बेकोबार में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेकोबार का चाहरदीवारी निर्माण। | 2498500.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 11. | मरकच्चो प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगीडीह का चाहरदीवारी निर्माण। | 2498400.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 12. | डोमचाँच प्रखण्ड अंतर्गत उत्क्रमित विद्यालय (UHS) लक्ष्मीपुर में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष (ACR) का निर्माण। | 1456500.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह (03) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 31.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 03.02.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.02.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9939700965 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 287816 Rural Work Department (22-23)_D

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र पुनिसिर सीआरपीएफ कैंप में जरूरत के समान का वितरण



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के कुचाई प्रखंड के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र पुनिसिर सीआरपीएफ कैंप में भुपाल सिंह कमांडेंट, कुमार राकेश रंजन उप कमांडेंट, अश्वनी मलिक मेडिकल आफिसर और प्रदीप कुमार यादव के उपस्थित में 157 बटालियन द्वारा जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जरुरतमंद गरीबों के बीच सोलर लालटेन, हासिया व फावड़ा एवं खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि इस तरह की कार्यक्रम समय समय पर होने से ग्रामीणों में जागरूकता की आवश्यकता नहीं होगी एवं सीआरपीएफ और ग्रामीण के लोगों के बीच सामंजस्य बना रहेगा।

## एक एक जख्म त्रिपुरा में भाजपा की दुर्गति का अध्याय लिखेगा : बब्लू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** त्रिपुरा में भाजपा समर्थको के



द्वारा डॉ अजय कुमार के मोटरसाइकिल रैली में हमला का कांग्रेस नेता बब्लू झा ने घोर निंदा करते हुआ कहा कि, आज देश ने देख लिया अपराधियों की पार्टी किस कदर खौफ में है। भाजपाई सिर्फ अपना स्तर गिरा सकती हैं, डॉ अजय कुमार जी का हौसला नहीं। उन्होंने कहा, एक एक जख्म त्रिपुरा में भाजपा की दुर्गति का अध्याय लिखेगा।

## बेलटांड़ में सात रात्रि बांग्ला जात्रा उत्सव का आज, उद्घाटन करेंगे विधायक मंगल कालिंदी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेताजी सुभाष संस्कृति मंच बेलटांड़ के तत्वावधान में आयोजित सात रात्रि बांग्ला जात्रा उत्सव का उद्घाटन गुरुवार को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी फीता काटकर करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप ने बताया कि बेलटांड़ चौक परिसर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह है। पहले दिन बिड़रा गांव की गिरिधारी ऑपेरा द्वारा स्वाधीन देशेर पराधीन भालोबासा का मंचन किया जाएगा। दर्शकों की सुविधा के लिए एयर प्रूफ पंडाल का निर्माण कराया गया है ताकि ठंड से राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के पुराने एवं वरिष्ठ जात्रा कलाकारों को अतिथियों के हाथों सम्मानित भी किया जाएगा। बुधवार को संपन्न हुई तैयारी बैठक में महासचिव बृंदावन दास, सचिव आदित्य हालदार, कोषाध्यक्ष माणिक हालदार, विश्वामित्र दास, शिशुपाल सिंह सरदार एवं अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## भाजपा नेता गणेश महतो का निधन, अर्जुन मुंडा समेत कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिले के



वरिष्ठ भाजपा नेता और ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष, जमशेदपुर के प्रभारी के साथ सांसद प्रतिनिधि रहे गम्हरिया निवासी गणेश महतो (51) का बुधवार की सुबह टीएमच में निधन हो गया। उनके निधन की खबर पाकर काफी संख्या में भाजपा नेता टीएमएच पहुंचे और अंतिम दर्शन कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उनके असामयिक निधन पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,आदित्यपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर अमित सिंह उर्फ बॉबी सिंह, भाजपा नेता गणेश महाली, जिलाध्यक्ष विजय महतो, जिला प्रवक्ता राकेश मिश्रा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रधान समेत अन्य नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## एबीवीपी महाविद्यालय इकाई 2023-24 गठित, अध्यक्ष बने राहुल महतो



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** काशी साहू महाविद्यालय परिसर में बुधवार को पूर्व जिला संयोजक लक्ष्मण महतो, पूर्व महाविद्यालय इकाई छात्र प्रमुख निशांत साहू, प्रदेश कार्य करणी सदस्य अजय ज्योतिषी एवं विशाल पड़िहारी के नेतृत्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा महाविद्यालय इकाई 2023ङ्24 का गठन किया गया. जिसमे अध्यक्ष राहुल महतो उपाध्यक्ष कौशल कुंभकार, रविंद्र महतो, रितिक साहू एवं प्रदुम महतो, मंत्री कुणाल कुमार महतो सह मंत्री गणेश प्रमाणिक, मोहित मोदक, लखींद्र एवं महतो, कार्यालय मंत्री अजय उरांव, कार्यालय सह मंत्री राकेश महतो, एसएफएस प्रमुख कृष्णा ज्योतिषी, एसएफएस सह प्रमुख मुस्कान उरांव, एस एफ डी प्रमुख कार्तिक सिंह देव, एसएफडी सह प्रमुख सिखा दरोगा, सोशल मीडिया प्रभारी संजय कुमार महतो, सोशल मीडिया सह प्रभारी कमल उरांव, जनजातीय प्रमुख अजीत उराव, जनजातीय सह प्रमुख पुष्पा होनहागा, राष्ट्रीय कला मंच किरण महतो, एनएसएस प्रमुख अनिल साहू, एनएसएस सह प्रमुख मीना लोहार, स्पोर्ट इंचार्ज शशिकांत महतो, कार्यकारिणी सदस्य रंजन, आकाश, पूजा सावन, महाशय, निवारण, अंकिता, सुभद्रा, अभिषेक, प्रीति ये सभी नव मनोनितों सदस्य को दायित्व दिया गया.

## 30 जनवरी होने वाले 'खतियानी जोहार यात्रा' की तैयारी में जुटा झामुमो



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के सभी जिलों में यूपीए महागठबंधन द्वारा खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. जिसके तहत 30 जनवरी को द्वितीय चरण के खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम जिले में भी किया जाना है. सरायकेला जिला मुख्यालय में विशाल एवं ऐतिहासिक जनसभा आयोजन करने की तैयारी जोरों पर है. इसी संदर्भ बुधवार को सरायकेला परिसदन में जिला अध्यक्ष डॉ शिवेंदु महतो की अध्यक्षता में जिला कमेटी की एक बैठक हुई. बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारी पर चर्चा किया गया. बैठक के सम्बंध जिला अध्यक्ष ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सहित राज्य कैबिनेट के मंत्री, जिले के सभी विधायक और सांसद समेत महागठबंधन दलों के राज्य स्तरीय नेतागण शामिल होंगे. कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए झामुमो के विधायकों और झामुमो जिला समिति ने पूरी शक्ति झोंक दी है. जिले में प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर लगातार बैठकों का दौर जारी है, जिला झामुमो द्वारा प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर प्रभारी एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गयी है. उन्होंने कहा हेमन्त सरकार द्वारा राज्य में खतियान आधारित स्थानीय नीति, सरना धर्म कोड और एसटी, एससी, ओबीसी के आरक्षण मुद्दे पर झारखंडी जनभावना के अनुरूप निर्णय लिया गया है. बैठक के अंत में प्रखण्ड अध्यक्ष स्वर्गीय धर्मा मुर्मू जी के आत्मा के शांति के लिए एक मिनट का मौंन रखा गया. बैठक में जिला सचिव बुधेश्व मार्डी, जिला परिषद् अध्यक्ष सोनराम बोदरा, विधायक प्रतिनिधि सनद आचार्य, विधायक प्रतिनिधि माँगीलाल महतो, केंद्रीय सदस्य सुधीर महतो, आदि उपस्थित थे.

### झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग टीम का एक दिवसीय पूर्वी सिंहभूम भ्रमण

# एक्टिव पदाधिकारी जिले में कार्य कर रहे : आयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव, सदस्य सुनील वर्मा, विकास दोदराजका एक दिवसीय पूर्वी सिंहभूम भ्रमण पर थे। इस दौरान टीम ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पोटका का निरीक्षण किया। कई छात्राओं के बारे में कला के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता पर खुशी जाहिर करते हुए आगे बढ़ने के अवसर देने को लेकर आश्वस्त किया। आयोग की टीम ने दो आंगनबाड़ी सेंटर- पिछली एवं हेसल बिल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात आयोग की टीम ने परिसदन में उपायुक्त विजया जाधव एवं एसएसपी प्रभात कुमार के साथ बैठक कर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पोटका के बच्चों को लेकर उन्होने कहा कि एक प्रयास उचित प्लेटफॉर्म दिलाने का किया जा सकता है जहां ये बच्चे अपने पेंटिंग, लकड़ी से बने कलाकृति तथा अन्य विविध कलाओं का प्रदर्शन कर सकें। कला को लेकर छात्राओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु उद्योग केंद्र के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने पर चर्चा की गई। बालिकाओं के लिए हॉकी ट्रेनर्स एवं बालिकाओं के अनुसार बेड की व्यवस्था को पूर्ण व्यवस्था करने हेतु सुझाव भी दिए गए। श्रम अधीक्षक द्वारा बताया गया कि समय-समय पर धावा दल के द्वारा बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाते हुए उनके परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाता है। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण के अनुसार बच्चों को नामांकन की कार्रवाई की जाती है। पूर्वी सिंहभूम में बालिका गृह नहीं है। इसके लिए आयोग द्वारा आश्वासन दिया गया है कि बालिका गृह के व्यवस्था हेतु उचित कार्रवाई की जाएगी। आयोग द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिले में भविष्य में होने वाली निरीक्षण में बाल गृह, संप्रेक्षण गृह एवं विशेष दत्तक ग्रहण संस्था आदि के निरीक्षण की बात कही गयी। आयोग की टीम पूर्वी सिंहभूम जिले के पदाधिकारियों के कार्य गतिविधियों को देखकर काफी उत्साहित रही। कहा पूर्वी सिंहभूम जिले की टीम काफी अच्छी है, काफी एक्टिव पदाधिकारी जिले में कार्य कर रहे हैं। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक जिला शिक्षा अधीक्षक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर डालसा अध्यक्ष ने की बैंक प्रतिनिधियों संग बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** नालसा न्यू दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला द्वारा आगामी 11फरवरी 2023 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में बैंक अधिकारियों सहित जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष विजय कुमार ने बैठक की. सभी बैंक के अधिकारियों से उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में वादों के निष्पादन के दिशा में प्रयास करने को कहा. ताकि अधिक से अधिक संख्या में आम लोग राष्ट्रीय लोक अदालत से लाभान्वित हो सकें. जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद द्वारा बैठक का संचालन किया गया. बैठक में स्थाई लोक अदालत सरायकेला के चेयरमैन राकेश मिश्रा भी उपस्थित रहे.

## डॉ अजय पर हमला भाजपा के द्वेष भरी राजनीति का परिचायक : शैलेश पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड प्रदेश कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने त्रिपुरा में डॉ अजय कुमार के मोटरसाइकिल रैली के दौरान किए गए अंधाधुंध पत्थरबाजी की घटना की निंदा करते हुए इसे भाजपा के द्वेष भरी राजनीति का परिचायक बताया है। उन्होंने कहा भाजपा जिस प्रकार सत्ता के नशे में चुर होकर कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर प्रहार कर रही है, जनता इसका जवाब भाजपा के अभिमान का 2024 में अंत करके देगी। विदित है कि उक्त रैली में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी एवं जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए है। बताया कि त्रिपुरा में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने में जुट चुकी है। डॉ अजय कुमार भी दिन रात त्रिपुरा में संगठन को सशक्त बनाने के कवायद में लगे हुए हैं। इसी के तहत बुधवार को वहां मोटरसाइकिल रैली निकाली गई थी।

# वरिष्ठ पत्रकार रतन जोशी को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर व चैंबर ऑफ कॉमर्स ने दी श्रद्धांजलि

### - ग्रामीण पत्रकार सुनील सिंह, संजय शौर्य और प्रदीप गोप को भी किया गया याद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के वरिष्ठ पत्रकार रह चुके दिवंगत रतन जोशी, सुनील सिंह, जादूगोड़ा के दिवंगत पत्रकार संजय शौर्य और डुमरिया के दिवंगत पत्रकार प्रदीप गोप को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि दी गई. इस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बिष्टुपुर स्थित चेंबर भवन में किया गया। शोक सभा में प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल, प्रेस क्लब के संरक्षक ब्रजभूषण सिंह, जयप्रकाश राय, एस एन दूबे, अजय शंकर, देवाशीष चटर्जी, प्रेस क्लब संस्थापक अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, महासचिव मानव केडिया, नितेश धुत, किशोर गोलछा अनिल मोदी ने भी दिवंगतों की स्मृति में अपने विचार रखे। आयोजन में चैंबर के पवन शर्मा के अलावा शहरी और की ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार मौजुद रहे. प्रेस क्लब के महासचिव अंजनी पांडेय ने कार्यक्रम का संचालन किया। सभा में दिवंगत पत्रकारों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

**इन्होंने की पुष्पांजलि अर्पित:** अनीस खान, जयेश ठक्कर,सुशील अग्रवाल, नानक सिंह, त्रिलोचन सिंह, वीरेंद्र सिंह, राकेश मिश्रा, रोहित सिंह, विनय पूर्ति,अजय महतो, मनोज सिंह, मनोज सिंह कशिश, भोला प्रसाद, अकबर, इम्तियाज, जावेद, भैरव महाराज राजेश सिंह, आनंद राव, रंजन गुप्ता, आलोक रंजन, अरविंद, जाहिद, वकीलुद्दीन, रत्नेश, अभिजीत, अरविंद शर्मा, प्रभजन, मो रफीक, राजमणि सिंह, राजू कुमार, सद्दाम, प्रसंजीत, रोहित सिंह प्रतीक आदि शामिल थे।

# पटमदा के रांगाटांड़ में खुला बीएम पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शिक्षकों का दायित्व : मंगल कालिंदी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को पटमदा प्रखंड के रांगाटांड़ मोड़ में इंग्लिश मीडियम बीएम पब्लिक स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान स्कूल परिवार की ओर से विधायक समेत तमाम अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा बहुत खुशी की बात है कि यहां इंग्लिश मीडियम का स्कूल खोला गया। स्कूल के शिक्षकों का दायित्व बनता है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि संघर्ष जैसे भी हो उसका मुकाबला डटकर करना चाहिए। विधायक ने स्कूल को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन, स्कूल के डायरेक्टर भरत महतो, ग्राम प्रधान सुनील महतो, प्रो. पंचानन दास, समाजसेवी शरत सिंह सरदार, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, आदि उपस्थित थे।

# सपादा टुसू राम मेला में सिर्फ दो टुसू देख विधायक हुई चिंतित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरलडीह :** सरायकेला जिला के कुकडु प्रखंड के सुप्रसिद्ध राम मेला में आज हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़े। यह मेला स्वर्णरेखा नदी के तट पर सपादा में लगता है। पिछले तीन वर्षो से कोरोना महामारी के कारण मेला सही ढंग से नही लगा था। इस वर्ष काफी दूर से दर्शक मेला में पहुंचे। मेला में ईचागढ़ के विधायक सबिता महतो सहित कई राजनीतिक दल के नेता भी शिरकत किया। विधायक सबिता महतो ने कहा कि उनके पति पूर्व उप मुख्यमंत्री सुधीर महतो भी हर साल मेला में आया करते थे। वही अब वे भी इस मेला में हर वर्ष आती है। वही उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए बोली कि इस मेला का नाम टुसु मेला है जबकि मात्र दो ही टुसु इस मेला में देखने को मिला। मौके पर उन्होंने दोनों टुसु को पुरस्कार देकर सम्मानित भी की। मौके विधायक सबिता महतो, पूर्व जीप उपाध्यक्ष अशोक साव, भाजपा नेता विनोद राय पर क़ाबलु महतो, बिस सूत्री अध्यक्ष शक्ति महतो, मुखिया रामबालक सिंह, इंद्रजीत महतो, सहित कई राजनीतिक दल के नेता व समाजसेवी उपस्थित थे ।

## प्रखंड स्तरीय सहाय योजना का खेल को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड कार्यालय में झारखंड सरकार की सहाय योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय विभिन्न खेलों का आयोजन को लेकर बैठक किया गया। बैठक में 19 जनवरी से 22 जनवरी तक फुटबॉल बालक एवं बालिका, हाकी, बालीबल एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता के संबंध में बीडीओ राकेश गोप के साथ चर्चा किया गया। सहाय योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय खेल प्रखंड मैदान चकेगड़ीया में सम्पन्न कराने को लेकर चर्चा किया गया।

# भारतीय ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बने अजय मंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नंदलाल साहू ने एक बैठक में मोर्चा की प्रदेश कमिटी का विस्तार करते हुए परसुडीह प्रमोथनगर निवासी अजय मंडल को प्रदेश उपाध्यक्ष और बागबेड़ा निवासी सुनील गुप्ता को प्रेस प्रवक्ता बनाया। बैठक बुधवार को गोलपहाड़ी पोस्ट ऑफिस के पास संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिला ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दिवेश राज समेत मोर्चा के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष नंदलाल साहू, महिला प्रदेश अध्यक्ष कुंती लाल देवी सहित नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अजय मंडल एवं प्रदेश प्रवक्ता सुनील गुप्ता को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप गुप्ता, प्रकाश साहू नवीन कुमार, आशीष ठाकुर, आशीष कुमार यादव, भगवान प्रसाद, शिव कुमार मंडल, जय मंगल मंडल, सुरजीत प्रसाद, कार्तिक लाल आदि उपस्थित थे।

## रानी गुप्ता ने टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी से की शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाज सेविका सह सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की झारखंड अध्यक्ष और राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण जन कल्याण संगठन वर्गीय वरिष्ठ उपनिदेशक रानी गुप्ता ने आज टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिंहा से उनके दफ्तर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। मुलाकात के बाद रानी गुप्ता ने बताया कि यह उनकी एक शिष्टाचार मुलाकात थी। कहा उन्हें नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ-साथ मकर सक्रांति की भी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाजसेवी रानी गुप्ता ने अपने संगठन के द्वारा किए गए कार्यो से उन्हें अवगत कराया। साथ ही कई मुद्दों पर चर्चा की। मौके पर ललिता देवी भी मौजूद थी।

# मायुमं का एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम आयोजित, पूर्व अध्यक्ष हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा एक शाम युवाओं के नाम म्यूजिकल नाइट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा के सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में साकची स्थित एक होटल में आयोजित हुए कार्यक्रम में शहर के जाने माने कलाकर गुरप्रीत साज ने म्यूजिकल नाइट्स में शानदार प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम आखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 39वें स्थापना दिवस के मौके पर हुआ, जो आगामी 20 जनवरी शुक्रवार को पूरे देश में मनाया जायेगा। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, शाखा के संथापक अध्यक्ष बिमल रिंगसिया, पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रांतीय महामंत्री अरुण गुप्ता ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शाखा के सभी अध्यक्षों ने अपने कार्यकाल में कई श्रेष्ठ कार्य किए है जिससे अखिल भारतीय स्तर पर शाखा की पहचान बरकरार है। पूर्व अध्यक्ष विष्णु गोयल ने बताया कि कोरोना काल के दौरान काफी मुश्किलों में जनसेवा के कार्य किए और स्टील सिटी शाखा ने अपनी सेवा से लोगों के बीच लोकप्रियता हासिल की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश गुप्ता, मनीष बंसल, पंकज संघी, अजय चेतानी, योगेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

### कोलकाता का प्रसिद्ध सीएमआरआई हॉस्पिटल अब जमशेदपुर में, डॉ राकेश राजपूत, बोले

# घुटना व कुल्हा रिप्लेसमेंट रोबोटिक पद्धति से संभव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोलकाता के सबसे बड़े मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों में से एक कलकत्ता मेडिकल रिसर्च इंस्टीच्युट (सीएमआरआई) ने आज जमशेदपुर में अपने सुपर स्पेशियलिटी क्लिनिक और सूचना केन्द्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद सीके बिरला हॉस्पिटल-सीएमआरआई ने पूर्वी भारत में पहली बार रोबोटिक ऑर्थो सर्जरी की शुरूआत की थी, यह पद्धति गम्भीर से गम्भीर एवं अत्यंत जटील स्थिति में भी अधिक सटीक एवं बेहतर परिणाम देती है। सीएमआरआई के हड्डी रोग विभाग के निदेशक एवं एचओडी ऑर्थोपेडिक रोबोटिक सर्जन डॉ राकेश राजपूत ने बताया कि रोबोट की मदद से 2 साल में 300 से अधिक सफल रोबोटिक्स जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की है। अधिकांश रोगियों ने तत्काल ठीक होने जैसे पहलुओं के आधार पर संतोषजनक प्रतिक्रिया दी है, इस पद्धति में सर्जरी के बाद जल्दी डिस्चार्ज और कम से कम खून की जरूरत होती है। डॉ राकेश राजपूत ने कहा, जमशेदपुर निवासियों के लिए यह मेरा आश्वासन है कि अगर किसी भी तरह की घुटना एवं कुल्हा रिप्लेसमेंट या जोडों की कोई भी समस्या हो तो उन्हें रोबोटिक पद्धति द्वारा ठीक किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए साकची इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी भवन स्थित सीएमआरआई सेंटर में अथवा 8709255925 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## संपादकीय

# नए रोजगार की ओर

**निर्णायक** होने के कई मजमून हिमाचल का पीछा कर रहे हैं और इन्हीं के इर्द गिर्द तमाम मुख्यमंत्रियों का आकलन होता रहा है। इसी फेहरिस्त में आने वाले पांच साल मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के हर फैसले का मूल्यांकन करेंगे। हिमाचल सरकार के तौर तरीके और पहली मंत्रिमंडलीय बैठक ने यह स्थापित कर दिया कि बात पैसे की भी हो, तो जिरह और जमीन बदली जा सकती है। ओपीएस मुद्दे पर वचनबद्धता निभाना बेशक चुनावी वादा था, लेकिन इस के ऊपर सरकार का रवैया और वित्तीय प्रबंधन का तरीका निश्चित तौर पर निर्णायक भूमिका में परिचय दे गया और अगर मुख्यमंत्री इस मामले से जुड़ी तमाम आपत्तियों और शंकाओं से लांघ गए, तो यह अपने कर्तव्यों, दृष्टिकोण और कार्यवाइयों में उत्सुकता का आभास कराते रहेंगे। अब तक मंत्रियों का चयन, विभागों का वितरण और मंत्रिमंडल के फैसलों का आगाज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह को अलग श्रृंखला बनाते हुए देख रहा है। जाहिर है कांग्रेस की गारंटियां सरकार के गले से बंधी हुई हैं और ये खर्चीली तथा वित्तीय प्रबंधन की अति कठोर तपस्या से जुड़ी हुई हैं। दूसरी ओर राज्य की अपेक्षाएं, हिमाचल की प्राथमिकताएं और व्यवस्था परिवर्तन की धाराएं जाहिर तौर पर मुख्यमंत्री को कडक्क और निर्णायक फैसले लेते हुए देखना चाहती हैं। सरकार के अगले कदमों में तीन सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली की आपूर्ति, एक लाख रोजगार के अवसर पैदा करने और अपने पहले बजट के अनुमानों में आत्मनिर्भरता, आशा, विकास और वित्तीय कुशलता भरने का संकल्प देखा जाएगा। यह दीगर है कि सरकार हर फैसले के पैरामीटर में समय सीमा निर्धारित कर रही है और इसीलिए अगले एक महीने में महिला पेंशन व रोजगार पर फैसला लेने वाली है। ऐसे में हिमाचल और युवाओं के भविष्य की दृष्टि से रोजगार सृजन पर आने वाली रिपोर्ट तथा इससे संबंधित फैसले का इंतजार स्वाभाविक है। यह इसलिए भी कि अब तक रोजगार के मायने सरकारी नौकरी रहे हैं और कमोबेश हर सरकार ने युवाओं को किसी न किसी बहाने इसी दिशा की ओर प्रेरित किया। इतना ही नहीं प्रदेश का अब तक का शैक्षणिक माहौल भी एक तरह से सरकारी नौकरी को ही इसका अभिप्राय बनाता रहा है। ऐसे में रोजगार की रफ्तार को समझने के लिए युवा महत्त्वाकांक्षा और स्वरोजगार की संभावना को फिर से लिखने की जरूरत है। हिमाचल में एक लाख से कहीं अधिक रोजगार व्यापार, उद्योग, पर्यटन, परिवहन, स्वरोजगार, लोककलाओं, ग्रामीण व शहरी आर्थिकी से आ सकता है, बशर्ते ढांचागत परिवर्तन व नवाचार में सरकार आगे बढ़े। इस दिशा में युवाओं के लिए पूर्व घोषित स्टार्ट अप फंड से काफी आशा रहेगी। पर्यटन को ही लें, तो सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक पर्यटन गांव विकसित करते हुए कई होम स्टे, गिफ्ट सेंटर, जल पान गृह, मनोरंजन तथा अन्य गतिविधियों पर केंद्रित स्वरोजगार पैदा कर सकती है। ये पर्यटन गांव बिना किसी अतिरिक्त बजट के विधायक निधि, पर्यटन योजनाओं, ग्रामीण व शहरी विकास, जलशक्ति, पीडब्ल्यूडी, वन, भाषा-संस्कृति, मत्स्य पालन तथा प्रमुख धार्मिक स्थलों की आय व सहयोग से विकसित हो सकते हैं। ये हाई-वे, धार्मिक ईको, साहसिक खेलों, हाट बाजार तथा मनोरंजन गतिविधियों को आगे बढ़ाता हुआ ऐसा ढांचा होगा, जहां पूरे प्रदेश में कम से कम पच्चीस हजार लोगों को रोजगार के अवसर दिए जा सकेंगे। इसी तरह पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण विकास व परिवहन विभाग अगर हर कस्बे में बस स्टॉप कम व्यापारिक केंद्र विकसित करें तो कम से कम पच्चीस हजार नए व्यापारिक केंद्र स्थापित हो सकते हैं। प्रदेश में शहरीकरण से उपजे रोजगार का मूल्यांकन हो, तो ऐसी अधोसंरचना निर्मित हो सकती है, जो कम से कम 25000 युवाओं को पहले ही चरण में भविष्य का रास्ता दिखाएगी।


सरकार के अगले कदमों में तीन सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली की आपूर्ति, एक लाख रोजगार के अवसर पैदा करने और अपने पहले बजट के अनुमानों में आत्मनिर्भरता, आशा, विकास और वित्तीय कुशलता भरने का संकल्प देखा जाएगा। यह दीगर है कि सरकार हर फैसले के पैरामीटर में समय सीमा निर्धारित कर रही है और इसीलिए अगले एक महीने में महिला पेंशन व रोजगार पर फैसला लेने वाली है। ऐसे में हिमाचल और युवाओं के भविष्य की दृष्टि से रोजगार सृजन पर आने वाली रिपोर्ट तथा इससे संबंधित फैसले का इंतजार स्वाभाविक है। यह इसलिए भी कि अब तक रोजगार के मायने सरकारी नौकरी रहे हैं और कमोबेश हर सरकार ने युवाओं को किसी न किसी बहाने इसी दिशा की ओर प्रेरित किया।


## कुछ अलग

# सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम में अपना प्रतिनिधि क्यों चाहती है केंद्र सरकार?

**केंद्रीय** कानून मंत्री ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर मांग की है कि उच्च और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों का चयन करने वाले कॉलेजियम में सरकार का भी प्रतिनिधि होना चाहिए। इस पत्र पर हालांकि कॉलेजियम में चर्चा के बाद ही कोई निर्णय लिया जायेगा, लेकिन इस पर देश में बहस भी शुरू हो गयी है। कुछ न्यायविद् इसे एनजेएसी अधिनियम की वापसी बता रहे हैं तो वहीं सरकार से जुड़े लोगों का कहना है कि हमने कोई अभूतपूर्व मांग नहीं की है क्योंकि पूरी दुनिया में ही ऐसा होता है। कानून मंत्री का मानना है कि कॉलेजियम प्रणाली में सरकार का प्रतिनिधि होने से इसमें पारदर्शिता और सार्वजनिक जवाबदेही भी आएगी। देखा जाये तो उच्चतम न्यायालय की मौजूदा कॉलेजियम प्रणाली पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में केंद्रीय कानून मंत्री के बयान के बाद कुछ पूर्व न्यायाधीशों ने भी इस मुद्दे पर बयान दिये जिस पर न्यायालय ने नाखुशी भी जताई थी। लेकिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जिस तरह एनजेएसी अधिनियम को रद्द किये जाने पर संसद में चर्चा नहीं होने पर हैरत जताई थी, उससे अंदेशा हो गया था कि सरकार कोई कदम उठा सकती है। अब केंद्रीय कानून मंत्री ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कॉलेजियम में सरकार का प्रतिनिधि रखने की जो मांग की है उससे स्पष्ट हो गया है कि सरकार न्यायाधीशों के चयन के मुद्दे को सिर्फ कॉलेजियम के भरोसे छोड़ने को तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि 2015-16 में संसद से पारित एनजेएसी में कॉलेजियम प्रणाली को पलटने का प्रावधान था, हालांकि शीर्ष अदालत ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। न्यायपालिका और सरकार के बीच कॉलेजियम प्रणाली पर मतभेद उस समय भी सामने आये थे जब हाल ही में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने केशवानंद भारती मामले में अदालत के ऐतिहासिक फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा था कि न्यायपालिका, संसद की संप्रभुता से समझौता नहीं कर सकती। उल्लेखनीय है कि उस फैसले ने देश को 'संविधान के मूलभूत ढांचे का सिद्धांत' दिया था। धनखड़ ने जयपुर में आयोजित पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को निरस्त किये जाने पर एक बार फिर सवाल उठाते हुए कहा था कि लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए संसदीय संप्रभुता और स्वायत्तता सर्वोपरि है। बहरहाल, न्यायपालिका और सरकार के बीच जो मतभेद दिख रहे हैं उसका हल सौहार्द्रपूर्ण तरीके से ही निकाला जाना चाहिए।


केंद्रीय कानून मंत्री के बयान के बाद कुछ पूर्व न्यायाधीशों ने भी इस मुद्दे पर बयान दिये जिस पर न्यायालय ने नाखुशी भी जताई थी। लेकिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जिस तरह एनजेएसी अधिनियम को रद्द किये जाने पर संसद में चर्चा नहीं होने पर हैरत जताई थी, उससे अंदेशा हो गया था कि सरकार कोई कदम उठा सकती है। अब केंद्रीय कानून मंत्री ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कॉलेजियम में सरकार का प्रतिनिधि रखने की जो मांग की है उससे स्पष्ट हो गया है कि सरकार न्यायाधीशों के चयन के मुद्दे को सिर्फ कॉलेजियम के भरोसे छोड़ने को तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि 2015-16 में संसद से पारित एनजेएसी में कॉलेजियम प्रणाली को पलटने का प्रावधान था, हालांकि शीर्ष अदालत ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था।


## समय रहते वर्तमान पीढ़ी की सरकार को संवेदनशील होना पड़ेगा, अन्यथा भविष्य की पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी

# सवाल सिर्फ जोशीमठ का नहीं

डा. अश्विनी महाजन


'जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति' के आंदोलन के चलते नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) को आदेश दिया गया है कि तपोवन विष्णुगढ़ हाईड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के निर्माण, जिसमें हेलांग बायपास सडक भी शामिल है, को रोक दिया जाए। एशिया की बससे बड़ी रोपवेज के काम को भी रोक दिया गया है। इस संकट के मद्देनजर चाहे ये कदम उठाये गये हैं, लेकिन जानकारों का मानना है कि जोशीमठ के धंसने को रोका नहीं जा सकेगा। यानि आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित इस पहले ज्योतिर्मठ के पतन को अब रोका नहीं जा सकता। यह पहला अवसर नहीं है कि इस हिमालयी क्षेत्र में इस प्रकार की त्रासदी हुई है।


**आदि** शंकराचार्य द्वारा आठवीं शताब्दी में स्थापित शहर जिसमें पवित्र ज्योतिर्लिंगम स्थित है, जिसे जोशीमठ के नाम से जाना जाता है, के धंसने की खबर से उत्तराखंड ही नहीं, संपूर्ण देश में चिंता व्याप्त है। जहां एक ओर जोशीमठ शहर के धंसने से बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हो रहे हैं, राजनीतिक दल एक-दूसरे पर दोषारोपण में व्यस्त हैं। 'जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति' के आंदोलन के चलते नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) को आदेश दिया गया है कि तपोवन विष्णुगढ़ हाईड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के निर्माण, जिसमें हेलांग बायपास सडक्क भी शामिल है, को रोक दिया जाए। एशिया की सबसे बड़ी रोपवेज के काम को भी रोक दिया गया है। इस संकट के मद्देनजर चाहे ये कदम उठाये गये हैं, लेकिन जानकारों का मानना है कि जोशीमठ के धंसने को रोका नहीं जा सकेगा। यानि आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित इस पहले ज्योतिर्मठ के पतन को अब रोका नहीं जा सकता। यह पहला अवसर नहीं है कि इस हिमालयी क्षेत्र में इस प्रकार की त्रासदी हुई है। इससे पहले वर्ष 2021 में भी तपोवन बांध के मजदूरों सहित 200 लोगों की मौत चमोली बाढ़ में हुई थी। इससे पूर्व 2013 में भी भारी वर्षा के बाद इस क्षेत्र में गंगा, यमुना और उसकी सहायक नदियों में बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में पुल, सडक्कें और भवन धराशायी हो गये थे। हिमालयी क्षेत्र में आये दिन इस प्रकार की आपदाओं में हाल ही के वर्षों में भारी वृद्धि हुई है। इन प्राकृतिक आपदाओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता। माना जा रहा है कि वर्तमान में बढ़ती आपदाओं के पीछे विकास के नाम पर अंधाधुंध निर्माण कार्य है। यानि ये आपदायें प्राकृतिक न होकर मानव निर्मित ही हैं। पिछले समय में तेजी से हो रहे इस प्रकार के विनाश के मद्देनजर यह विचार करना जरूरी हो गया है कि मानव के लालच से प्रेरित तथाकथित विकास को इस प्रकार से जारी नहीं रखा जा सकता। इस प्रकार के जर्जर एवं नाजुक पहाड़ पर अनियंत्रित निर्माण कार्य ही जोशीमठ के धंसने का कारण हैं। गौरतलब है कि जोशीमठ के पहाड़ की तलहटी में जिस प्रकार से जरूरत से ज्यादा चौड़े चार धाम मार्ग के निर्माण हेतु पहाड़ को काटा गया और एनटीपीसी द्वारा अपनी हाइड्रो परियोजना के लिए पहाड़ के बीच में से एक सुरंग निकाली गई, उससे इस नाजुक पहाड़ पर प्रभाव पडऩा एक स्वाभाविक बात मानी जा रही है। उस क्षेत्र का



जायजा लेने के बाद यह बात भी ध्यान में आती है कि वहां ऊंचे-ऊंचे होटलों एवं इमारतों के निर्माण और सेनिटेशन की ठीक व्यवस्था न होने के चलते इस जर्जर क्षेत्र की अस्थिरता और बढ़ गई। इस सबके चलते आज जोशीमठ का पूरा क्षेत्रही धंसता जा रहा है और उसे बचाने का कोई रास्ता भी दिखाई नहीं दे रहा। सवाल सिर्फ जोशीमठ का नहीं है। विकास के नाम पर संपूर्ण उत्तराखंड में निर्माण कार्य और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ लगातार जारी है। पेड़ों के कटने के कारण पहाड़ों पर हरियाली समाप्त हो चुकी है और इसके कारण मिट्टी वाले इन पहाड़ों से भूस्खलन एक सामान्य प्रक्रिया बन चुकी है। पूरे उत्तराखंड और खासतौर पर पर्यटन आकर्षण के केंद्र जैसे नैनीताल और मसूरी आदि भी विनाश के कगार पर खड़े हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जोशीमठ जैसी स्थिति की पुनरावृत्ति नैनीताल में भी हो सकती है।

**बिना सोचे-समझे निर्माण कार्य:** गौरतलब है कि उत्तराखंड में सडक्कों का चौड़ीकरण, सुरंग निर्माण, रेलवे लाईन, बांध निर्माण आदि इन्फ्रास्ट्रक्चर और इसके अतिरिक्त बड़े पैमाने पर भवन निर्माण, जिसमें अधिकांशतः होटल निर्माण शामिल है, का काम पिछले दो दशकों में तेजी से बढ़ा है। इस दौरान केन्द्र और राज्य में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें रही हैं। इसलिए किसी एक पार्टी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यह एक वैज्ञानिक तथ्य है कि हिमालय पर्वत तुलनात्मक दृष्टि से नए पर्वत हैं और इसलिए ये जर्जर और नाजुक हैं। इसकी धारण क्षमता से ज्यादा इसमें बड़ी छेड़छाड़ यहां भूस्लखन एवं भूधसाव का कारण बनती है। ऐसी स्थिति के चलते इस क्षेत्र में नए निर्माण स्थाई नहीं रह सकते और वर्तमान स्थिति में तो ऐसा देखा जा रहा है कि निर्माण के दौरान ही भारी हादसे हो रहे हैं, जिससे निर्माण कार्य बीच में ही रुक जाता है। एनटीपीसी के 520 मेगावाट का हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट, जो 2006 वर्ष में शुरू हुआ था और जिसकी अनुमानित लागत प्रारंभ में 3000 करोड़ रुपए थी, उसका निर्माण कार्य बार-बार भूस्लखन एवं अन्य प्राकृतिक कारणों से लगातार अवरुद्ध होता रहा है और यह पांचवीं बार है कि इसका कार्य रोकना पड़ा है। माना जा रहा है कि इसकी लागत अभी तक लगभग 12 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है और अभी इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के दूर-दूर तक आसार दिखाई नहीं दे रहे। यही बात सडक्कों के विस्तार कार्यों पर भी लागू होती है। समझना होगा कि आज की लागत के आधार पर इस हाइड्रो प्रोजेक्ट से बनने वाली बिजली की लागत 25 रुपये प्रति यूनिट बैठती है, जबकि सौर ऊर्जा की वर्तमान लागत मात्र 2 रुपये 50 पैसे प्रति यूनिट ही है।

**क्या है समाधान?:** बिना अपेक्षित प्रभाव के आकलन के विकास के नाम पर विनाशकारी निर्माण आज की और इससे पूर्व की त्रासदी का करण बन रहे हैं। इस अंधाधुंध निर्माण पर अंकुश लगाकर ही इस संकट से बचा जा सकता है। लेकिन स्थान-स्थान पर निर्माण कार्यों को कानून बनाये बिना रोका नहीं जा सकता। कानून बनाने की एक लंबी प्रक्रिया होती है और विभिन्न हितधारकों की समान सोच बनाना एक कठिन कार्य है। राज्य सरकार संवेदनशीलता का परिचय देते हुए इसके लिए प्रयास कर सकती है कि वर्तमान विपत्ति के चलते जिला प्रशासन ने सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है, लेकिन यदि दीर्घकालीन उपाय नहीं सोचे जायेंगे, तो ये निर्माण कार्य देर-सवेर फिर से शुरू हो जायेंगे। इसलिए जरूरी है कि इस समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालीन उपाय किये जाने चाहिए। हम जानते हैं कि हिमालय पर्वत से देश में अधिकांष नदियों का उद्गम होता है। वहीं हिमालय के शिखर पर ग्लेशियर स्थित हैं। दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियर पिघल रहे हैं और उसके कारण जल के अधिक प्रवाह से एक तरफ पेयजल के स्रोत समाप्त हो रहे हैं, बल्कि समुद्र का जल स्तर भी बढ़ता जा रहा है।

**इको सेंसिटिव जोन की हो घोषणा:** ग्लेशियरों के नीचे विभिन्न नदियों का उद्गम होता है, जहां पहले गंगा नदी पर बांध बनाने के नाम पर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ के चलते गंगा के अविरल प्रवाह के अवरुद्ध होने के कारण उसका भारी विरोध हुआ था।

# ओपीएस के साथ जिम्मेवारियां भी बढ़ी


कांग्रेस पार्टी ने गत वर्ष विधानसभा चुनावों में कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। प्रथम कैबिनेट की मीटिंग में इसकी बहाली करके अन्य राज्य के कर्मचारियों के लिए भी एक उदाहरण पेश किया है। वर्तमान हिमाचल प्रदेश सरकार पर करीब 75000 करोड़ रुपए का कर्ज है इसके अलावा कर्मचारियों का एरियर, भत्ते इत्यादि अनेकों देनदारी अभी भी लंबित पड़ी है जिस पर करीब 11000 करोड़ रुपए का खर्चा होना प्रस्तावित है। ऐसी वितरित आर्थिक परिस्थितियों में भी श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने अपने प्रदेश के कर्मचारियों के आने वाले भविष्य को बेहतरीन, सुखद व समृद्ध बनाने का ऐतिहासिक निर्णय धरातल पर उतारा है। जिस प्रदेश या घर का मुखिया अपने वायदों तथा जिम्मेदारियों को अपनी कार्यशैली में भी अमल में लाए तो उस प्रदेश तथा घर की खुशहाली, समृद्धि व सुखद भविष्य को कोई नकार नहीं सकता। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एक आम परिवार की पृष्ठभूमि से संबंध रखते हैं।


**13** जनवरी 2022 को लोहड़ी के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अपनी प्रथम कैबिनेट की मीटिंग में हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों के लिए बहुचर्चित व लंबित मांग पुरानी पेंशन को बहाल करके प्रदेश के करीब 126000 कर्मचारियों के बुढ़ापे को सहारा देकर एक नया इतिहास रचा है। कांग्रेस पार्टी ने गत वर्ष विधानसभा चुनावों में कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। प्रथम कैबिनेट की मीटिंग में इसकी बहाली करके अन्य राज्य के कर्मचारियों के लिए भी एक उदाहरण पेश किया है। वर्तमान हिमाचल प्रदेश सरकार पर करीब 75000 करोड़ रुपए का कर्ज है। इसके अलावा कर्मचारियों का एरियर, भत्ते इत्यादि अनेकों देनदारी अभी भी लंबित पड़ी है जिस पर करीब 11000 करोड़ रुपए का खर्चा होना प्रस्तावित है। ऐसी वितरित आर्थिक परिस्थितियों में भी श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने अपने प्रदेश के कर्मचारियों के आने वाले भविष्य को बेहतरीन, सुखद व समृद्ध बनाने का ऐतिहासिक निर्णय धरातल पर उतारा है। जिस प्रदेश या घर का मुखिया अपने वायदों तथा जिम्मेदारियों को अपनी कार्यशैली में भी अमल में लाए तो उस प्रदेश तथा घर की खुशहाली, समृद्धि व सुखद भविष्य को कोई नकार नहीं सकता। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एक आम परिवार की पृष्ठभूमि से संबंध रखते हैं। ताउम्र कड़ा संघर्ष करने के बाद आज प्रदेश के सर्वोच्च पद पर विराजमान हुए हैं। पिछले 1 महीने के कार्यकाल में इन्होंने बड़ी स्पष्टतता, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी तथा प्रदेश की जनता के हितों में काम करने का जो प्रण लिया है, वह आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सुनहरे शब्दों में उद्धृत होगा। वर्तमान समय में सरकारी नौकरी प्राप्त करना काफी कठिन हो गया है। प्रदेश में 10 लाख के करीब बेरोजगार सरकारी नौकरी की कतार में खड़े हैं। हिमाचल प्रदेश में छोटी से छोटी नौकरी के लिए भी हजारों की संख्या में बेरोजगार आवेदन करते हैं। उसके बाद अनुबंध पर अपनी सेवाएं देते हैं। तदोपरांत जब वे नियमित होते हैं तो उसके उपरांत होने 2 वर्ष का प्रोबेशनरी पीरियड भी बिताना पड़ता है जिसमें उन्हें पुराना वेतनमान ही दिया जाता है। इन सभी परिस्थितियों से गुजरने के बाद एक कर्मचारी अपनी सारी जिंदगी सरकार के आदेशों के अनुरूप निर्वहन करता है। ऐसे में जब भी कर्मचारी रिटायर्ड होता है तो उसे एक सुखद व समृद्ध भविष्य मिले, यह उसके नियोक्ता का परम कर्तव्य बन जाता है। लेकिन वर्ष 2003 से हिमाचल प्रदेश में नई पेंशन स्कीम आने से कर्मचारियों की रिटायरमेंट की जिंदगी दयनीय बन चुकी थी। कर्मचारियों को पेंशन के नाम पर महज चंद रुपए ही मिलते थे, जिससे एक कर्मचारी को अपने घर के खर्चे पूरे करने के भी लाले पड़ गए थे। ऐसी परिस्थिति में सभी कर्मचारियों ने एकजुटता के साथ पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया और अनेकों उतार-चढ़ाव के फलस्वरूप अंततः प्रदेश के कर्मचारियों को पेंशन बहाली का तोहफा प्रदेश सरकार की तरफ से नसीब हुआ।




हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में कांग्रेस पार्टी को 68 सीटों में से 40 सीटों पर जीत दर्ज हुई थी। कांग्रेस पार्टी को सत्ता 0.90 फीसदी अंतराल से प्राप्त हुई थी। भारतीय जनता पार्टी को 43 फीसदी मत तथा कांग्रेस पार्टी को 43.90 फीसदी मत प्राप्त हुए थे। कांग्रेस पार्टी को सत्तासीन करने के पीछे प्रदेश के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग कांग्रेस के लिए संजीवनी बूटी का काम कर गई थी। यही कारण है कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट की मीटिंग में कर्मचारियों की बड़ी मांग को बड़ी सजगता के साथ सुलझा कर प्रदेश के कर्मचारियों को प्रदेश के बेहतरीन भविष्य के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया है। हिमाचल प्रदेश सरकार का यह निर्णय अन्य राज्यों की सरकारों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगा क्योंकि हिमाचल से ज्यादा समृद्ध कई अन्य राज्य हैं, जो कि अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन दे सकते हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार के इस निर्णय से कर्मचारी पूर्ण तन्मयता, विश्वसनीयता, ईमानदारी तथा कर्तव्यनिष्ठता से अपने कार्य को करने के लिए सुदृढ़ होंगे। वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा व्यवस्था परिवर्तन करने का जो नारा बुलंद किया है उसके पीछे प्रदेश के कर्मचारी एक बड़ी ताकत बन सकते हैं। प्रदेश का कर्मचारी पूरी लगन, मेहनत तथा ईमानदारी के साथ सरकार की योजनाओं तथा कार्यों को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए लग जाए तो निश्चित तौर पर प्रदेश सरकार आने वाले समय में नए आयाम स्थापित कर सकती है। अब हिमाचल प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल करके अपनी जिम्मेदारी को निभा दिया है। अब कर्मचारियों को भी प्रदेश के आम जनमानस के लिए कार्य करने के लिए पूर्ण ईमानदारी के साथ जुट जाना होगा। वर्तमान सरकार के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक संसाधनों की व्यवस्था करना होगा। सरकार के बजट का एक बहुत बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन, भत्ते तथा पेंशन पर चला जाएगा। ऐसे में समाज के अन्य वर्गों के कल्याण के लिए भी सरकार को राज्य में उपलब्ध संसाधनों के बेहतरीन दोहन पर ध्यान केंद्रित करना होगा। जिसमें प्रदेश का कर्मचारी तथा अधिकारी वर्ग की भूमिका भी अग्रणीय होगी। प्रदेश सरकार को पर्यटन, कृषि, पन विद्युत, सौर ऊर्जा तथा औद्योगिकरण से प्रदेश की आर्थिकी को सुधारना होगा। जिसमें बाहरी निवेशकों की अहम भूमिका होगी। प्रदेश में अनेकों ऐसे डेस्टिनेशन उपलब्ध हैं, यदि उनका उत्थान बाहरी निवेशकों के माध्यम से किया जाए तो भी प्रदेश सरकार की आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सकता है। इसके अलावा प्रदेश का शांत व स्वास्थ्यवर्धक वातावरण, गगनचुंबी पहाडियां, हसीन वादियां, स्वच्छ नीर तथा प्राकृतिक कृषि के लिए समृद्ध भूमि इत्यादि संसाधन बाहरी निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र सदैव बने हुए हैं। प्रदेश सरकार को बाहरी निवेशकों को बेहतरीन सुविधाएं दे करके इनके दोहन की एक पारदर्शी तथा समयबद्ध नीति लानी होगी। यदि प्रदेश की आर्थिक स्थिति सरकार के नियंत्रण में आ गई तो निश्चित तौर पर प्रदेश की आम जनता का भविष्य भी सुनहरे मार्ग को प्रशस्त करेगा।

## नागरिक बोध

# ऑक्सफॉम के ताज़ा आंकड़ों ने भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को उजागर कर दिया है

**आजकल** हम भारतीय लोग इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार देश की असली हालत क्या है? इस देश में गरीबी भी उतनी ही तेजी से बढ़ती जा रही है, जितनी तेजी से अमीरी बढ़ रही है। अमीर होने वालों की संख्या सिर्फ सैंकड़ों में होती है लेकिन गरीब होने वालों की संख्या करोड़ों में होती है। ऑक्सफॉम के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में सिर्फ 64 अरबपति बढ़े हैं। सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। सारे अरबपतियों की संपत्ति पर मुश्किल से 2 प्रतिशत टैक्स लगता है। इस पैसे से देश के सारे भूखे लोगों को अगले तीन साल तक भोजन करवाया जा सकता है। यदि इन मालदारों पर थोड़ा ज्यादा टैक्स लगाया जाए और उपभोक्ता वस्तुओं का टैक्स घटा दिया जाए तो सबसे ज्यादा फायदा देश के गरीब लोगों को ही होगा। अभी तो देश में जितनी भी संपदा पैदा होती है, उसका 40 प्रतिशत सिर्फ 1 प्रतिशत लोग हजम कर जाते हैं जबकि 50 प्रतिशत लोगों को उसका 3 प्रतिशत हिस्सा ही हाथ लगता है। अमीर लोग अपने घरों में चार-चार कारें रखते हैं और गरीबों को खाने के लिए चार रोटी भी ठीक से नसीब नहीं होती। ये जो 50 प्रतिशत लोग हैं, इनसे सरकार जीएसटी का कुल 64 प्रतिशत पैसा वसूलती है जबकि देश के 10 प्रतिशत सबसे मालदार लोग सिर्फ 3 प्रतिशत टैक्स देते हैं। इन 10 प्रतिशत लोगों के मुकाबले निचले 50 प्रतिशत लोग 6 गुना टैक्स भरते हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल संपत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है। साल भर में उनकी संपत्तियों में 121 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अब जो नया बजट आने वाला है, शायद सरकार इन ताजा आंकड़ों पर ध्यान देगी और भारत की टैक्स-व्यवस्था में जरूर कुछ सुधार करेगी। देश कितना ही मालदार हो जाए लेकिन यदि उसमें गरीबी और अमीरी की खाई बढ़ती गई तो वह संपन्नता किसी भी दिन हमारे लोकतंत्र को परलोकतंत्र में बदल सकती है।

## देश दुनीया से

# सियासी होड़ में धूल चाटती परंपराएं

**मंदिरों** के शहर मदुरै के अवनीपुरम अखाड़े में सांडों को खुला छोड़ दिया गया, चमकदार सींगों और फड़कते नथुनों वाले दौड़ते गुस्सैल सांडों या बैलों को वश में करने के लिए युवा भी खतरनाक ढंग से उनके पीछे दौड़ने लगे। ध्यान रहे, 2017 के आंदोलन के बाद जल्लीकट्टू को पूरे देश में तमिल गौरव और संस्कृति के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। इसे वीरता का खेल कहा जाता है। यह खेल कभी-कभी हिंसक भी हो जाता है, हर साल एकाधिक लोग जान गंवाते हैं और सैकड़ों घायल हो जाते हैं। घायलों में तमाशबीन और राहगीर भी शामिल रहते हैं। वैसे यह स्तंभ जल्लीकट्टू पर केंद्रित नहीं है, बल्कि तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बीच चल रही सियासी होड़ पर है। राज्यपाल, जिन्हें संविधान का रक्षक माना जाता है और प्रशासन के मुखिया, मुख्यमंत्री, जो कार्यपालिका का संचालन करते हैं, दोनों के बीच चल रही लड़ाई भी जल्लीकट्टू से कुछ कम नहीं है। पिछले सप्ताह तमिलनाडु में सदन के फर्श पर भले ही लहू न गिरा हो, पर सुस्थापित संसदीय परंपराओं और रिवाजों को रौंद दिया गया। विधानसभा के बाहर तो और भी भद्दे झगड़े हुए हैं, जहां दोनों पक्षों ने परस्पर ऐसे ताबड़तोड़ हमले बोले कि बुरी स्थिति बन गई। 9 जनवरी को राज्य विधानसभा के उद्घाटन सत्र के पहले दिन हंगामा तब शुरू हुआ, जब राज्यपाल रवि ने पारंपरिक अभिभाषण पढ़ना शुरू किया। द्रमुक के विधायक पिछले सप्ताह एक समारोह में तमिलनाडु का नाम बदलकर तमिजागम करने के राज्यपाल के सुझाव से नाखुश थे, उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान नारे लगाए। उन्होंने महसूस किया कि राज्यपाल केंद्र की ओर से राजनीति करते हुए हदें पार कर रहे हैं। राज्यपाल अंग्रेजी में पहले से लिखित भाषण पढ़ रहे थे। मुख्यमंत्री और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने गौर से सुनने पर उनके कथन और लिखित भाषण में अंतर पाया। राज्यपाल ने न सिर्फ कुछ पैराग्राफ छोड़ दिए थे, बल्कि कुछ ऐसी चीजें भी जोड़ दी थीं, जो भाजपा और केंद्र सरकार के साथ जुड़ी थीं। मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों ने चर्चा करके एक योजना बनाई, जिसे उन्होंने तब क्रियान्वित किया, जब अभिभाषण का तमिल संस्करण राज्यपाल की ओर से विधानसभा अध्यक्ष पढ़ रहे थे। मुख्यमंत्री ने जल्दी ही एक प्रस्ताव तैयार किया, जिसमें मूल भाषण को बिना किसी बदलाव के बनाए रखने की मांग की गई। जब अध्यक्ष तमिल संस्करण पढ़ने के बाद बैठे, तब मुख्यमंत्री ने अपने प्रस्ताव को तत्काल आगे बढ़ा दिया। सामान्य हालात में राज्यपाल के अभिभाषण के तुरंत बाद राष्ट्रगान होता है और उस दिन की कार्यवाही स्थगित हो जाती है। मूल लिखित भाषण को बहाल करने वाले प्रस्ताव को पढ़ना मुख्यमंत्री के लिए असामान्य था। कैसा अभूतपूर्व समय था, जब कार्यवाही औपचारिक रूप से संपन्न घोषित नहीं की गई थी और राज्यपाल ने बहिर्गमन कर दिया! बेशक, उच्च संस्थानों की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रोटोकॉल और नियम-कायदे तैयार किए जाते हैं। उम्मीद की जाती है कि जो लोग इन ऊंचे संस्थानों में पहुंचेंगे, वे विपरीत हालात का सामना करने में पर्याप्त सूझ-बूझ दिखाएंगे और संयम बरतेंगे। साफ तौर पर उस दिन ऐसा नहीं हुआ। राज्यपाल को जब पता चला कि उनके द्वारा बदले गए अंशों को विधानसभा के रिकॉर्ड से हटा दिया गया है, तो वह सदन से बाहर निकल गए। वैसे, संविधान में ऐसा कुछ नहीं है, जो राज्यपाल को जो कुछ भी दिया गया है, उसे पढ़ने के लिए बाध्य करता हो। यह मात्र संसदीय परंपरा रही है कि राज्यपाल राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित भाषण ही पढ़ते हैं। पहले भी ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, पर पहले किसी भी राज्यपाल ने बहिर्गमन नहीं किया था। यह विवाद तब और गहरा गया, जब घटना के तुरंत बाद राजभवन से सूचना लीक हो गई, जिसमें दावा किया गया कि सरकार द्वारा भेजे गए लिखित भाषण को राज्यपाल का अनुमोदन नहीं है। दावा किया गया कि राज्यपाल ने भाषण में बदलाव के सुझाव दिए थे, पर तब तक राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित अभिभाषण ही छपाई के लिए चला गया था, पाठ में संशोधन के लिहाज से बहुत देर हो चुकी थी।


पिछले सप्ताह तमिलनाडु में सदन के फर्श पर भले ही लहू न गिरा हो, पर सुस्थापित संसदीय परंपराओं और रिवाजों को रौंद दिया गया। विधानसभा के बाहर तो और भी भद्दे झगड़े हुए हैं, जहां दोनों पक्षों ने परस्पर ऐसे ताबड़तोड़ हमले बोले कि बुरी स्थिति बन गई। 9 जनवरी को राज्य विधानसभा के उद्घाटन सत्र के पहले दिन हंगामा बत शुरू हुआ, बज राज्यपाल रवि ने पारंपरिक अभिभाषण पढ़ना शुरू किया। द्रमुक के विधायक पिछले सप्ताह एक समारोह में तमिलनाडु का नाम बदलकर तमिजागम करने के राज्यपाल के सुझाव से नाखुश थे, उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान नारे लगाए।

## सांसद खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले पत्थलगड़ा व गिद्धौर के 30 खिलाड़ी नेतरहाट रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** नेतरहाट में आयोजित 18 जनवरी से 20 जनवरी तक तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा (एथलेटिक्स मीट) में भाग लेने के लिए पत्थलगडा प्रखण्ड से 15 बच्चे बुधवार को नेतरहाट के लिए रवाना हुवे। सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, विधायक प्रतिनिधि अरविन्द ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष विनोद दांगी, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा व भाजपा ओबीसी मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र दांगी ने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं देकर नेतरहाट के लिए रवाना किया। ज्ञात हो की सांसद खेल स्पर्धा के लिए पत्थलगडा प्रखण्ड से 15 बच्चों का चयन हुवा है। जिसमें +2 उच्च विद्यालय नावाडीह से छः बच्चे, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुब्बा से एक, +2जनता उच्च विद्यालय पत्थलगडा से तीन, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका उच्च विद्यालय पत्थलगडा



से दो, उत्क्रमत उच्च विद्यालय तेतरिया से तीन प्रतिभागी बच्चे शामिल हैं। सभी चयनित प्रतिभागी खिलाडियों को प्रतियोगिता में शामिल होने के चतरा सांसद सुनील कुमार के द्वारा बस उपलब्ध कराया गया है साथ ही नेतरहाट में रहने खाने की भी व्यवस्था कराया गया है। उक्त बस में पत्थलगडा के 15 व गिद्धौर प्रखण्ड के 15 कुल 30 प्रतिभागी खिलाडियों (छात्र) को उक्त बस में बैठा कर नेतरहाट के लिए रवाना किया। बस में बच्चों के साथ उक्त विद्यालयों के खेल शिक्षकों को भी भेजा गया है।

## डीसी अबू इमरान ने प्रशिक्षण भवन में चल रहे मरम्मती कार्य का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण भवन के मरम्मत कार्य का डीसी आबू इमरान ने औचक निरीक्षण किया है। गौरतलब है कि प्रशिक्षण भवन अत्याधुनिक बनाने के लिए कर जिला प्रशासन के द्वारा कार्य का आवंटित किया गया था ।प्रशिक्षण भवन के रंग रोगन, साफ सफाई एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से यह काम चल रहा है ।इस मौके पर डीसी अबू इमरान के साथ-साथ उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं अन्य अधिकारी भी शामिल थे। इसके बाद डीसी ने जिला मुख्यालय स्थित जल छाजन भवन के मरम्मत कार्य का भी औचक निरीक्षण किया है। उन्होंने संवेदक को कहा है कि सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता पूर्वक पूरा होना चाहिए। उन्होंने जल छाजन भवन के मरम्मत कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया है ।इस मौके पर डीसी के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों को रखरखाव एवं समुचित उपयोग के लिए चतरा शहर वासियों के सहयोग की जरूरत है।

## वन विभाग द्वारा जब्त लकड़ी को किया गया नीलामी, एक लाख 80 हजार रुपए का राजस्व संग्रह



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यालय स्थित वन विभाग परिसर में मंगलवार को संग्रहित जप्त लकड़ियों की नीलामी कर वन विभाग नें 1,80,000 रुपए का राजस्व संग्रह किया गया है। डीएफओ आर थंगा एवं एससीएफ आर सिंह की उपस्थिति में वर्षो से वन विभाग कार्यालय परिसर में संग्रहित कर रखे गए सगवान, सखुआ, बहेरा, गेंजन, चिरैता, सलैई, सेमल समेत अन्य प्रजाति की जप्त लकड़ियों की निलामी की गयी। निलामी के बाद सरकार के खाते में कुल एक लाख 80 हजार रूपये का राजस्व संग्रह किया गया।इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी राजबल्लभ पासवान ने बताया कि वन परिसर में काफी दिनों से जप्त लकड़ियां पड़ी हुई थी। जो धीरे-धीरे बेकार होती जा रही थी। विभाग के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को वन कार्यालय परिसर में रखे लकडियों को कुल 57 भागों में बांटकर निलामी की गयी। उन्होंने बताया कि कुछ लकड़ी बच गयी है जिसे बाद में निलाम किया जाएगा। इस अवसर पर वन कर्मी विकास रंजन, सुरेश दास, अविनाश कुमार, अखिलेश कुमार समेत ग्रामीण भी मौजूद थे।

## चेन्नई में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से उरदा (टंडवा) की पुनम हुई हादसे का शिकार



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड सरकार द्वारा चलाए जा रहे लेबर एम्पलायमेंट एंड स्किल डेवलपमेंट अंतर्गत झारखंड कौशल विकास मिशन सोसायटी की निष्ठा स्किल कुजू शाखा से प्रशिक्षण प्राप्त कर चेन्नई में काम कर रही झारखंड की तीन लड़कियां हॉस्टल के उपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आने से हादसे की शिकार हो गई। इसमें ग्राम उरदा प्रखंड टंडवा (चतरा) के निवासी जयनाथ महतो की इकलौती पुत्री पुनम कुमारी भी चपेट में आई है। इस संबंध में पुनम के घर वाले अनभिज्ञ थे। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल के संज्ञान में आने के बाद पुनम के घर वाले को उरदा के वार्ड सदस्य दिलीप कुमार महतो के माध्यम से जानकारी दिया गया। तब घर वालो ने पुनम से बात किया, पुनम ने बताया कि मैं भी तार के चपेट में आने से जली हूं पर मैं ठीक हूं, मेरे दाहिना हाथ में नुकसान पहुंचा है। सांसद प्रतिनिधि ने पूर्ण ईलाज के साथ मुआवजे की मांग की है। साथ ही घर वाले को आश्वस्त किया कि चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह एवम विधायक किसुन कुमार दास के संज्ञान में दिया गया है। चेन्नई में समुचित पूर्ण ईलाज करवा कर हवाई मार्ग से घर लाने की बात कहा गया है। उरदा निवासी मुनेश्वर महतो और दिलीप कुमार महतो ने भी पुनम के पूर्ण स्वस्थ की कामना किया है।

## राज्य स्तरीय टीम ने दो पंचायत के योजनाओं का किया जाँच, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** राज्यस्तरीय टीम ने बुधवार को प्रखंड के कुन्दा पंचायत के ईचातु, शाहपुर, माँझीपारा, जगरनाथपुर, वही बौधाडीह पंचायत के अमौना में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। अनुश्रवण टीम में ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार देव, ग्रामीण विकास विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी मुकेश कुमार के अलावे मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी कुमार सौरभ टीम में मौजूद थे। टीम ने दोनों पंचायतो में मनरेगा से किए गए कूप निर्माण, दीदी बाड़ी, पशु शेड, डोभा निर्माण के अलावे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवास की जाँच किया। टीम ने स्थल का भौतिक जाँच व अभिलेखो की जाँच किया। जहाँ सूचना बोर्ड नहीं थे वहा सूचना बोर्ड जल्द लगाने का राज्य स्तरीय टीम ने



पंचायत सचिव व रोजगार सेवक को निर्देश दिया। वही राज्य स्तरीय टीम ने बताया की प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में चल रहे मनरेगा योजना के कार्य की जानकारी व उसकी गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुवे जाँच की जा रही थी।टीम ने इन दोनों पंचायत में एक एक कर योजनाओं की जानकारी लेते हुवे कार्यो को देखा। वही राज्य स्तरीय टीम के साथ बीडीओ खगेश कुमार, बीपीओ राजेश्वर कुमार, मुखिया मनोज कुमार साहू, मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी विनोद साव, पंचायत सचिव प्राण कुमार, राजू रंजन, रोजगार सेवक शंकर प्रजापति, अनूप समदर्शी, बीएफटी अनिल कुमार यादव, प्रदीप साव, आशीष कुमार समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## बिहार ले जा रहे बगैर नम्बर टेम्पू से पुलिस ने किया 229 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रतापुर पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के विरूद्ध कारवाई करते हुए थाना क्षेत्र के उगरमाचा मोड़ से एक टेम्पु से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त किया है साथ तीन तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर बिहार के कोठी थाना क्षेत्र के सोबड़ी गांव निवासी गुड्डु पासवान पिता गणेश पासवान, सतेन्द्र भारती पिता रूपचंन्द्र भारती एवं विकास पासवान पिता संजय पासवान का नाम शामिल है। तस्कर के पास तीन एन्ड्रायड फोन भी बरामद किया गया है। पुलिस ने शराब लदे टेम्पु व तस्कर को थाना ले आई है इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया की पुलिस कप्तान राकेश रंजन के गुप्तसुचना मिली की बिना रजिस्ट्रेशन वाले टेम्पु से कुछ तस्कर शराब लेकर पान्डेयपुरा-



प्रतापपुर मुख्य मार्ग होते हुए बिहार जा रहे है। जिसके बाद त्वारित कारवाई करते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में छापेमारी चलाया गया।थाना क्षेत्र उगरमाचा मोड़ के पास पिला रंग का एक बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर वाले पियागो टेम्पु को जांच किया। उक्त टेम्पु में सीट के नाचे बक्सानुमा बाक्स में से 229 एम्पियर ब्लू बोतल की अंग्रेजी शराब जप्त किया है जिसमे 750 एमएल का 46 बोतल, 375 एमएल का 91 बोतल एवं 180 एमएल का 92 बोतल बरामद किया गया है। शराब के बड़ी कारवाई के बाद तस्करो में काफी हडकंप मच गया है। प्रतापुर पुलिस ने थाना कांड संख्या 07/23 में प्रथामिकी दर्ज कर गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया है। इस छापेमारी अभियान में एसआई अखिलेश यादव, सत्यवान कुभंकार व जिला बल के जवान शामिल थे।

## सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बेचिरागी गांव, टोला में बिजली को लेकर गंभीर हुए विधायक



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक किशून कुमार दास ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड राँची झारखण्ड से मुलाक़ात कर सौंपा ज्ञापन। इस बाबत उन्होंने पूरे सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के छूटे हुए गांव, टोला में विधुतीकरण एवं ट्रांसफार्मर लगवाने हेतु मांग पत्र दिया। जिसमें टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कोयद पंचायत अंतर्गत सोपारम गांव के टोला हुम्बी एवम् डेडगढ़ा, बडगांव पंचायत के उलातू, पिंडराही एवम् कोईलरा, राहम पंचायत के सतघरा एवम मिचोई टोला तथा मिसरोल पंचायत के हारहु के साथ ही साथ पूरे सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के गांव टोला मेंअविलम्ब विधुतीकरण करने का मांग किया। जिसपर प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार के द्वारा महाप्रबंधक हज़ारीबाग एवं पलामू से बात कर समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द विधुत आपूर्ति करने का निर्देश दिया।

## अस्थाई वारंटी विजय सिंह गिरफ्तार भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** पद्मुलिस कप्तान अंजनी अंजन के मिली गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह साथ सशस्त्र बल के द्वारा संयुक्त छापेमारी करते हुए 20 वर्षो से फरार चल रहे लाल वारंटी विजय सिंह पिता तपेश्वर सिंह ग्राम लुकुमखाड छिपादोहर को गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया है। उक्त अभियुक्त पर छिपादोहर थाना में कुल 14 अस्थाई वारंट है जो पिछले कई वर्षो से लंबित था। बताते चलें कि छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के कुशल नेतृत्व में कई जघन्य मामलों पर कार्रवाई की जा रही है।

## सिमरिया के खिलाड़ियों को सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** नेतरहाट में सम्पन्न होने वाले सांसद खेल स्पर्धा (एथलेटिक्स मीट) में भाग लेने के लिए सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, जिला परिषद सदस्या देवंती देवी, वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह ने टंडवा के सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बस वाहन में बैठा कर हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रास्ते में पीने का पानी और बिस्कुट देकर कुशल रूप में नेतरहाट पहुंचकर एथलेटिक मीट में भाग लेकर टंडवा - सिमरिया का नाम रौशन करने की शुभकामना दिया। नेतरहाट में ऐसा आयोजन कर अवसर प्रदान करने के लिए चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। खिलाड़ियों के साथ शिक्षक बिंदेश्वर महतो, गेम टीचर राज किशोर महतो साथ में हैं। खिलाड़ी के रुप में उच्च विद्यालय मिश्रौल से किरण कुमारी, शिव शंकर, महेश गंझू, हेसातु से प्रकाश गांझु, टंडवा से संतोष कुमार, सकुन कुमारी, बड़गांव से संतमनी कुमारी, निशु कुमारी, बेंती से अमित कुमार, रीना कुमारी, बचरा से राहुल कुमार, पूजा कुमारी और रूमा कुमारी टंडवा प्रखंड से प्रतिभागी के रुप में शामिल होगें। सभी खिलाड़ियों को सफलता प्राप्त हो इसके लिए सांसद प्रतिनिधि सहित भाजपा नेताओं ने अपनी शुभकामना दिया।

## साक्षी इलेक्ट्रॉनिक दुकान का उद्घाटन पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के कुरकुर सिंह के मकान में साक्षी इलेक्ट्रॉनिक सट्टा रिवर वर्कशॉप का विधिवत दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर चतरा पूर्व विधायक श्री जनार्दन पासवान ने किया। जहां संचालक को फ्लो फूलों का कामना व्अविधायक ने किया। मौके पर जय मिस्त्री, सचिन कुमार मिस्त्री, आलोक कुमार सिंह, लालन सिंह के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

## आदित्य के राजद प्रखंड अध्यक्ष बनने पर बधाईयों का तांता



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव के द्वारा राष्ट्रीय जनता दल प्रखंण्ड अध्यक्षों की घोषणा किया गया जिसमें बरवाडीह प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में आदित्य यादव के नाम घोषणा किया गया। जहां आदित्य यादव को प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बरवाडीह के राजद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और बधाईयों का तांता लग गया। वहीं बधाई देने वालों में राजद के प्रदेश महासचिव अजय कुमार चंद्रवंशी, जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद यादव, जिला महासचिव निसार अहमद, जग नारायण माली, मदन यादव शमीउल्लाह अंसारी, अमरीका सिंह, मिथलेश सिंह, शंकर यादव, अशोक यादव, मनोज कुमार यादव, दरगाही खान समेत कई कार्यकर्ता शामिल हैं। मौके पर आदित्य कुमार यादव ने कहा कि जिस तरह एक साधारण कार्यकर्ता को प्रखण्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है हम राजद के पदाधिकारियों को आश्वस्त करना चाहेंगे कि सभी जाति धर्म अल्पसंख्यक पिछड़े,दलित आदिवासी को साथ लेकर संगठन को मजबूती दिलाने का सफल प्रयास करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के नीति सिद्धांत पर कायम रहने का प्रयास किया जाएगा।

## हंटरगंज कौलेश्वरी जॉन से एक बीना नंबर टोटो एवं चार बैटरी के साथ दो गिरफ्तार, जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज थाना क्षेत्र के कौलेश्वरि जोन से दो बैटरी चोर को चार बैटरी और बिना नंबर प्लेट के टोटो के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी ने बताया की सुचना प्राप्त हुई की कोलेश्वरी मंदिर के आस पास दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में एक बिना नम्बर का टोटो पर चार बैट्री लोड किये हुए है तथा बैट्री को बेचने का प्रयास कर रहे है जो चुराई हुई संपत्ति हो सकती है। सुचना के सत्यापन हेतु एसआई कृष्णा कुमार के नृतित्व में टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु कौलेश्वरी जोन में नाका बंदी कर चेकिंग अभियान लगया गया। हंटरगंज से कौलेश्वरी जाने वाले मुख्य सड़क पर कौलेश्वरी मंदीर से करीब 01 किलोमीटर पीछे लगाए हुए चेक नाका के पास चोरी का एक टोटो बिना नंबर प्लेट लगा



हुआ,उस पर एस.एफ. सोनिक कंपनी का चार बैट्री लोड किया हुआ तथा दो व्यक्ति को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही। गिरफ्तार व्यक्तियों में दीपक कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता साहेब रविदास एवं सतीश कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता शंकर मांझी दोनों ग्राम कजरसोथ थाना शेरघाटी जिला गया बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से एक टोटो बिना नंबर प्लेट का,उस पर एस.एफ. सोनिक कंपनी का चार बैट्री लोड किया हुआ पुलिस जब्त की है। छापामारी दल में एस आई कृष्णा कुमार एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा बीमा योजना के तहत् लाभुक को 4 लाख की चेक प्रदान किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत लावालौंग में एकलौता बैक ऑफ इंडिया के रूप में कई वर्षो से अपने ग्राहकों को निरन्तर सेवा प्रदान कर रही है। साथ ही साथ हर पंचायत में बैक बी0सी0 भी अपनी भागीदारी अच्छी तरह से अपने ग्राहकों को निरन्तर सेवा प्रदान करने की हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले कुछ सालों पहले एक ग्राहक तिलक भारती बैक बी0सी0 सविता देवी के माध्यम से जो अपने प्रखण्ड में अच्छे कार्य को लेकर चर्चाओं में बनी रहती है, तथा वे अपने ग्राहक भारती कटिया पंचायत ग्राम रतनाग (बरवाडीह) को प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ( 330 ) तथा प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना (12) रुपए वार्षिक प्रीमियम के तहत् दो बीमा पॉलिसी करवाए थे। जिसकी मृत्यु पिछले कुछ महीनों पूर्व हो जानें से बीमा की राशि उनके पत्नी कांति देवी को



L.D.M. देवव्रत शर्मा तथा शाखा प्रबंधक राजेश रंजन के द्वारा लभुक की पत्नी को 400000 (चार लाख) रुपए की चेक प्रदान किया। इस इस कार्यक्रम के मौके पर शर्मा जी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो भी ग्राहक बीमा पॉलिसी करवाए हैं, समय से रेनुवाल अवश्य कराएं ताकि बीमा पॉलिसी सही और सुचारू रूप से चलता रहे। इस कार्यक्रम के तहत् मौके पर प्रबंधक संजय चौहान, दिनेश कुमार, लोकेश कुमार, अरुण कुमार, रेशमी कुमारी, बी0सी0 सविता देवी, अनुपमा देवी, रामवृक्ष प्रजापति, भरत प्रजापति छुस्स्क्र सखी मित्र देवंती देवी समाजसेवी आदित्य प्रसाद केशरी उर्फ लाला जी के अलावे कई बीसी तथा गणमाय लोग उपस्थित थे।

## 22 जनवरी को आयोजित मकर संक्रांति उत्सव सह कार्यकर्ता मिलन सम्मान समारोह को सफल बनायें : देवकुमार सिंह

**इटखोरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह के अध्यक्षता में कृषि फॉर्म हाउस में एक बैठक किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के प्रति समर्पित निष्ठावान प्रखंड महामंत्री शिवकुमार राणा ने किया । बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यकर्ता मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम पर चर्चा की गयी । मालूम हो कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास द्वारा आयोजित भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यकर्ता मिलन सह सम्मान समारोह इटखोरी प्रखंड के बीचों बीच मे स्थित केन्दुवा बमंडीह मैदान में आगामी 22 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया है। इस दौरान मिलन समारोह में इटखोरी व मयूरहंड के हज़ारों की संख्या में कार्यकताओं का जुटान होगी। कार्यक्रम में जनसंघ काल से जुटे नेता भाजपा के समर्पित सम्मानित नेता बुद्धिजीवी ,पंचायत संयोजक सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष के सभी सदस्य, मंडल कमेटी के सभी मोर्चा कमेटी, जिला एवं प्रदेश के सम्मानित मंडल में निवास करने वाले नेता, पूर्व मंडल अध्यक्ष गण, को विशेष रूप से समम्मानित किया जायेगा। पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चूड़ा तिलकुट व खिचड़ी का लुत्फ़ उठाएंगे।

# प्रभात मंत्र




## संक्षिप्त खबरें

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन मोतरा कोल खनन परियोजना के द्वारा ठंड से बचाव के लिए सीएसआर कार्यक्रम के तहत ग्राम बादम, अम्बाजीत, मोतरा, आजाद नगर, दिघ्घी, हाहे, बाबुपारा में गरीब असहाय जरूरतमंदों के बीच कंपनी के अधिकारियों के द्वारा 1350 कंबल का वितरण किया गया। कंपनी के अधिकारी विष्णु कुमार ने कहा के जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के द्वारा समय समय पर जनहित का कार्य किया जाता रहा है और आगे भी जनहित का कार्य किया जाता रहेगा। कंबल मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी के इजहार करते हुए कहा के कंपनी के द्वारा कंबल वितरण करना सराहनीय कार्य है। मौके पर मुख्य रूप से कंपनी के सीनियर मैनेजर धनंजय कुमार, सीनियर मैनेजर पवन कुमार, असिटेंट मैनेजर विष्णु कुमार सिंह, दिलीप कुमार पोद्दार, विश्वजीत कुमार, सुशांत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रमणिका कुमारी, शारिक अशरफ, संतोष महतो, मैनेजर सिंह, बसंत पासवान, संजय गुप्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### वनभोज का किया गया आयोजन

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को चुरचू प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मचारी, दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारों ने नववर्ष के शुभ अवसर पर संयुक्त रुप से चुरचू प्रखंड के धोरधोरवा नदी में पिकनिक मनाया गया । इस दौरान सभी लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया एवं एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार, अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह, अरुण कुमार जेई, सूर्या कुमार जेई, अनूप कुमार, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया देवकी महतो, पूर्व मुखिया दशरथ महतो, पूर्व उपप्रमुख चोलेश्वर महतो, बालकुमार महतो, सहदेव किस्कू, जेएमएम जिला सचिव नीलकंठ महतो, उपप्रमुख संजय सिंह, किशुन महतो, विजय दास, फराज करीम, अफजल अंसारी, एहसान अंसारी, साजिद अहमद समेत कई कर्मचारी,जनप्रतिनिधि व पत्रकारगण उपस्थित थे।

### रैदास जयंती धूमधाम के लिए तैयारियां शुरू

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सांकुल पंचायत के अम्बेडकर नगर में रविदास समिति के सदस्यों कि बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष महेश राम और संचालन समिति के प्रवक्ता झुबर राम द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समिति द्वारा आगामी 5 फरवरी को संत शिरोमणि रैदास जयंती धूमधाम से मनाने कि तैयारियों पर चर्चा कि गईं।वहीं मौके पर सचिव संजोत राम,सुनील राम, जोगेश्वर राम,अजय कुमार रवि,गोकुल राम,विश्वनाथ राम,उमेश राम,धनेश्वर राम, मोती राम,बासुदेव राम, कुलेश्वर राम,भागीरथ राम, और रॉबिस कुमार,कृषभ कुमार आदि मौजूद थे ।

### अतिक्रमणकारियों ने किया रास्ता बंद

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेरु श्मशान घाट में हो रहे शेड निर्माण के विरोध के नाम पर मेरु के श्मशान घाट का मुख्य रास्ता हीं अतिक्रमणकारियों ने बंद कर दिया। चलिए घटना के बारे में विस्तार से जानते हैं। मेरु में शव को जलाने के लिए साइड का निर्माण किया जा रहा था। निर्माण कार्य लगभग 1 साल से अधिक से विवादित है। वर्तमान में जहां शव जलाया जाता है वहां पर कुछ जमीन अतिक्रमणकारी जमीन का मालिकाना हक बताते हुए कहते हैं कि जब तक श्मशान घाट के नाम पर लगभग 2 एकड़ से अधिक जमीन चिन्हित कर नहीं लिया जाएगा तब तक हम भी यहां पर कोई कार्य नहीं होने देंगे। अब देखना दिलचस्प होगा कि ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि इस पर कैसा एक्शन लेते हैं,क्योंकि मामला सालों से विवादित है।

### आठ दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ प्रारंभ

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री 1008 श्री स्वामी शालिग्राम ब्रह्मचारी फरहाबा बाबा सानिध्य में ग्राम फूलसराय नगर परिषद रामगढ़ की पावन धरती पर 21 फरवरी 2023 दिन मंगलवार को भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ आठ दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के 28 फरवरी तक चलने वाले भव्य धार्मिक कार्यक्रम के तहत आज 18 जनवरी को मुख्य यजमान इन्द्र देव राम पत्नी दुलारी देवी एवं शिव नारायण साहू पत्नी बुधनी देवी की मौजूदगी में विधि-विधान पूर्वक ज्ञानी पंडितों के द्वारा भूमि पूजन कराया गया । भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, मांडू विधानसभा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, आजसू नेता तिवारी महतो, नगर परिषद अध्यक्ष योगेश बेदिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, आंदोलनकारी भाजपा नेता राजीव जयसवाल की पत्नी सिमरन जयसवाल, भाजपा नेता विजय जायसवाल, गिद्दी थाना प्रभारी सहित कई अन्य गणमान्य लोगों की खासा मौजूदगी रही।

# अरगड्डा में 2 करोड़ 44 लाख के पीसीसी पथ का सांसद व नप प्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन

## विकास के मार्ग से पूरे क्षेत्र को जोड़ने का संकल्प : जयंत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा वार्ड 13 और 14 में पीसीसी पथ का उद्घाटन बुधवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, प्रवीण मेहता पार्षद 13 संगीता देवी के द्वारा एक साथ किया गया। वार्ड 13 में कालीचरण महतो के घर से चाड़ी मोहल्ला, अरगड्डा अस्पताल मनोकामना सिंह के घर से रूपलाल घर तक हुआ। कुल राशि एक करोड़ 13 लाख खर्च हुए। जबकि वार्ड 14 में यादव जी के घर से मुंडा जी के घर तक, प्रकाश महतो के घर से राहुल सिंह के घर तक, हनुमान मंदिर से हाईस्कूल तक, मोहन पासवान के घर से स्टेडियम तक, तीरु के घर से शंकर केसरी तक, शिशु ज्ञान निकेतन से साई मंदिर, पप्पू के घर से जोगिंदर के घर तक, संजय कोल के घर से सिंह जी के घर तक पीसीसी निर्माण हुआ। जिसमें एक करोड़ 31 लाख खर्च हुए। अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहां कि विकास के लिए जनप्रतिनिधि संकल्पित हैं। क्षेत्र को सुलभ मार्ग और सुविधा से जोड़ने का लगातार संकल्प हैं। मार्ग के विकास से क्षेत्र की गति बढ़ पाती हैं। सभी लोगों के सहयोग और मार्गदर्शन से यह हो पाया। मौके पर भाजपा के कुंटू बाबू, आजसू के अमरलाल महतो, सत्येंद्र महतो, रंजीत पासवान, प्रदीप प्रजापति, भाजपा नेता दिवाकर सिंह, आनंद बेदिया, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडे, मनोज गिरी, सुशील सिंह, छोटू पटेल, हुसैन अंसारी, शिवम पिल्लई समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# चंदन सिंह की अगुवाई में छात्रों ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विभावि के प्रथम सम सत्र के दर्जनो छात्रों ने चंदन सिंह की अध्यक्षता में कुलसचिव से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा।छात्रों ने ज्ञापन में जीडी,सीटीईटी और यूपीएससी की परीक्षाओं के कारण प्रथम सत्र की परीक्षा की तिथि में बदलाव करने का आग्रह किया है। झारखंड छात्र मोर्चा के विभावि अध्यक्ष चंदन सिंह ने कुलसचिव को बताया की नामांकन के तीन महीने बाद ही परीक्षा लिया जा रहा है।सभी विभाग का कोर्स अभी समाप्त हुआ है।कोर्स समाप्ति के बाद छात्रों को परीक्षा तैयारी हेतु समय भी नहीं दिया जा रहा है। दूसरी आंतरिक परीक्षा भी अभी तक नहीं ली गई है। मामले में छात्र मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष लड्डू यादव ने भी कुलसचिव से मिल कर छात्रों की उक्त समस्या को रखा।छात्रों ने परीक्षा की तिथि में बदलाव को ले कर कारवाई नहीं होने पर आगे आंदोलन की बात कही है।

# डपोक पंचायत में हुई पंचायत स्तरीय बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कांग्रेस पार्टी द्वारा 22 जनवरी को बरही में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को बरही प्रखंड के डपोक पंचायत में कांग्रेस पार्टी की पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक डपोक पंचायत भवन में सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता बरही प्रखंड के उपप्रमुख सह कार्यक्रम के पंचायत प्रभारी देवलाल कुशवाहा ने किया। बैठक में कांग्रेस पार्टी के पंचायत प्रभारी, पदाधिकारी एवं के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में 22 जनवरी को बरही में हो रहे भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में सीताराम सिंह, मुकेश कुमार सोनी, जागेश्वर यादव, रामेश्वर पांडे, नीरज दास, कुंजबिहारी चंदवांशी, लालधारी यादव, जागेश्वर साव, रजदेव यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# जिला जदयू ने किया अशोक चौधरी और खीरू महतो का स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग द्वारा बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के नेतृत्व में संत कोलंबा कॉलेज मोड़ पर किया गया। जिसमें भारी संख्या में जिला संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन वरीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता राकेश ठाकुर ने किया स्वागत करने वालों में प्रदेश चुनाव प्रभारी अनिल सिंह ,प्रेमचंद राम, राजकुमार खंडेलवाल, सुरेश वर्मा ,प्रदेश के पदाधिकारी मिथिलेश सिंह ,रोमी सलूजा, गुलशन राज, यासीन अंसारी, मामून रशीद, नजरुलला



अंसारी, शंकर महतो, सदर प्रखंड अध्यक्ष रंजन प्रसाद, अयोध्या मेहता ,महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, सुजाता सिंह ,पिंकी देवी, वीणा देवी, ,अविरल बिहारी लाल,साबीर अहमद उपस्थित थे। समारोह के बाद पूर्व विधायक सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा के आवास पर संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा हुई ।इस परिचर्चा में मुन्ना मलिक ,अर्जुन यादव, दुष्यंत पटेल, समेत जिला एवं प्रदेश के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क दंत जांच शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के लोक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग ने दिन मंगलवार को चुरचु प्रखण्ड स्थित इंद्रा ग्राम में आयोजित मेले में निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 76 मरीजों का निःशुल्क दंत परीक्षण किया गया। साथ ही मुफ्त दवाइयां एवं मुफ्त टूथब्रश का भी वितरण किया गया। स्थानीय मुखिया दशरथ महतो ने शिविर में बुनियादी उपचार से काफी प्रभावित हुए। हजारीबाग डेंटल



कॉलेज की इस निस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद दिया। लोक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. रोहित अग्रवाल ने ग्रामीणों से कहा कि दांतों की नियमित जांच बहुत जरूरी है। साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहने की अपील की। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा गुणवत्तापूर्ण देखभाल एवं बुनियादी इलाज शिविर में मुफ्त है।

# ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाने वाले दुकानों को सीलबन्द करने पहुंची निगम की टीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर आयुक्त के आदेशानुसार फरहत अनिसी, नगर प्रबंधक के नेतृत्व में पुनः वार्ड 14 में जे के मिश्रा रोड़ में ट्रेड लाइसेंस एवं होल्डिंग टैक्स की जांच की गई। यहां पर ट्रेड लाइसेंस नही लेने वाले दुकानदारों को डिनायल नोटिस निर्गत किया गया था। परंतु 25 दिन बीत जाने के बाद भी इनके द्वारा ट्रेड लाइसेंस नही बनवाया गया। इस संदर्भ में नगर निगम की टीम दुकानों को सीलबंद करने पहुंची ।दुकानदारों के द्वारा मौके पर ही ट्रेड लाइसेंस बनवाया गया। इस



अभियान से कुल 52280 रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई। कुछ दुकानदारों ने ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए अतिरिक्त समय मांगा जिसमे नगर प्रबंधक के द्वारा समय दिया गया।आगे भी सीलबंद की प्रक्रिया जारी रहेगी । अभियान में धर्मेन्द्र राय,सहायक, निगम तथा रितिका के सभी तहसीलदार, रितिका के शेखर आदि उपस्थित थे।

# बादम दांगी समाज का हुआ पुनर्गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के बादम पंचायत में दांगी समाज के पुनर्गठन चुनावी प्रक्रिया के तहत पंचवाहिनु मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। चुनाव से पूर्व पिछले एक साल का आय और व्यय के हिसाब के पश्चात सेवानिवृत डीएसपी जगदीश राम की अध्यक्षता और नीरू प्रसाद कुशवाहा के संचालन में शांतिपूर्वक चुनाव किया गया। चुनाव में दांगी समाज के सभी ग्रामीण उपस्थित हुए। चुनाव में भूदेव महतो अपने निकटतम प्रतिद्विंदी को 6 मतों से हराकर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं सचिव पद में संतोष कुशवाहा 88 मतों के भारी अंतर से जीत कर पांचवीं बार सचिव निर्वाचित हुए। बैजनाथ कुमार निर्विरोध कोषाध्यक्ष और काली चरण कुमार नवयुवक अध्यक्ष नियुक्त हुए। नवनियुक्त अध्यक्ष भूदेव महतो ने कहा के समाज को आगे बढ़ाने के लिए में दृढ़संकल्प हूं। सचिव संतोष कुमार कुशवाहा ने कहा के पांच वर्षो



तक समाज के द्वारा जो मेरे ऊपर भरोसा जताया गया है उसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष मेहता, चंद्रनाथ महतो, प्रमोद कुमार, राजेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, संजय मेहता, तुलसी महतो, सुदामा कुमार दांगी, मुरली कुमार दांगी, गोविंद महतो, वीरेंद्र कुमार दांगी, बालेश्वर कुमार, रवि कुशवाहा, बेनी महतो आदि उपास्तिथ थे।

# दुलमी सिकनी मंदिर टोला टेडरी टुंगरी में आजसू पार्टी बूथ संख्या 171 का हुआ कमेटी गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिकनी पंचायत के हरिमंदिर टोला मे सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश अनुसार आजसू पार्टी के कार्यकर्त्ता के द्वारा बूथ कमेटी का गठन हेतु एक बैठक रखा गया, जिसमे ग्राम सिकनी के बूथ संख्या 171, के लिए एक कमिटी का गठन किया गया जिसमे बूथ संख्या 171 के लिए 20 महिला और 20 पुरुष का चयन किया गया रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विजय बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से सिकनी उप मुखिया उमाशंकर महतो, प्रखंड प्रवक्ता छोटेलाल महतो, आजसू मिडिया प्रभारी राजेन्द्र उर्फ रमन पटेल, सिकनी पंचायत अध्यक्ष मुरली महतो, आजसू नेता गौरीशंकर महतो, अर्जुन महतो, रामरंजन करमाली, प्रदीप करमाली, उमेश महतो, अमुसमा अंसारी, तिलेश्वर महतो, प्रदीप महतो, शंकर महतो, घणपत उर्फ प्रेम कुमार, रामपोदो महतो, छबिनाथ महतो, गुड्डु कुमार, केदार महतो, प्रदीप महतो, आजसू महिला मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष सुनीता देवी, उपाध्यक्ष उमा देवी, गुड़िया भारती, गोरी देवी, पूनम कुमारी, रमिना देवी, निखत प्रवीण, मोहनी कुमारी, बिनीता देवी, निर्बला देवी, किरण देवी, बसंती देवी, रीना देवी, सुमित्रा देवी, जयंती देवी, सहित आजसू पार्टी के अनेको महिला नेत्री एवं आजसू कार्यकर्ता सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# बिहार राज्यसभा सांसद ने की मां छिन्नमस्तिके मंदिर में की पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** उत्तर भारत का सिद्धपीठ स्थल रजरप्पा स्थित मां छिन्मस्तिका मंदिर में बुधवार को बिहार राज्य सभा सांसद सह जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष.खिरु महतो एवं बिहार के भवन निर्माण मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड पार्टी के झारखंड प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर नारियल की बलि चढ़ाई एवं रक्षा सूत्र बंधवाये, छिन्मस्तिका से लिया आशीर्वाद इसमौके पर सांसद खिरू महतो ने बताया कि बिहार एवं झारखंड में सुख समृद्धि और शांति के साथ हरियाली बना रहे तथा बिहार झारखंड राज्य का बेहतरीन विकास होने की कामना किया पूजा अर्चना के पश्चात सभी गंतव्य की ओर रवाना हुए। इस मौके पर प्रदेश सचिव श्रवण कुमार ,सचिव जगदीश महतो, रामगढ़ जिला पूर्व अध्यक्ष राजू महतो, जदयू मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल, रामगढ़ जिला अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू सहित दर्जनों जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रामगढ़ उपचुनाव में इस बार राजनेता हारेगा और जनता जीतेगी : संतोष महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर के होटल वृंदावन के बग़ल में छात्र युवा अधिकार मोर्चा के मीडिया प्रभारियों की बैठक हुई जिसमें चितरपुर और दुलमी प्रखण्ड के पदाधिकारी शामिल हुए।संगठन की इस प्रखण्ड स्तरीय बैठक की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष शाहबाज़ अनवर गोल्डी ने किया एवं संचालन ज़िला सचिव सह केंद्रीय सदस्य हेमंत कुमार ने किया बैठक में संगठन के अध्यक्ष संतोष महतो ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ÷स्याम÷ ज़िले का सबसे सक्रिय और प्रभावी संगठन रहा है।क्षेत्र में शिक्षा रोज़गार और स्थानीय मूलवासी के सम्मान और स्वावलम्बन के लिए कार्य कर रहा है! प्रखण्ड के सभी गाँवों में संगठन की कमिटी का गठन किया जा चुका है ताकि संगठन और मज़बूत हो साथ ही ज़िले के अंतिम व्यक्ति का जुड़ाव संगठन से हो सके! इस उपचुनाव में क्षेत्र की जागरूक जनता चुनाव लड़ेगी और इस बार आम आदमी और आम जनता चुनाव जीतेगी और राजनेता चुनाव हारेगा।

परिवारवाद के खिलाफ़ संगठन अपने सकारात्मक विकासात्मक और रचनात्मक नीति निर्माण की राजनीति के साथ चुनाव में उतरेगा।संचालक हेमंत कुमार ने बैठक में आए सभी पदाधिकारियों को बारी बारी से संगठन के रणनीतियों और उपचुनाव पर अपने राय रखने का मौक़ा दिया! रामगढ़ विधानसभा लूट का अड्डा बना हुआ है।बीडीओ और सीओ भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

# पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी का एक दिवसीय चिंतन कार्यशाला सह वन भोज कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में पतरातू प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय चिंतन कार्यशाला सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद एवं झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान,महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी पंचायतों से कार्यकर्ता उपस्थित हुए एवं अपने समस्याओं को विधायक एवं पूर्व मंत्री के पास रखने का काम किया जिसे विधायक ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी कार्यों का निष्पादन कर लिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें




एक एके कोलियरी दतो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार साह के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने कांग्रेसका दामन थामा एवं सेंटर सौन्दा से डॉक्टर वरुण कुमार कर्ष,तनवीर आलम ग्राम चिटो से जयकुमार गंजू,सीताराम गंजू,रामचंद्र गंजू,किशुन गंजू, रामदेव गंजू,सुरेंद्र मुंडा ने कांग्रेस का दामन थामा ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि अमित साहू ने किया।मौके पर मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जयंत तूरी,योगेंद्र सिंह खरवार,असगर अली, मुखिया कोमिला देवी,जगदीश साव,दिलेश्वर साव,प्रेमनाथ विश्वकर्मा लखन मुंडा,अनिल सिंह शहजादा तालिब मोहम्मद हसीब, आरिफ खान संजय सिंह, बितका बाउरी,चंदन प्रसाद, रमेश बेदिया,शमीमा बानू, मीना राय,सरिता देवी, जावित्री देवी, सोनी देवी, निर्मला देवी,इंदु मिश्रा, हेमा देवी,रीना देवी,चंचला कक्षा, मुजफ्फर हुसैन,इमरान अंसारी, बलदेव राम, खजांची राम, बच्चन पांडे, शमशुद आलम,राजेश बेदिया, सैम खान, देवकांत शर्मा, ललन सिंह, मजदूर नेता नरेश महतो, सुरेश साव, शंकर पासवान,मुन्ना अंसारी मुस्तफा अंसारी,अजय पासवान, फिरदोस आलम, पिंटू अग्रवाल,संजीव सिंह, अनिल सिंह,संजय यादव, रमाकांत दुबे,अलीम अंसारी, राम कुमार महतो,रियाज अंसारी,रबानी अंसारी,देवा साहू,अब्दुल हमीद, कमलनाथ प्रसाद,बलदेव राम,सुनील महतो,संजय बेदिया एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# सड़क दुर्घटना में आर्मी डॉक्टर गगनदीप भाटिया की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कर्रा :** थाना क्षेत्र के लोधमा पुलिस पिकेट के पास मंगलवार देर रात सड़क दुर्घटना में आर्मी के डॉक्टर गगनदीप भाटिया उम्र करीब 33 वर्ष की मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्मी डॉक्टर गगनदीप भाटिया मंगलवार को अपने नेक्सजेन कार एम एच 26 बीसी 8828 से छत्तीसगढ़ रायपुर से रांची जा रहे थे तभी लोधमा पुलिस पिकेट के पास नेक्सजेन कार का नियंत्रण खोने कि वजह से पुलिस पिकेट के बाहर खड़ा बालू से लदा हाईवा ट्रक में टकराने से आर्मी डॉक्टर गगनदीप भाटिया गंभीर रूप से घायल हो गये. टक्कर काफी जोरदार होने के कारण आर्मी डॉक्टर गगनदीप भाटिया को सर व शरीर के अन्य हिस्से गहरी चोट आई थी जिससे नाक व सर से काफी खून बह रहा था वहीं घटना को देखते ही लोधमा पुलिस पिकेट वह कर्रा थाना पुलिस द्वारा उन्हें एम्बुलेंस 108 से रात्रि 11 से 12 बजे बीच रिम्स रांची पहुंचा गया. जहां आर्मी डॉक्टर गगनदीप भाटिया को मृत घोषित किया गया.वर्तमान में आर्मी डॉक्टर गगनदीप भाटिया आर्मी हॉस्पिटल नामकोम रांची में कार्यरत थे. आर्मी डॉक्टर गगनदीप भाटिया का पैतृक घर पंजाब बताया जा रहा है लेकिन काफी दिनों पुरे परिवार के साथ छत्तीसगढ़ रायपुर पर घर बनाकर सेटल हो गयें थे।

## डीएवी स्कूल पतरातु के छात्र हर्ष कुमार ने अंग्रेजी में लिखी एक किताब



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी स्कूल पतरातु का एक छात्र जिसका नाम हर्ष कुमार है और वह क्लास दसवीं का छात्र है। इतनी छोटी सी उम्र में उन्होंने एक बहुत ही रोचक और प्रेरणादायक किताब अंग्रेजी में लिखी है जिसका नाम है ए प्लान टू द पेरेंट्स फॉर अ चेंज जो काफी लोकप्रिय हुई है। इनके पिता महेश कुमार है जो पी टी पी एस में रहतेहै। इस छोटी सी उम्र में हर्ष ने काफी सराहनीय कार्य किया है। स्कूल के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य का कहना है कि ये पढ़ाई में भी बहुत अच्छे है। इनकी इस उपलब्धि के लिए स्कूल के प्राचार्य एस आर प्रसाद सहित सभी शिक्षकों ने इन्हे बधाई दी साथ ही इनके उज्वल भविष्य की कामना की। अपने परीक्षा के समय जॉन्डिस जैसी बीमारी से जुझने के बावजूद वे काफी मेहनत कर परीक्षा पास किए। इस किताब को लिखने मे अपने प्रेरणास्त्रोतों मे अपने मात पिता शिक्षकों,इंगलिश कि टीचर बिपाशा घोष एवं बहन अंशिका को बताते हैं जिन्होंने हमेशा इन्हें प्रेरित किया।

## स्व सुनील गुप्ता के परिजनों से मिला चेंबर ऑफ कॉमर्स का शिष्टमंडल

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेडरेशन ऑफ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज हजारीबाग का एक शिष्टमंडल मृत व्यवसाई सुनील गुप्ता के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिलकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली एवं उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच हेतु सीबीआई के द्वारा जांच कराने की मांग करेंगे। इस संबंध में चेंबर का प्रतिनिधिमंडल द्वारा सदर थाना से भी घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक परिवार को ढाढस बंधाया एवं शोक संवेदना प्रकट की। शिष्टमंडल में चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल,उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, सचिव राकेश ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष बंटी जैन शामिल थे।

# पूर्व विधायक ने दी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर भाजपा नेता सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने खुशी जताई है। पूर्व विधायक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को बधाई दी है। पूर्व विधायक ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में फिर से मजबूत सरकार बनेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के कुशल नेतृत्व एवम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह एवम सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में 2024 का लोकसभा चुनाव दो तिहाई बहुमत से जीतेगी। तीसरी बार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से मजबूत सरकार बनेगी।

# विवेकानंद सेवाश्रम विद्यालय का मनाया गया 33 वाँ स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता




**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ ,चेडरा हॉस्पिटल चौक अवस्थित विवेकानंद सेवाश्रम विद्यालय का पूरे हर्षोल्लास से 33 वाँ स्थापना दिवस आश्रम परिसर में मनाया गया ।आज ही के दिन 18 जनवरी 1990 को विवेकानंद सेवाश्रम विद्यालय की स्थापना विष्णुगढ़ हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक स्व0गजानंद मिश्रा के द्वारा रखी गई थी ।बतौर मुख्यातिथि प्रो0महेंद्र वैध,विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र उपाध्याय, आश्रम परिसर संरक्षक आशुतोष मिश्रा, निदेशक जसवंत मिश्रा ने विवेकानंद सेवाश्रम के 33 वें स्थापना दिवस के सुअवसर पर कार्यक्रम का सुभारम्भ दीपप्रज्वलित कर किया ।इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि प्रो0महेंद्र वैध ने कहा कि बच्चे सुकोमल सामान्य होते है,शिक्षक महान और महान लोगो का परमकर्तव्य है सामान्य को महान बनाना। मैं विगत 33 वर्षो से देखता आया हूँ, सेवाश्रम विद्यालय इस कार्य को पूर्ण करने एवं बच्चो को अच्छी शिक्षा देने में अपनी अहम भूमिका अदा की है।विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त हाई स्कूल शिक्षक एवं गणित के अच्छे जानकार वीरेंद्र उपाध्याय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विवेकानंद सेवाश्रम विद्यालय के संस्थापक स्व0गजानन्द मिश्रा के साथ मुझे पढ़ाने का अवसर मिला इसके लिए मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूँ । उनका अनुशासन, पढ़ाने का कौशल आज भी हमारे जेहन मे है,विष्णुगढ प्रखण्ड का कोई भी ऐसा घर नही होगा जिसमें उनके पढ़ाए शिष्य नही होंगे ।

# विष्णुगढ़ +2 उच्च विद्यालय के नवनिर्माण से आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के अच्छे अवसर मिलेंगे : जयन्त सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ +2 उच्च विद्यालय में विद्यालय के लिये नए भवन निर्माण डीएमएफटी फण्ड से किया जा रहा है । नए भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास हज़ारीबाग लोकसभा साँसद जयन्त सिन्हा एवं माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने सँयुक्त रूप से विधिवत पूजा -अर्चना कर नारियल फोड़कर किया ।साँसद जयन्त सिन्हा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सबो को मालूम हो कि विष्णुगढ़ +2 उच्च विद्यालय का जो नवनिर्माण किया जा रहा है ,वो डीएमएफटी फण्ड से किया जा रहा है । डीएमएफटी फण्ड पूर्व से नही थी।हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का नतीजा है, जिसके फलस्वरूप चार करोड़ छियासठ लाख की राशि से विद्यालय का कायाकल्प किया जाना है ।साँसद जयन्त सिन्हा ने बताया कि विद्यालय के नवनिर्माण में माण्डू विद्यायक जयप्रकाश भाई पटेल ने बच्चों के भविष्य के लिए योजना का चयन एवं इसकी स्वीकृति के लिए प्रयास किया जिसके फलस्वरूप आज विद्यालय भवन के नवनिर्माण का ऐतिहासिक दिन आया है।साँसद जयन्त सिन्हा ने सभा के दौरान कला, विज्ञान एवं रंगोली में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।नवीं एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं को आने वाली परीक्षा से डरने की नही लड़ने की सलाह देते हुए छात्रों को परीक्षा की तैयारी के तीन सूत्र दिए ।माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने विकास की गति को तीव्र करते हुए चेडरा पंचायत में विधायक मद से घरों से बह रहे गंदे पानी की वजह से सड़क नाली में तब्दील हो गई थी इसके रोकथाम के लिए विधायक मद से पाँच लाख की राशि से जिन घरों में पनसोखा नही है ।

## एस सी/ एस टी केस मामले को लेकर जिला पुलिस कप्तान सुभाष चंद्र जाट पहुंचे मधुपुर ग्रामीणों से की पूछताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुपुर :** देवघर एसपी सुभाष चंद्र जाट एससी/एसटी केस से जुड़े मामले को लेकर मधुपुर थाना क्षेत्र व करौं थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में पहुंचे और ग्रामीणों से पुलिस कप्तान ने केस को लेकर पूछताछ की। मौके पर एसपी ने बताया कि कुछ केस में जांच होना बाकी है।कुछ केस कंप्लीट हो गई है। जो केस बाकी है उस पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं थाने में पड़े बाइक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कुछ बाइक तो लावारिस है कुछ केस में है और कुछ बरामदगी हुई है जो बरामद गाड़ी है उसे मालिक खुद लेकर जाए।कहा जो केस में है केस डिस्पोजल के बाद ही उसको डिस्पोज कर सकते हैं।कहा जो लावारिस वाहन है उसके नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी। वहीं उन्होंने मधुपुर की ट्रैफिक व्यवस्था के बारे में कहा,यहां यातायात की समस्या है जो लगातार आती रहती है जब भी कोई त्यौहार होता है और अतिरिक्त पुलिस आती है तो यहां यातायात के लिए लगाया जाता है।पिछले कुछ दिनों में यहां सड़क पर कुछ कार्य हो रहा था जिसके कारण यातायात की समस्या हुई कहा ट्रैफिक की समस्या से निजात पाने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान मौके पर एसडीपीओ विनोद रवानी, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी राम दयाल मुंडा आदि मौजूद थे।

# जिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त हजारीबाग से मिला । इस मुलाकात में मुख्य रूप से उपायुक्त हजारीबाग से जिला अध्यक्ष ने पूर्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनता की आग्रह पर बिष्णुगढ़ सीएचसी अस्पताल में किए गए निरिक्षण में प्राप्त जानकारी के आलोक में उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक का शीघ्र पदस्थापन करने का अनुरोध किया गया । इसके अलावा स्थानीय मेडिकल कॉलेज में थायराइड जांच की करोड़ो रूपए की खरीदी गई मशीन को चालू करवा कर आवश्यक जांच शीघ्र शुरू करने की मांग की गई उपायुक्त के द्वारा उपरोक्त समासियों का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया गया । इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, मीडिया प्रभारी निसार खान, के डी सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, कृष्णा किशोर प्रसाद उपस्थित थे ।


झारखण्ड सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़**

**-: निविदा स्थगन सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– RDSD/RAMGARH/05/2022-23, जिसका PR No. - 287074 (Rural Work Development) 22-23 *D का आईडेन्टीफिकेशन संख्या– RDSD/RAMGARH /DMFT/14/2022-23 एवं RDSD/RAMGARH/DMFT/26/2022-23 का कार्य के निविदा अपरिहार्य तकनीकी कारणवश स्थगित किया जाता है।

ह०/–

कार्यपालक अभियंता,

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR 287787 Rural Work Department (22-23)_D

**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**

**आवश्यक आम–सूचना**

**PR No. 286714 & 287535**

जिला परिषद, रॉंची के पत्रांक 23/जि0प0 दिनांक 12.01.2023 के द्वारा प्रकाशित बाजार हाट डाक बन्दोवस्ती आम–सूचना (**PR No. 286714 & 287535**) को अपरिहार्य कारणवश से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

उप विकास आयुक्त–सह–

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,

जिला परिषद, राँची

PR287785 (District)22-23*D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची**

**सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची द्वारा सहायक अभियंता के पद पर चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या 3246 दिनांक 06.12.2022 में आवेदन करने की अंतिम तिथि 26.12.2022 तक निर्धारित थी, को राज्य परियोजना निदेशक के आदेशानुसार दिनांक 31.01.2023 तक किया जाता है।

Previous PR No. 284392

(जयन्त कुमार मिश्र)

प्रशासी पदाधिकारी

PR 287838 Human Resource Developement(22-23)#D


# ओ डी एफ प्लस के तहत ठोस एवंम् तरल कचड़ा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कर्रा :** प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ निशा कुमारी सिंह की अध्यक्षता पर ओ डी एफ प्लस के तहत ठोस एवंम् तरल कचड़ा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला के दौरान पीएचडी के कनीय अभियंता निराकार प्रसाद ने जेजेएम आइ एस ए के प्रतिनिधियों द्वारा ओ डी एफ प्लस के तहत ठोस एवंम् तरल कचड़ा प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी जिस पर बल देते हुए बीडीओ निशा कुमारी सिंह ने कार्यशाला पर उपस्थित सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया व जलसहिया को कार्य में सहयोग देने का निर्देश दिया. कार्यशाला में 19 पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, वार्ड एवंम् जलसहिया उपस्थित रहे. कार्यशाला को सफल बनाने में ब्लॉक को-ओडिनेटर एलीना गुड़िया व सोशल मॉब लाइजर तौकिर अंसारी का मुख्य भूमिका रही।

# राहुल गांधी मामले में सुनवाई 8 फरवरी को

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के वर्ष 2018 के अधिवेशन में टिप्पणी करने से जुड़े चाईबासा कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने के लिए कोर्ट से 2 सप्ताह के समय की मांग की गई . इस पर कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 8 फरवरी निर्धारित की है.प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार साहू एवं गौतम कुमार ने पैरवी की. मामले में प्रतिवादी प्रताप कुमार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया जा चुका है.दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है. जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है. कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है. इसे लेकर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायतवाद दर्ज कराई थी, जिस पर चाईबासा कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था. इसी संज्ञान आदेश को राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है. शिकायतकर्ता भाजपा नेता प्रताप कुमार ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करते हुए कहा है कि अमित शाह के खिलाफ जितने भी केस थे, उनमें से बरी हो चुके हैं ऐसे में राहुल गांधी की ओर से कैसे ऐसा स्टेटमेंट दिया गया है . मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई।


**प्रथम वाहिनी, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, राँची।**

**-अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना-**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वाहिनी परिसर स्थित टिकु हॉल परिसर के पश्चिम दिशा की और चारदिवारी (50'–चौड़ाई, 90' लम्बाई, ऊँचाई–8' एवं 10'' दिवाल की मोटाई) का निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 27.01.2023 को निर्धारित की जाती है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 27.01.2023, सुबह 11:00 पुर्वा॰ बजें तक निश्चित रूप से निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे। निविदा दिनांक 27.01.2023, समय 17.00 बजें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोल जायेगी।

नियम एवं शर्ते :–

1. निविदा में आपूर्तिकर्त्ता का GST का अद्यतन प्रमाण–पत्र अनिवार्य है।
2. आपूर्तिकर्त्ता, सामानों का दर बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए।
3. आयकर विभाग द्वारा निर्गत पेन कार्ड की छायाप्रति होना अनिवार्य है।
4. निविदा को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा।
5. किसी भी समय निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार समादेष्टा, झा०स०पु–1 के पास सुरक्षित रहेगा।

ह०/–

(वाई०एस०रमेश)

समादेष्टा

झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची।

PR 287795 (Police) 22-23 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –21/2022–23**

**जिला योजना अनाबद्ध मद**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 27.01.2023 के अपराहन 5.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.01.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 28.01.2022 के 3.30 बजे अपराह्न ।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

- कार्य की विवरणी

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary Wall at ESR Karamtoli & Bazar Tand, Gumla for Town Water S upply Scheme, Gumla Under Drinking Water and Sanitation Division, Gumla, for the Year 2022 -23 | 12,39,604=00 | 25,000=00 | 2,500=00 | दो माह |

नोट :– प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगा।

कार्यपालक अभियंता,

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR 287817 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी।**

(खेल शाखा)

**सूचना**

SAHAY योजना अन्तर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रारंभ की संशोधित तिथि निर्धारित किया जाता है :–

| क्र0 | योजना | प्रतियोगिता आयोजन की तिथि | |
|---|---|---|---|
| | | प्रखण्ड स्तरीय | जिला स्तरीय |
| 1 | SAHAY योजना (फुटबॉल, हॉकी, बॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स) | 18.01.2023 से 23.01.2023 तक | 25.01.2023 से 29.01.2023 तक |

अतः अनुरोध है कि सहाय योजना अन्तर्गत निबंधन हेतु दिये गये दिशा– निदेश के आलोक में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत/शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर आयुवर्ग 14–19 वर्ष के बालक/बालिकाओं को खिलाड़ी के रूप में निबंधन पूर्ण कराते हुए अनुरोध है कि निर्धारित समयावधि के अनुरूप खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन संबंधित प्रखण्ड के प्रतिनियुक्त/पदस्थापित शारीरिक शिक्षक एवं आवासीय/डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षक/प्रशिक्षिकाओं के सहयोग से कराते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विभागीय संकल्प के कंडिका–7 के XIV के अनुसार प्रखण्ड/स्थानीय नगर निकाय स्तरीय प्रतियोगिता के समापन के पश्चात् हॉकी, फुटबॉल एवं बॉलीबॉल हेतु प्रखण्ड/स्थानीय नगर निकाय चयन समिति के द्वारा समस्त पंचायत/वार्ड स्तरीय खिलाड़ियों के बीच में से एक प्रखण्ड/स्थानीय नगर निकाय स्तरीय टीम को तैयार किया जायेगा। प्रखण्ड/स्थानीय नगर निकाय स्तरीय चयन समिति द्वारा प्रखण्ड/स्थानीय नगर निकाय स्तरीय टीम के चयन में Objectivity एवं पारदर्शिता में चयनित खिलाड़ियों के टीम की सूचना दिनांक– 24.01.2023 तक व्हाटसप् सहाय ग्रुप के माध्यम से देने की कृपा की जाय। SAHAY योजना अन्तर्गत खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी विभागीय संकल्प सं0–04 दिनांक–12.11.2021 (संलग्न) में दिये गये दिशा–निर्देशों एवं व्यय अधिसीमा का अक्षरशः अनुपालन किया जाय। प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के मेडल एवं रनर/विनर ट्रॉफी निदेशालय के द्वारा आपको उपलब्ध कराया जायगा।

जिला खेल पदाधिकारी,

खूँटी।

PR 287857 District(22-23)D

## गिरिडीह में पाइप फटने से जलापूर्ति ठप

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के पुराना पुल के पास मंगलवार देर रात करीब 9 बजे पाइप फट जाने से पूरे शहर में खंडोली जलापूर्ति नही हुआ। वही सूचना मिलने पर उप महापौर प्रकाश सेठ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत में जुट गए। वही बुधवार की शाम तक क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत का कार्य चलता रहा। नगर पालिका के द्वारा सूचना दी गई कि पाइप लाइन फट जाने से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। पालिका के कर्मचारी पाइप लाइन को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। गुरुवार तक मरम्मत का कार्य पूरा हो जाने के बाद नगर वासियों को पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से मिलने लगेगी। वही पाइप लाइन फट जाने से नगर निगम के द्वारा पेयजलापूर्ति रोक दिए जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।बुधवार को पूरा दिन सप्लाई ठप होने पर लोग गली-मुहल्लों में लगे सरकारी हैंडपंपों से पानी भरकर लेकर आए। इस दौरान सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को ही जिनके दो से अधिक मंजिला मकान बने हैं। पानी नहीं आने पर हैंडपंप से पानी भरकर बाल्टी को दो से तीन मंजिल लेकर जाने में लोगों के पसीने छूट गए। लोगों ने बताया कि पाइप लाइन फट जाने से उन्हें बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कपड़े धोने से लेकर खाना पकाने और नित्य कर्मों के लिए पानी नहीं मिल रहा।



## मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया स्वेटर वितरण

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के अरारी पंचायत में बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वेटर का वितरण किया गया. इस बीच स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा ने आंगनवाड़ी केंद्र मरकोडीह एवं आंगनबाड़ी केन्द्र सिरमाटांड में नामांकित बच्चों के बीच गरम कपड़ा स्वेटर का वितरण किया गया. मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा समेत पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, उप मुखिया जीतेंद्र यादव, वार्ड सदस्य बसंती देवी, वार्ड सदस्य टुनटुन कुमार, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अरुण राम, आंगनवाड़ी सेविका अनामिका वर्मा, शिवानी देवी सहायिका सुशीला देवी, जागेश्वर दास, बालेश्वर दास, प्रदीप दास, पंकज कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे. वहीं दूसरी ओर जरीडीह पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र जरिडीह में 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के बीच सेविका सुनीता भारती, सहायिका उमा एवं वार्ड सदस्य मंसूर के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया।

## कांड्रा पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कांड्रा पंचायत के नया प्राथमिक विधालय काण्ड्रा मुस्लीम टोला में नेत्र जाँच, बी पी0 जाँच, शुगर जाँच का शिविर निःशुल्क लगाया गया ।जिसमे डाक्टर कि पुरी टीम मशीन के साथ जाँच किया। शाम 3बजे तक लोगो का आना जाना लगा हुआ था।

## आरोग्य भारतीय महिला आयाम द्वारा बर्ड्स गार्डन स्कूल में निःशुल्क दांत जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को आरोग्य भारती महिला आयाम द्वारा बड्स गार्डन स्कूल दलूडीह, राजगंज परिसर में एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के लगभग 700 छात्र- छात्राओं ने अपने दांतो का चेकअप करवाया। बड्स गार्डन स्कूल परिसर में आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैंप में धनबाद के जाने-माने सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. राजीव रंजन एवं डॉ. बिम्मी द्वारा बच्चों का दांतो का मशीनों की सहायता से जांच किया गया एवं उनके द्वारा , दवाई आदि का भी निशुल्क वितरण किया गया।इसके अलावे बच्चों को चिकित्सक के द्वारा अपने दांतो को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के तरीके भी बताए गए।

## पहला कदम स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में चिकित्सा शिविर का आयोजन डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य तौर पर डॉ शंकर, डॉ अलका, डॉ विनीता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कैंप का उद्घाटन किया। आज के केम्प में बच्चो के स्वास्थ्य की जाँच हुई तथा इलाज के दौरान जो भी दवा की जरूरत पड़ी वह भी बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराई गई। पहला कदम स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि उनका हमेशा से प्रयास रहता है की दिव्यांग बच्चे हमेशा स्वस्थ रहें। जिसके लिए हर माह पहला कदम स्कूल में दिव्यांग बच्चों का हेल्थ चेकअ प होता है।




## इलेक्ट्रिकल बाइक शोरूम का किया गया उद्घाटन

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड अंतर्गत सरिया-राजधनवार मुख्य मार्ग पर स्थित बिराजपुर चौक में बुधवार को इलेक्ट्रिक बाइक प्रयाग ऑटोमोबाइल्स शोरूम का उद्घाटन संचालक सह डीलर सत्यनारायण मोदी के पिता प्रयाग मोदी के द्वारा फीता काटकर व विधिवत पूजन कर उद्घाटन किया गया. जिसमें संचालक ने जानकारी देते हुए कहा अभी 31 जनवरी तक सभी ग्राहकों के लिए विशेष छूट दिया जाएगा. एक लाख तक के बाइक की खरीद पर रजिस्ट्रेशन व इन्श्योरेंस मुफ्त दी जाएगी. उन्होंने कहा यह गाड़ी मेक इन इंडिया की स्वदेशी व वातावरण मुक्त एवम आरामदायक है तथा जॉय ई बाइक कम्पनी की है इस अवसर पर अरविंद कुमार, अर्जुन मोदी, पवन कुमार, शिवपूजन कुमार,अशोक बैठा, सिकन्दर साव, बुधन राम, प्रिया कुमारी, पुष्पा कुमारी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## सिंदरी की बेटी ने बढ़ाया झारखंड का मान तीरंदाजी में जीता सिलवर मेडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित 13वाँ एनटीपीसी मीनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता (अंडर-14) में धनबाद जिले के सिंदरी हेट कांड्रा निवासी पप्पू महतो की पुत्री खुशी कुमारी ने सिलवर मेडल जीतकर सिंदरी, धनबाद समेत झारखंड का नाम रोशन किया....

विजयवाड़ा से घर लौटने पर कांड्रा के लोगों ने कांड्रा बाजार में गाजे बाजे, आतिशबाजी एवं फुल माला के साथ खुशी कुमारी का भव्य स्वागत किया।

खुशी कुमारी डीएवी मॉडल स्कूल डिगवाडीह में कक्षा पांच की छात्रा हैं।

खुशी इससे पूर्व मई - 2022 में आयोजित राष्ट्रीय मीनी तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लायी थी और धनबाद समेत पूरे झारखंड का नाम रोशन की थी।

## कांग्रेस का कार्यकर्ता सह मिलन समारोह का आयोजन

# भाजपा देश में सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रही है : जलेश्वर महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सिजुआ स्टेडियम में कांग्रेस का कार्यकर्ता सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो उपस्थित थे। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का अध्यक्षता शकील अहमद तथा संचालन कतरास युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने पार्टी की आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। श्री महतो ने कहा की आगामी 08 फरवरी से कांग्रेस का यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत घर घर कांग्रेस का स्टीकर लगाने का कार्यक्रम चलेगा। जलेश्वर महतो ने भाजपा पर तीखी शब्द बाण चलाते हुए कहा की भाजपा देश मे सौहार्द बिगाड़ने की नीति पर काम कर रही है। भाजपा के पास मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुस्लिम की बातों को छोड़कर देश के विकास और बेरोजगारी दूर करने का कोई दूरगामी योजना नहीं है। डीसी रेल लाइन बंदी के सवाल पर कहा की क्षेत्र के लोग जागरूक है, किसी भी सूरत में डीसी रेल लाइन को बंद कर अडानी और अंबानी के हाथों कोयला निकालने नहीं दिया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा नगर अध्यक्ष विकास सिंह, शकील अहमद का अहम योगदान रहा।




## महुदा से चोरी हुई ट्रैक को पुलिस ने बंगाल से किया बरामद, गिरोह के सदस्य भी गिरफ्तार





प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के महुदा थाना क्षेत्र बीते महीना को महुदा मोड़ से चोरी किया गया ट्रक को महुदा पुलिस ने बंगाल से बरामद कर लिया है। महुदा पुलिस की गठित टीम ने सात शातिर अंतरप्रांतीय गिरोह को पकड़ा। इस संबंध में एसडीपीओ बाघमारा में पीसी कर जानकारी दिया।बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू ने पीसी के माध्यम से जानकारी दिया की। मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिसंबर माह में महुदा मोड़ में खड़ी ट्रक संख्या जे एच 09 ए एफ को कथित उक्त संगठित गिरोह ने स्थानीय लिंक के सदस्य के सहयोग से टपाते हुए दुर्गापुर समीप गोपालपुर में बेच दिया था। वाहन चोरी के इस शातिर गिरोह ने उक्त ट्रक को अंकित झारखंड नं0 की जगह नागालेंड का नं0 लगाते ट्रक को रंग रोगन कर अलग स्वरूप ही बदल डाला था।

## महेंद्र यादव के हत्यारों को पकड़ने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** माले नेता राजेश यादव, बेंगाबाद के जिप सदस्य केदार हाजरा तथा ताराटांड़ पंचायत के मुखिया वीरेंद्र दास सहित कई अन्य ने कल शाम बड़कीटांड़ (खुटरी) निवासी 28 वर्षित महेंद्र यादव नामक व्यक्ति की निर्मम तरीके से हत्या कर दिए जाने के मामले में अविलंब हत्यारों को पकड़ने की मांग की है। मालूम हो, महेंद्र यादव की कल शाम अपने घर से बेंगाबाद ड्यूटी जाते समय काशीटांड़ (महुआर) के नजदीक संभवतः गला दबाकर हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश व्याप्त है। जानकारी मिलने पर आज उक्त नेताओं और समाजसेवियों ने महेंद्र यादव के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि, हम सबों ने प्रशासन को मौका दिया है कि, हत्यारों को ढूंढ निकाला जाए। लेकिन अगर इसमें तनिक भी लापरवाही बरती गई तो वे ग्रामीणों के साथ हत्यारों को पकड़ने की मांग को लेकर सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। अलावे माले नेता यादव ने कहा कि, वे पीड़ित के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा देने की भी मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि महेंद्र यादव घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था और उसके नहीं रहने से उसका परिवार सड़क पर आ गया है। माले नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस तरह के मामलों में पीड़ित परिवार के लिए माकूल व्यवस्था किए जाने की मांग की।



## मजदूरों का स्थानांतरण किए जाने से मजदूरों में नाराजगी कोलियरी कार्यालय के मुख्य गेट पर किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** एकीकृत जयरामपुर कोलियरी से मजदूरों का स्थानांतरण कुजामा कोलियरी में किये जाने से भड़के श्रमिकों ने बुधवार को संयुक्त मोर्चा के बेनर तले मजदूर नेता छोटू सिंह और सुनील पासवान के नेतृत्व में कोलियरी कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर प्रबंधन के निर्णय का विरोध किया।प्रदर्शन के दौरान मोर्चा के नेताओं ने पीओ एम कुंडू से फोन पर बात करने के बाद पीओ ने स्थानांतरण किये गये कर्मियों का रोकी गयी हाजरी को आज बनाने का निर्देश दिया। इधर नेताओं को चेतावनी दिया कि जबतकस्थानांतरित किए गये कर्मियों का स्थानांतरण पर रोक नहीं लग जाती तबतक प्रबंधन का विरोध जारी रहेगा। जे एम एस नेता छोटू सिंह ने कहा कि जयरामपुर में सामान्य मजदूरों कि कमी है और उसी के भरोसे यहां के लोग पानी बिजली तथा अन्य मूलभूत संसाधनों कि पूर्ति कि जाती है। इस परिस्थिति में अगर सात मजदूरों का स्थानांतरण किया गया तो लोगो के समक्ष पानी बिजली कि समस्या उत्पन्न होगी। बीसीकेयू नेता सुनील पासवान ने कहा कि जिन मजदूरों का स्थानांतरण किया गया है उनके लिय? सात किलो मीटर पेदल चलकर ड्यूटी करना असंभव है। प्रबंधन सभी सातो मजदूरों का ट्रांसफर रद्द करे नहीं तो मोर्चा वृहद आंदोलन करने को बाध्य होगी। केआईएमपी नेता बिहारीलाल चौहान ने कहा कि स्थानांतरित मजदूरों के मुद्दे पर आर्थिक नाकेबंदी भी कि जाएगी। बीएमएस ने सुखदेव शर्मा ने कहा कि मजदूरों के मामले को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय का घेराव करने कि चेतावनी दिया।



## वासेपुर के समाजिक कार्यकर्ताओं ने धैया में घर-घर जाकर जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद में इन दिनों शीतलहर का प्रकोप है। दिन में भी ठंडी हवाएं चल रही हैं। ऐसे में राजनीतिक पार्टियों से लेकर विभिन्न संस्थान गरीबों को ठंड से बचाने के लिए पहल कर रहे हैं। इस क्रम में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद और ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी जमीर आरिफ ने मंगलवार को धैया की विभिन्न बस्तियों का जायजा लिया। उन्होंने गरीब और जरूरतमंदों के घर जाकर कंबल वितरित किया। कंबल पाकर लोग खुश दिखे। साथ ही लोगों ने इस कार्य की काफी सराहना की। मौके पर झारखंड पुलिस के अधिकारी सह समाजसेवी सुनील कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## आदिवासी युवक का पेड़ से लटका शव बरामद



**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तोपचांची थाना अन्तर्गत गोमो पी एन एम कालेज के समीप खेसमी गाव के पिछवाडे 18 जनवरी की सुबह एक शीशम के पेड़ पर फंदे से झूलता हुआ आदिवासी युवक का सव बरामद हुआ है, उसके जेब में बरामद आधार कार्ड पर पहचान हुई है । सुरेश माझी पिता युगल किशोर माझी,ग्राम धाजा टार्ड तोपचांची निवासी हैं पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं ।

## अवैध आरा मिल पर चला वन विभाग का बुलडोजर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निर्देशों पर अवैध आरामिलो के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे सघन छापामारी एवं जप्ती अभियान के क्रम में सरिया प्रखंड के नीमाटांड़, पोटमा एवं फकरापहरी में अवैध रूप से संचालित आरामिल पर छापामारी एवं जप्ती की कारवाई की गई। आरामिल के विरुद्ध की गई छापामारी में अवैध रूप से स्थापित आरामिल, आरा हाथी, प्लेटफार्म को जे.सी.बी. से समूल उखाड़कर नेस्तनाबूद कर दिया गया और स्थल पर संग्रहित वन पदार्थो (लकड़ियों) एवं उपस्करों (डीजल इंजन, आरा हाथी, विभिन्न प्रजाति के बोट्टा एवं चिरान) जिसकी कीमत लगभग 02 (दो लाख) रुपये से अधिक है, को जप्त करते हुए ट्रेक्टरों द्वारा वन प्रक्षेत्र कार्यालय, बगोदर(सरिया) परिसर में लाकर रखा गया है। अवैध आरामिलो के खिलाफ की गई छापामारी एवं जप्ती में आरामिल संचालक घनश्याम प्रसाद पिता गोविंद महतो, तुलसी महतो पिता गुल्ली महतो, प्रेमचंद शर्मा पिता कार्तिक शर्मा, पप्पू शर्मा पिता सुखदेव शर्मा पर भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41,42 एवं बिहार काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1990 की धारा 9, 10, 14 के तहत वन मुकदमा दर्ज किया गया है। अवैध आरामिल के विरुद्ध आज हुई छापामारी एवं जप्ती का नेतृत्व अंशु कुमार, वनपाल, सरिया के द्वारा किया गया। इस क्रम में अवैध आरामिलो के खिलाफ लगातार की जा रही छापामारी एवं जप्ती को लेकर वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि अवैध आरामिलो के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार चलते रहेगा और जहाँ भी अवैध आरमिलो के संचालन की सूचना प्राप्त होगी, वहाँ बुलडोजर से इसे ध्वस्त करते हुए विधि-सम्मत कारवाई सुनिश्चत की जाएगी। उन्होने आगे बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निर्देशानुसार चोरी-छिपे चल रहे दर्जनों अवैध आरामिलो पर छापामारी कर आरामिल संयंत्र को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है ।



## बगोदर बचाओ संघर्ष समिति के बैठक में संगठनात्मक मजबूती व जन समस्या पर चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** बगोदर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा बुधवार को बगोदर स्टेडियम में बैठक आयोजित की गई, बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठनात्मक स्थिति को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान संचालित कर,सुदृढ़ समाज का नवनिर्माण किया जायगा, व सरकारी महकमें के भ्रष्ट अधिकारी तथा जनविरोधी ताकतों के खिलाफ आवाज बुलंद किया जाएगा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि बगोदर में सियासी पार्टियों के नुमाइंदों की चुप्पी के कारण अफसरशाही हावी है,परिणाम स्वरुप बिजली विभाग के अधिकारी नियमों को ताख में रख कर, उपभोक्ताओं के बीच केस मुकद्दमा का भयावह माहौल बना कर तंग किया जा रहा है जिसकी बगोदर बचाओ संघर्ष समिति घोर निंदा करती है और मांग करती है, बिजली विभाग के नियमानुसार बिल भुगतान के दिशा में उपभोक्ता को जागरुक कर प्रत्येक माह बिल भुगतान सुव्यवस्थित किया जाए, बिजली विभाग के लापरवाही के कारण बिल वृद्धि में, वसूली हेतू उपभोक्ता को तीन माह का समय दिया जाए, ऐसा नहीं होने के स्थिति में जनता सड़क पर उतरने को बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही प्रशासनिक पदाधिकारी की होगी।

## झारखंड प्रदेश बाउरी सक समिति का अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति में विलय



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति की एक बैठक चिरकुण्डा टाऊन हॉल में हुई जिसकी अध्यक्षता विश्वनाथ बाउरी ने कि संचालन काजल बाउरी ने किया बैठक में सभी लोगों ने स्वर्गीय वामपदो बाउरी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभा आरंभ किया बैठक में झारखंड प्रदेश बाउरी समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष काजल बाउरी ने अपने समर्थकों के साथ अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति में विलय करने की घोषणा की समाज के केंद्रीय अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी जिला अध्यक्ष श्रीमंत बाउरी चिरकुंडा चेयरमैन डाब्लु बाउरी प्रदेश प्रवक्ता बालेश्वर बाउरी ने सभी लोगों को माला पहनाकर संगठन में शामिल किए शामिल हुए विश्वनाथ बाउरी प्रदीप बाउरी काजल बाउरी अमर बाउरी मैना बाउरी तारापदो बाउर बुलन बाउरी शिबू बाउरी ।

## डीलर के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रखंड आपूर्ति विभाग को दिया ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड के चिलगा पंचायत अंतर्गत चिरूडीह के ग्रामीणों ने डीलर के खिलाप प्रखंड आपूर्ति विभाग को ज्ञापन देकर करवाई की मांग की है। आवेदन के आलोक में ग्रामीणों कहना है की डीलर द्वारा साल 2022 से अभी तक महीने में दो बार राशन नहीं दिया गया है। मांगने पर बहाना बना कर टाल दिया जाता रहा है। ग्रामीणों से कभी किरासन के नाम पर तो कभी गेहू के नाम पर अनेक बार अंगूठा लगवाया जाता है लेकिन राशन एक बार ही दिया जाता है। ग्रामीणों ने अनुरोध किया है की उक्त मामले की जाँच कर तत्काल करवाई करे। जमुआ प्रखंड तो वर्षो से भरस्टाचार का गढ़ बना हुवा है लगातार राशन घोटाला का मामला सुर्खियों में रहता है लेकिन अभी तक प्रखंड अधिकारी और जिला अधिकारी द्वारा किसी भी तरह की करवाई नहीं की गई है। जाँच के नाम पर लोगो के आँखों में धूल झोंककर लगातार राशन गबन खुल्लेआम चलता आ रहा है। इससे पहले भी कई बार सरकारी राशन के साथ गाड़िया पकड़ी गई हजारो आवेदन दिए गए दर्जनों बार आंदोलन की गई लेकिन प्रभाव कुछ नहीं। सरकार द्वारा भरस्टाचार मुक्त की बाते हवा हो रही है वही प्रखंड अधिकारी के साथ मिलकर डीलर मालामाल हो रहे है। आवेदन में सैकड़ो ग्रामीणों का हस्ताक्षर मौजूद है।



## जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग, भू-अर्जन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मत्स्य विभाग, भवन निर्माण, नगर परिषद्, शिक्षा विभाग, पशुपालन, कल्याण, भूमि संरक्षण, सहकारिता, पथ निर्माण, भूमि संरक्षण, जिला समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा विभाग सहित अन्य विभाग की विस्तृत समीक्षा कर, संचालित कार्य योजनाओं को धरातल पर समस्य सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने कि दिशा में आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। आपूर्ति विभाग की समीक्षा कर जिले में राशन वितरण से संबंधित कार्य की जानकारी ली, उन्होंने जिले के सभी पीडीएस दुकानदारों को सभी कार्डधारियों के बीच समय से राशन का वितरण सुनिश्चित कराने की बात कहीं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया की जिले के कई प्रखण्डों में नेटवर्क की समस्या होने से ग्रामीणों को राशन वितरण करने में आज भी समस्या हो रही, जिस पर उपायुक्त ने नेटवर्क की समस्याओं को निष्पादन कराने की बात कहीं। भू-अर्जन विभाग से संबंधित भूमि अधिग्रहण के लंबित मामलों को 31 जनवरी तक निष्पादन सुनिश्चित कराते हुए लाभुकों को मिलने वाले लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से लेकर बाजार डांट रोड व कॉलेज मोड रोड का समस्य मरम्मत कराते हेतु कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। इसके अलावा उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड (के0सी0सी0), सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास, सर्वजन पेंशन योजना, राजस्व न्यायालय, सहित मनरेगा से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर, कार्य प्रगति को बढ़ाने एवं निर्धारित लक्ष्य को शत् प्रतिशत पूर्ण करने की दिशा में संबंधित पदाधिकारी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूणा वाल्टर सांगा, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, आईटीडीए निदेशक, श्री सलन भुईया, सिविल सर्जन डॉ.नवल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री महेन्द्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री ओम प्रकाश यादव सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति ने मकर संक्रांति पर दही, चुड़ा, तिलकुट कार्यक्रम का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्री राम समिति के द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में पूर्व विधायक व समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया आयोजित कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव संरक्षक सुषमा सिंह, उदय शेखर, बृज बिहारी प्रसाद, अमरेश भारती, राजेश महतो, कपिंद्र महतो, रोहित साहू, रमेश विश्वकर्मा, अजय सोनी ने अपने अपने विचार दिए तत्पश्चात जिला अध्यक्ष राजीव रंजन जी के द्वारा नगर अध्यक्ष की घोषणा की गई नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष दीपक साहू को मुख्य संरक्षक रमेश उरांव एवं जिला अध्यक्ष श्री राजीव रंजन जी के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात चूड़ा तिलकुट गुड़ दही का भोग लगाकर सभी के बीच में दिया गया। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी सनातन धर्मालंबियो को एक जुट करने का प्रयास समिति कर रही है जिससे लोगों के बीच में मिठास बढ़े। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा समिति के संरक्षक पदाधिकारी एवं सदस्यगण का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे इस लायक समझा मैं जल्द पूरे नगर क्षेत्र में कमेटी का विस्तार करने का प्रयास करूंगा।

## दहेज उत्पीड़न व दुर्व्यवहार मामले में नामजद युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठियो निवासी स्व सुनेशवर महली की पुत्री हीरामणी कुमारी द्वारा 7/12/22 को चार नामजद किशोर महली जितिन देवी, कृष्णा महली एवं सोनी देवी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए न्यायालय से न्याय का गुहार लगया गया था। जिसके आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 03/23 दर्ज कर नामजद आरोपियों के विरुद्ध पुलिस कारवाई करते हुए किशोर महली को गिरफ्तार कर जेल बुधवार के भेजा गया। सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा की स्वर्गीय सुनेश्वर महली के पुत्री हीरामणि कुमारी का कोट परिवाद प्राप्त हुआ था जिसके आधार पर सेन्हा थाना में कांड संख्या 3/23 दर्ज कर धारा 376, 313, 323, 379, 498 ए 34 भादवी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत कारवाई करते हुए किशोर महली उर्फ किशोर मुंडा को गिरफ्तार कर नियम संगत एवं मेडिकल जांचोपरांत जेल भेजा गया। वही बताया जा रहा है। कि आरोपी किशोर महली उर्फ किशोर मुंडा फरार था। जिस को राँची जिला के चान्हो थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के मौके पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान शस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

## एसडीपीओ वीएन सिंह ने कैरो थाना पहूँचकर लंबित काण्डो को शीघ्र निष्पादन करने के दिये निर्देश



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कैरो मे दिनांक 18 जनवरी बुधवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री वशिष्ठ नारायण सिंह कैरो थाना पहूँचकर थाना मे दर्ज लम्बित काण्ड की समीक्षा की। श्री सिंह ने अपराध से संबंधित लम्बीत काण्ड पर अभी तक थाना अधिकारियो के द्वारा की जा रही कार्य की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों से काण्ड का उद्भेद्न कर शीघ्रतापूर्वक निस्पादित करने की बात कैरो थाना के अधिकारियो से की। वही श्री सिंह ने थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर पुलिस गश्ती नियमित रूप से करने, के साथ साथ अपराध नियंत्रण पर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियो को दिये। मौके पर कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, एस0आई0 ऋषि कान्त शर्मा, ए0एस0आई0 क्रिशतोफर तिर्की, एसडीपीओ के स्टोनो हेमंत राम इत्यादि उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने बिशुनपुर जाने के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को गर्मजोशी के साथ किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, राजीव चंद्रशेखर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल विकास और उद्यमिता प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत बुधवार को विकास भारती, बिशुनपुर में आयोजित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा की पहल से स्किल इंडिया मिशन एवं संसदीय संकुल विकाश परियोजना के बैनर तले आयोजित ग्रामीण उद्यमी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह में शामिल होने के लिए जाने के क्रम में शहरी क्षेत्र के बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मन्दिर में रुक कर मां दुर्गा का दर्शन किया। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता और मंदिर समिति के सदस्यों के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागत के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सासंद ने मनोकामना सिद्ध मंदिर माता दुर्गा के समीप जा कर पूजा अर्चना की और साथ ही मीडिया के द्वारा पूछे गए सवालों पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि जिले में भव्य मंदिर में मां की प्रतिमा स्थापित हुई है। साथ ही मां का दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने स्थानीय नीति को लेकर कहा कि सरकार इसे लेकर राजनीति कर रही है। सरकार यदि झारखंड का नेतृत्व कर रहा तो सभी नागरिकों के बारे में सोचते हुए क्या बेहतर हो सकता है राजनीति से परे और एडमिनिस्ट्रेशन के दृष्टिकोण से देखना चाहिए। वहीं गुमला में हुए भाजपा नेता की हत्या पर उन्होंने कहा कि एक जगन्य घटना है। प्रशासन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। इसे प्रशासन की विफलता मानी जाएगी। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, रमेश साहू, राजकिशोर महतो, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज, मीना बाखला, बिंदिया देवी, कलावती देवी, नागेंद्र प्रजापति, अनिल उराँव, दिलीप पटनायक, राजेश महतो,

## आलोक साहू के प्रयास से लगा दोबा गांव में नया ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू बुधवार को कुडू प्रखंड के दोबा बर टोली में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर का एक सादे समारोह में फीता काटकर उद्घाटन किए। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आलोक कुमार साहू ने कहा कि कुछ दिन पूर्व दोबा गांव के ग्रामीण उनसे मुलाकात कर उन्हें बताया था कि विगत 3 माह पूर्व 63 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके कारण यहां की जनता अंधेरे में रहने को विवश है। जिससे जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए शीघ्र नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग किए थे। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से बोलकर यहां 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। श्री साहू ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि गांव में जिनका भी बिजली का बकाया है उनका भुगतान वे समय से करें ताकि विद्युत विभाग भी समय से लोगों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा सके। झारखंड कि यूपीए सरकार में जन समस्याओं का निदान त्वरित गति से किया जा रहा है। मौके पर ग्रामीणों ने आलोक कुमार साहू एवं विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए आभार प्रकट किए। मौके पर लोहरदगा विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष विकास शाहदेव, गंसा उरांव, अखिलेश उरांव, राजेश उरांव, शाहजहां अंसारी, सुखदेव उरांव, पीटर खाका, रोशन खाखा, रविया उरांव, प्रेमजीत उरांव, मनोज भगत, पंकज उरांव, इमरान अंसारी, सुमिरन खाखा, ऐनूल अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपसी विवाद में दोनो पक्ष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, कारवाई में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू ग्राम में एक ही समुदाय के दो पक्षों में रास्ते के किनारे से हटने एवं शराब की बात पर विवाद उतपन्न हो गया जिस पर दोनो पक्षो के बीच मारपीट आरम्भ हो गया। घटना के पश्चात दोनो पक्ष सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देते हुए एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाया है। प्रथम पक्ष विजय महली की 22 वर्षीय पुत्री रोहणी कच्छप ने दुर्गा महली पर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी मां उषारानी देवी रोड के किनारे खड़ी थी कि दुर्गा महली शराब के नशे में स्कूटी से आया और मां को हटने की बात बोलते हुए स्कूटी चढ़ा देने को लेकर हल्ला करने लगा तभी हमलोग वहाँ पहुंचे तो दुर्गा महली गलत इरादे से मेरा सूट को फाड़ दिया। जिसपर शोर गुल होने लगा तो आसपास के लोगो द्वारा बीच बचाव किया गया परंतु पूरे परिवार मारने पीटने पर उतारू हो गये। तभी इसकी सूचना थाना को देते हुए हम लोगो ने न्याय का गुहार लगया है। वहीं दूसरा पक्ष दुर्गा महली के 26 वर्षीय पत्नी संगीता देवी ने उषारानी देवी,राहुल महली,अक्षय महली,रोहणी कच्छप एवं विजय महली पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे पति घर आ रहे थे उसी समय लोग रास्ते पर खड़ा थे। जब हॉर्न बजा कर हटने का इशारा किया गया तो शराबी मतवार बोल कर गली गलौज करने लगे और मेरे पति के साथ मारपीट करने लगे बीच बचाव के लिए हमलोग आए तो हमलोगों के साथ भी मारपीट करने लगे। वही थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि दोनों पक्ष से प्राप्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए कांड संख्या 10/23 एवं 11/23 दर्ज कर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल आरम्भ कर दिया गया है। जिसे जांचोपरांत दोनो पक्ष के विरुद्ध नियम संगत कारवाई किया जाएगा।

## उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के विभिन्न योजनाओं को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के विभिन्न योजनाओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिला में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें हर घर नल योजना में सभी पूर्ण योजनाओं वाले गांवों का सर्टिफिकेशन पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। बैठक में पेयजलापूर्ति से संबंधित सिंगल विलेज स्कीम, क्लस्टर योजना, स्वच्छता भारत मिशन में शेष राशि व उसके उपयोग, स्वच्छत भारत मिशन अंतर्गत गांवों का सर्वेक्षण कार्य, गोबरधन योजना, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर भी चर्चा हुई व आवश्यक निदेश दिये गये। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, पीएचईडी कार्यपालक अभियंता सुशील टुडू, स्वच्छता भारत मिशन के जिला समन्वयक परवेज आलम समेत सभी कनीय अभियंता उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर +2 के छात्राएं हुई सरस्वती यात्रा कार्यक्रम के दौरान बैंकिंग व्यवस्था से अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर + 2 विद्यालय की बहनों की एक 20 सदस्यों की टोली को बुधवार को बैंकिंग व्यवस्था से अवगत कराया गया। बालिका विकास विभाग की प्रमुख ऋद्धि मिश्रा की अगुवाई में छात्राओं ने इंडियन ओवरसीज बैंक कि लोहरदगा शाखा का भ्रमण किया। बालिका शिक्षा विभाग के कार्यक्रम सरस्वती यात्रा के अंतर्गत छात्राओं को बैंक ले जाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शाखा प्रबंधक मिथुन साहू द्वारा किया गया। 20 की संख्या में छात्राओं की इस टोली को इंडियन ओवरसीज बैंक की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया। छात्राओं को खाता खुलवाने, लोन लेने, बैंक संबंधी समस्या का निवारण, लॉकर, बैंक में लगे काउंटर, पैसा जमा करने, पासबुक प्रिंट कराने, ऑनलाइन पैसा जमा करने, ऑनलाइन पैसा पेमेंट करने आदि से परिचित कराया गया। छात्राओं में पूनम कुमारी, पूर्णिमा भगत, पूनम भगत, पूर्णिमा उरांव, नीलिमा लकड़ा, सोनी कुमारी, रीना कुमारी, मधु श्वेता कुजुर, वर्षा टोप्पो, संजीवनी साहू, प्रिया कुजूर, रोशनी उरांव, प्रफुल्लित केरकेट्टा, अल्फा कुजूर, नेहा कुमारी, होलीका उरांव, प्रीति कुमारी, प्रियंका तिग्गा, सोनी केरकेट्टा आदि बहने शामिल थी।

## आजसू ने अमर शहीद शेख भिखारी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला अंतर्गत मनहो चौक में अमर शहीद शेख भिखारी का सहादत दिवस सह मेला का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर आजसू पार्टी की महिला नेत्री सह लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी एवं झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी निरू शांति भगत, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिद अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता साहू, जिला उपाध्यक्ष साजिद कलाल, लोहरदगा नगर अध्यक्ष अशोक साहू, लोहरदगा प्रखंड महिला अध्यक्ष मालती उरांव, मुरारी कुमार, शमीम अंसारी, रहमान अंसारी आदि ने उपस्थित होकर अमर शहीद शेख भिखारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उल्लेखनीय है कि आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष स्वर्गीय आलमीन अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा जिला अंसारी महापंचायत के सहयोग से अमर शहीद शेख भिखारी की प्रतिमा मनहो चौक में लगाया गया था जिसे स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने अपने विधायकी काल में सौंदर्यीकरण कराया।

## आमजनों की सेवा के लिए कांग्रेस पार्टी सदैव तत्पर है : विशाल डुंगडुंग



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के द्वारा राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। श्री डुंगडुंग ने कहा कि शीतलहर एवं कनकनी बढ़ने से ग्रामीण परिवेश में रह रहे गरीब,मजदूर,बुजुर्गो को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के पहल पर कंबल का वितरण विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है जिससे आम लोग एवं ग्रामीण ठंड से निजात पा सके और गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकें। मौके पर होसियाना तिर्की, अनुराग बखला, पैकस कुजूर, कोमा उरांव, बोनिफस लकड़ा, पंडो उरांव, विश्वासी तिग्गा, नॉवेल तिग्गा, एडवर्ड तिग्गा, चोंहती तिग्गा, लाखो उरांव, ठकुराइन उरांव।

## एसएचजी लिंकेज सेमिनार कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को दी गई आयवृद्धि की जानकारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के खरवागाढ़ा और बराईबेड़ा गांव में लीड्स संस्था के तत्वाधान में एसएचजी लिंकेज सेमिनार कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को आयवृद्धि से जुड़ाव करने की और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को समूह के दस सूत्रों को बताकर नियमित बचत करने को कहा गया, केसीसी और कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी ऋण का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। गांव के वैसे महिला जो समूह में अभी तक नही जुड़ी हैं उनका पहचान कर जल्द उन सभी का नया समूह बनाने का निर्णय हुआ। इस दौरान ग्रामीणों को मनरेगा कानून 2005 के तहत प्रखंड में चल रहे योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को काम मांगने का आवेदन लिखने की प्रक्रिया बताया गया। साथ में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत वंचित परिवारों का नया राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया और सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के तहत वृद्धा, विधवा, दिव्यांग और स्वामी विवेकानन्द निशक्त पेंशन योजना की जानकारी दी गई। गांव के गरीब और एकल महिलाओं को जेएसएलपीएस से जुड़ाव करने और कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देकर अपनी आजीविका को वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में शामिल लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ने के लिए कहा गया। वहीं श्रम विभाग में निबंधन करने और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित होने की प्रक्रिया को बताया गया। मौके पर जोसेफ लुगुन, कलिंद्रा प्रधान, वार्ड सदस्य रोशनी जोजो, आंगनबाड़ी सेविका कुंवारी जोजो, नामलेन जोजो, चिंतामुनी देवी, पूनम देवी सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में स्वयं सहायता समूह के लिए वित्तीय साक्षरता का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केशलपुर पंचायत भवन प्रखंड पाकरटांर में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में स्वयं सहायता समूह के लिए वित्तीय साक्षरता का एक दिवसीय प्रशिक्षण पंचायत सचिवालय के सभागार में आहूत की गई ।प्रशिक्षण के दौरान आरबीआई से आए प्रतिनिधियों में अरविंद शिंदे एवं हिमांशु के द्वारा स्वयं सहायता समूह के बचत बैंक खाता, व्यक्तिगत खाता, केवाईसी, मार्जिन और सुरक्षा मानदंड, स्वैच्छिक बचत आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त अपने खाते को मोबाइल से लिंक कराना अपने खाते का बैलेंस स्वयं के स्तर से जानना, सरकारी बीमा योजना, फसल बीमा योजना क्रेडिट लिंकेज, ऋण तथा बैंक के द्वारा दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए स्वयं सहायता समूह की दीदियों के हक एवं अधिकारों की भी चर्चा की गई। यदि किसी भी प्रकार का आवेदन पर बैंक के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किए जाने के बाद संबंधित का शिकायत लोकपाल के जरिए रांची स्थित कार्यालय में करने की पूरी प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार चौधरी के द्वारा विस्तार पूर्वक स्वयं सहायता समूह की दीदियों के लिए विशेष प्रदत ऋण सुविधा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही बीमा योजना के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सभागार में उपस्थित लगभग 100 की संख्या में समूह की दीदियों के द्वारा यह जानकारी दी गई कि सभी का व्यक्तिगत खाता खुला हुआ है साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से भी लगभग सभी अच्छादित हैं इस पर उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा अटल पेंशन योजना के बारे में भी जानकारी दी गई तथा उसके लाभ के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में बैंक ऑफ इंडिया शाखा पाकरटांर के शाखा प्रबंधक मतियस लकड़ा, जेएसएलपीएस के बीपीएम अरुण महतो एवं बीपीओ मुकेश कुमार पांडे, सामुदायिक कोऑर्डिनेटर निरोध सैमुअल मड़की, केसलपुर पंचायत के मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू सहित स्वयं सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहे।

## पीएचइडी में हुए भ्रष्टाचार की मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत : मोजम्मिल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसवीएस क्लस्टर की लगभग 14 करोड़ की योजना में एजेंसी चयन को लेकर हुई गड़बड़ को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में निर्माणकारी एजेंसी के साथ-साथ संबंधित विभाग के खिलाफ जांच को लेकर जेएमएम लोहरदगा उपायुक्त और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शिकायत करेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद और 20 सूत्री सदस्य अनिल उरांव का कहना है कि संवेदकों द्वारा काम लेने को लेकर जो कागजात समर्पित किए गए हैं, उसमें गड़बड़ी की शिकायत मिली है। इसके अलावा इस योजना में शामिल संवेदकों ने पहले भी पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल परिसर में क्रियान्वित योजना में गलत कागजात समर्पित कर काम ले लिया था। इनके द्वारा जलापूर्ति से संबंधित विभिन्न योजनाओं में गड़बड़ी की गई है। प्राक्कलन के अनुसार कहीं भी काम नहीं किया गया है। बोरिंग में भी गड़बड़ी हुई है। पाइप लाइन बिछाने के काम में भी भारी अनियमितता बरती गई है। विभागीय मिलीभगत के माध्यम से संवेदक लगातार योजनाओं में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इन संवेदक द्वारा लोहरदगा जिले में क्रियान्वित पिछले पांच साल की सभी योजनाओं और उससे संबंधित संचिकाओं की जांच को लेकर जेएमएम उपायुक्त और मुख्यमंत्री से मांग करेगा। जेएमएम जिलाध्यक्ष ने कहा है कि यह मामला बेहद गंभीर है। किसी भी स्थिति में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले शकील सैफी



**नई दिल्ली :** वर्ल्ड पीस हार्मोनी के चेयरमैन शकील सैफी ने भाजपा नेता और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर मंत्री श्री गड़करी से बातचीत की।

### झारखंड में कोरोना का एक भी मरीज नहीं

**रांची :** झारखंड में कोरोना का एक भी एक्टिव केस नहीं है। रांची और धनबाद में कोरोना के एक-एक केस एक्टिव थे। दोनों ठीक हो गये हैं। स्वास्थ्य विभाग से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड पूरी तरह से कोरोना से मुक्त हो गया है। राज्य में कुल कोरोना मरीजों की संख्या चार लाख 42 हजार 574 थी। कोरोना से चार लाख 37 हजार 243 मरीज ठीक हुए हैं जबकि 5331 मरीजों की मौत कोरोना से हुई है। झारखंड में कोरोना का रिकवरी रेट 98.80 प्रतिशत है। राज्य में कोरोना का मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। अब तक कोरोना के कुल दो करोड़ 30 लाख छह हजार 642 सैंपल की जांच की गयी है।

### आरकेडीएफ विवि के छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**रांची :** राम-कृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन (आरकेडीएफ) विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग के प्रतिभाशाली छात्र आकाश सतपथी का प्लेसमेंट (चयन) अमेरिका के वर्जीनिया स्थित रिचमंड मैरियट डाउनटाउन होटल द्वारा किया गया है। उन्हें 24 लाख के पैकेज का जॉब ऑफर प्राप्त हुआ है। आकाश आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग में फाइनल सेमेस्टर के छात्र हैं। इसके अतिरिक्त बी. गायत्री, आयुष तिवारी और अजय ठाकुर को विश्व के ख्यातिप्राप्त रिसॉर्ट्स में शुमार जयपुर स्थित ओबेरॉय राजविलास में जॉब ऑफर मिला है। दूसरी ओर नई दिल्ली के ताज कनॉट पैलेस ने आजम अहमद को, सुप्रसिद्ध रिटेल चैन जस्ट डॉग्स ने राहुल कुमार को जॉब ऑफर दिल्ली में दिया है। वेस्टिन बॉय मैरियट इंटरनेशनल, हैदराबाद के लिए रोबिन महतो, जिम्मी किस्पोट्टा, दीपक कुमार राम, सोनू कुमार एवं अमीर राजा का चयन किया गया है। वहीं, प्रिया तिवारी का प्लेसमेंट जोधपुर के नोवोटेल कंपनी में हुआ है। आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभागाध्यक्ष व उप कुलसचिव (स्थापना) पंकज चटर्जी ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। संस्थान के कुलसचिव डॉ. अमित कुमार पांडे ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।संस्थान के कुलपति डॉ. एस चटर्जी ने छात्रों का अभिनंदन किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ईडी कोर्ट में हुई हाजिर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल बुधवार को ईडी कोर्ट में हाजिर हुई जबकि जेल में बंद सीए सुमन कुमार और बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा की भी पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुई।

ईडी कोर्ट ने पूजा सिंघल की अगली उपस्थिति की तिथि दो फरवरी तक बढ़ा दी है। साथ ही सुमन और राम विनोद की न्यायिक हिरासत अवधि को दो फरवरी तक के लिए बढ़ा दी गई है।



उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर निकली है।

सुमन कुमार और राम विनोद सिन्हा अभी जेल में हैं। इनकी जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। ईडी ने छह मई, 2022 को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी ने 19.31 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। 11 मई को ईडी ने पूछताछ के बाद पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था।

## एनआईए ने दाऊद इब्राहिम के व्यापारिक मार्गों का पता लगाया

एजेंसी



**मुंबई :** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दाऊद इब्राहिम के व्यापारिक मार्गों का पता लगा लिया है। साथ ही एनआईए की जांच में यह भी पता चला है कि पाकिस्तान स्थित कराची एयरपोर्ट पूरी तरह दाऊद के कब्जे में है। यह जानकारी एनआईए ने मुंबई के विशेष कोर्ट में पेश चार्जशीट के माध्यम से दी है। एनआईए के अनुसार गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के गिरोह के सदस्य सलीम कुरैशी के परिवार ने छोटा शकील के कार्यों में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से 2013 के बाद से तीन बार अवैध रूप से पाकिस्तान में प्रवेश किया था। मुंबई में रहने वाली कुरैशी की पत्नी सजिया मोहम्मद सलीम कुरैशी का टेरर फंडिंग मामले में एनआईए ने बयान दर्ज किया था। इसी बयान में साजिया कुरैशी ने कहा कि उन्हें पाकिस्तान के कराची एयरपोर्ट में उनके आगमन या प्रस्थान की मुहर के बिना अंदर जाने और बाहर निकलने की इजाजत थी। डी-कंपनी के सिंडिकेट और टेरर फंडिंग की जांच कर रही एनआईए को पूछताछ में पता चला है कि कराची एयरपोर्ट डी-कंपनी के कंट्रोल में है।

## भ्रष्ट सरकार को बदलना चाहते हैं तो टीएमसी को जीताएं : ममता बनर्जी



एजेंसी

**तुरा (मेघालय) :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को उत्तर गारो पहाड़ जिला के मेंदीपाथर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान ममता ने प्रदेश एवं केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला। ममता बनर्जी ने कहा कि यदि मेघालय के लोग वर्तमान भ्रष्ट और विफल सरकार को बदलना चाहते हैं, तो उन्हें टीएमसी को राज्य में एकमात्र विश्वसनीय पार्टी के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेघालय में टीएमसी सरकार के गठन में अग्रणी भूमिका निभाएं। अगर आप अच्छी सरकार चाहते हैं, तो नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को सत्ता से बाहर करें। जनसभा में ममता बनर्जी के साथ पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी, पार्टी के अन्य नेता साथ थे। ममता ने कांग्रेस पर भी हमला बोला और कहा कि जब वह सदियों पुरानी कांग्रेस पार्टी का हिस्सा थीं, तब उन्होंने वाम दलों से लड़ाई लड़ी थी। कांग्रेस ने उस समय उन्हें कोई सुरक्षा नहीं दी। ममता ने कहा कि आप सोच भी नहीं सकते कि मैंने जिस राजनीतिक स्थिति का सामना किया, उससे मुझे कितना प्रताड़ित किया गया। मुझे अपने सिर और हाथों सहित पूरे शरीर की सर्जरी करानी पड़ी। फिर भी मैं कांग्रेस के गंदे नेताओं के सामने कभी नहीं झुकी। ममता ने कहा कि राजनीति उनका पेशा नहीं है। केवल प्यार और जुनून। राजनेता केवल राजनीतिक मंचों के माध्यम से लोगों की सेवा करते हैं। अपने नेतृत्व में टीएमसी शासित पश्चिम बंगाल सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि उनके राज्य में हर किसान को हर साल 10 हजार रुपये दिए जाते हैं।

## मंदिर आपसी भाईचारा का केंद्र होना चाहिए : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** चैनपुर प्रखण्ड के सलतुआ गावँ तहले नदी किनारे शिव मंदिर पुनर्निर्माण के भूमि पूजन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि अविनाश देव शामिल हुए। शिवलिंग पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुनर्निर्माण स्थल पर नारियल फोड़ कर उन्होंने शिलान्यास किया। पुनर्निर्माण कमिटि के अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ फूलमाला देकर स्वागत किया। धर्म सभा मे उपस्थित धर्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि मंदिर आपसी प्रेम भाईचारा का केंद्र होना चाहिए। जहाँ से धार्मिक एकता व अखंडता बना रहे। उन्होंने कहा कि धार्मिक केंद्रों की अखंडता बनी रहनी चाहिए। मंदिर आस्था का प्रतीक है। इसलिए सभी धर्म प्रेमी सज्जनों को चाहिए कि मंदिर को पूरी तरह से सुव्यवस्थित होकर रखें। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया, जिला परिषद प्रमोद सिंह, प्रमुख,मुखिया व पंचायत समिति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मंच का संचालन समाज सेवी छोटेलाल गुप्ता ने किया। मंदिर जल्द निर्माण हो, इसी उम्मीद के साथ सबों को बहुत बहुत शुभकामनाएं उन्होंने दी।

## खनन माफियाओं ने साहिबगंज में पत्थर तस्करी का निकाला नया तरीका : बाबूलाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि साहिबगंज में खनन माफियाओं ने चोरी के पत्थरों को गंगा पार कराने का धंधा फिर से शुरू कर दिया है। इस बार माफियाओं ने यह धंधा नये तरीके से शुरू किया है। उन्होंने कहा है कि एक दिन के चालान पर उसी गाड़ी से तीन खेप पत्थर गंगा में पार कराये जा रहे हैं। पहली खेप तय सरकारी भाड़ा से भेजा जाता है जबकि दूसरे और तीसरे खेप में चोरी के पत्थर ट्रकों में लादकर मालवाहक जहाज से भेजे जाते हैं। इसके लिए रेट भी फिक्स है। दस चक्का ट्रक के लिए पांच हजार, 12 चक्का ट्रक के लिए छह हजार और 14 चक्का ट्रक के लिए सात हजार अवैध रकम निर्धारित है। मरांडी ने कहा कि अवैध पत्थरों को दूसरे और तीसरे खेप में गंगा पार कराने के लिए, वसूले गये अतिरिक्त पैसों को गंगा के बीच में ही दूसरे नाव से हटा दिया जाता है, ताकि गंगा किनारे कोई एजेंसी चेकिंग के दौरान अवैध वसूली वाले रकम को पकड़ न सके। बाबूलाल ने कहा कि साहिबगंज खनन घोटाले में ईडी की गिरफ्त में आये माफियाओं के केस-मुकदमों में खर्च का पैसा जुटाने के लिए यह गोरखधंधा किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि एक और घोटाला एजेंसियों की पकड़ में आये, उससे पहले रांची से सचिव स्तर के अधिकारी की टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाए।

### भाजपा ने मुख्यमंत्री के बयान पर बहस करने की दी खुली चुनौती

**रांची :** कोडरमा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण में महंगाई के मुद्दे पर दिए गए बयान के बाद राज्य में सियासत शुरू हो गई है। भाजपा ने मुख्यमंत्री के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बहस करने की चुनौती दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि कल तक भाजपा को महंगाई डायन लग रही थी और आज उसे भौजाई लग रही है। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद झारखंड की राजनीति में नया मुद्दा उठ खड़ा हुआ है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आंकड़े लेकर बैठें यूपीए के 10 वर्षों के कार्यकाल का और हमारा आठ वर्षों के कार्यकाल का। मुद्रास्फीति की दर उस समय क्या थी और अभी का क्या है। उन्होंने कहा कि खाद्य सूचकांक की क्या स्थिति रही। इन तमाम चीजों पर भारतीय जनता पार्टी का एक साधारण कार्यकर्ता भी डिबेट करने के लिए तैयार है। परिस्थितिजन्य कुछ चीजों के दाम जरूर बढे मगर सरकार ने तत्काल हस्तक्षेप कर इस पर लगाम लगाने की कोशिश की। प्रदीप सिन्हा ने गेहूं और प्याज के मूल्यों में हुए वृद्धि की चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने इसके एक्सपोर्ट पर पाबंदी लगाकर मूल्य नियंत्रित करने का सराहनीय कदम उठाया। ऐसे में आरोप लगाना सहज है मगर यह हकीकत से कोई वास्ता नहीं रखता है।

### दवाओं उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. मांडविया

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार घरेलू और वैश्विक बाजारों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बुधवार को दावोस में विश्व आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य एक किफायती और सुलभ जीवन विज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के साथ ज्ञान के आदान-प्रदान के अवसरों का विस्तार करना और अनुसंधान एवं विकास में नवाचार को प्रोत्साहित करना है।विश्व आर्थिक मंच से डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को स्वदेशी रूप से विकसित करने के लिए फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर समन्वित प्रयास कर रहा है।

## झारखंड के 60 हजार से अधिक पारा शिक्षकों की आकलन परीक्षा अप्रैल में

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** झारखंड के 60 हजार से अधिक पारा शिक्षकों की आकलन परीक्षा अप्रैल महीने में होगी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल इसके लिए तैयारी कर रहा है। 15 जनवरी तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आकलन परीक्षा के आवेदन के लिए एप्लीकेशन डालने की तिथि 10 फरवरी तय की है। पारा शिक्षक जो अब सहायक शिक्षक कहते जाते हैं, उनके वेतन में इस साल चार फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है। तय नियमावली के मुताबिक मानदेय में वृद्धि हर वर्ष एक जनवरी से होगी। इसकी शुरुआत एक जनवरी से हो गयी है। वैसे पारा शिक्षक जिनके प्रमाण पत्र का सत्यापन हो गया है, उनके संतोषप्रद सेवा की संपुष्टि प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार से कराया जा रहा है। राज्य में वर्तमान में 61421 पारा शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें 12772 शिक्षक झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल हैं जबकि 47191 शिक्षक प्रशिक्षित हैं। वहीं, राज्य में 1458 अप्रशिक्षित हैं। अप्रैल महीने से चल रही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में अब तक 300 के करीब पारा शिक्षक ऐसे हैं, जो फर्जी पाए गए हैं। कई तो एफआइआर होने के डर से प्रक्रिया में शामिल नहीं हुए हैं। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार सही सर्टिफिकेट नहीं होने की वजह से शिक्षकों ने नौकरी छोड़ दी है। जिला से भेजी गयी रिपोर्ट के मुताबिक 89 पारा शिक्षकों का पता सही नहीं पाया गया। 13 पारा शिक्षकों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। पारा शिक्षकों की आकलन परीक्षा दो लेबल की होगी। पहला लेबल क्लास एक से पांच का होगा। वहीं, दूसरा लेबल क्लास छह से आठ का होगा। पहले लेबल की परीक्षा में छह पेपर होंगे। चार पेपर कंपलसरी होगा जबकि पेपर पांच और छह भाषा का होगा। यह वैकल्पिक पेपर होगा। परीक्षा कुल 200 अंक की होगी। दूसरे लेबल की परीक्षा की बात करें तो यह क्लास छह से आठ के लिए लिया जाएगा। इसमें पांच पेपर होंगे। इसमें पेपर एक से चार कंपलसरी पेपर होगा। पांचवां पेपर ऑप्शनल होगा। परीक्षा 250 अंक की होगी।

## एकता व सौहार्द का संदेश देने के लिए शुरू की भारत जोड़ो यात्रा: राहुल गांधी



एजेंसी

**शिमला :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने बुधवार सुबह हिमाचल में प्रवेश किया। कांगड़ा जिले के इंदौरा में प्रवेश करने के बाद ये यात्रा आज करीब 24 किलोमीटर का पैदल सफर तय करेगी। राहुल गांधी के स्वागत के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के अलावा अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा आरम्भ करने का उद्देश्य देश में एकता और सौहार्द का संदेश देना है। लगभग चार माह पूर्व कन्याकुमारी से शुरू की गई यह यात्रा नफरत वाली विचारधारा के विरुद्ध है। इसके साथ-साथ यात्रा के माध्यम से सरकार को बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी के प्रति आगाह भी किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपनी सारी नीतियां कुछ उद्योगपति मित्रों को खुश करने के लिए बना रही है। चाहे नोटबंदी हो या फिर जीएसटी, केंद्र सरकार के फैसले मजदूर, गरीब एवं आम आदमी के हित में नहीं हैं। सरकार हर मंच पर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। विपक्ष के नेताओं को संसद में बोलने का अवसर नहीं दिया जाता। राहुल गांधी ने कहा कि पहले भारत जोड़ो यात्रा हिमाचल प्रदेश में प्रस्तावित नहीं थी, लेकिन हिमाचलवासियों के स्नेह के कारण यात्रा रूट में बदलाव किया गया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को पूरे देश में भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ है तथा उन्हें भी काफी कुछ सीखने को मिला है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने राहुल गांधी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस की भारी जीत भ्रष्टाचार पर सच्चाई की जीत है। इसका श्रेय राहुल और प्रियंका गांधी के समर्पण एवं दृढ़ प्रयासों को जाता है।

### अगले हफ्ते हो सकता है पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

**नई दिल्ली :** पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फ पड़ने से दिल्ली-एनसीआर से लेकर उत्तर प्रदेश-बिहार तक सर्दी का कहर जारी है। बुधवार को दिल्ली के सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, मौसम विभाग ने बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक दिल्ली सहित उत्तर पश्चिमी भारत में अगले सप्ताह हल्की से मध्यम बारिश और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ ओलावृष्टि होने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 21 जनवरी से 25 जनवरी तक उत्तर पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक लोगों को जल्द ही शीतलहर से राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में बर्फबारी और बारिश हो सकती है।

## ईडी ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज डीसी को भेजा समन, 23 को पूछताछ के लिए बुलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को बुधवार को समन भेजा है। ईडी ने उन्हें 23 जनवरी को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। यह समन एक हजार करोड़ के अवैध खनन के मामले में भेजा गया है। इसके अलावा पंकज मिश्रा और बच्चू यादव पर ईडी ने नया केस (ईसीआईआर) दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी उनसे पूछताछ करेगा कि डीसी के रूप में उन्हें जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन की जानकारी थी या नहीं। अवैध पत्थर खनन, परिवहन और रायल्टी चोरी को रोकने के लिए उन्होंने क्या किया। ओवरलोडिंग के कारण गंगा नदी में पिछले वर्ष 24-25 मार्च की रात हुए हादसे को लेकर चौकाने वाले तथ्य सामने आए थे। एक ही हादसे पर साहिबगंज के डीसी और कटिहार के डीएम ने अलग अलग



रिपोर्ट तैयार की थी। साहिबगंज के डीसी ने हादसे से जुड़ी रिपोर्ट में बताया था कि साहिबगंज के समदा घाट से 24 मार्च की दोपहर चिप्स और बोल्डर से लदी ट्रकों को जलयान के जरिए कटिहार के मनिहारी लिए रवाना किया गया था लेकिन रास्ते में जलयान खराब हो गया था। इस कारण रात में हादसा हुआ था। हालांकि, कटिहार के डीएम ने घटना के संबंध में जो रिपोर्ट दी थी उसके अनुसार साहिबगंज के समदा घाट से रात में जलयान निकला था। दोनों के रिपोर्ट में इतना अंतर क्यों आया इसे लेकर भी ईडी साहिबगंज डीसी से सवाल-जवाब करेगी।

ईडी ने पिछले वर्ष 18 नवम्बर को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से साहिबगंज में अवैध पत्थर खनन और परिवहन के बारे में पूछताछ की थी। हेमंत सोरेन जो खनन मंत्री भी हैं, उनसे ईडी ने विशेष रूप से पंकज मिश्रा और दाहू यादव के बारे में पूछा था जो अवैध पत्थर खनन के मुख्य आरोपित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा था कि उन्हें अवैध खनन में पंकज मिश्रा की संलिप्तता के बारे में जानकारी नहीं थी और उन्होंने कभी भी साहिबगंज जिला प्रशासन और पुलिस को अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोका।

सीएम ने उचित कार्रवाई करने के लिए साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव पर जिम्मेदारी तय की और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाई करने से कभी नहीं रोका। मुख्यमंत्री से पूछताछ के बाद ही यह बात सामने आयी थी कि ईडी वहां के अधिकारियों को समन करेगी। सूत्रों ने बताया कि जल्द ही साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा से भी मामले में पूछताछ के लिए, समन जारी किया जा सकता है।

साहिबगंज डीसी के रूप में रामनिवास यादव की पोस्टिंग 2020 में हुई थी। इसके बाद वहां भारी पैमाने पर अवैध खनन हुआ है। ईडी ने भी खुलासा किया है कि बीते दो ढाई सालों में साहिबगंज में अवैध खनन के जरिए 100 करोड़ की अवैध कमाई की गई।